

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- घुसपैठ चुनावी मुद्दा नहीं यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय -07




आईटी मंत्री की चेतावनी : प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड -10



पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा, हर जिले में 2 पंपों पर रहेगी सुविधा -10



लोगों को बात करने दें, मैं अपना हुनर साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं : रहाणे -12


आज का मौसम
33.0⁰ अधिकतम तापमान
20.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.05
सूर्यास्त 06.29

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 06:56 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 31 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 52, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


# आंगनबाड़ी में होंगी 65 हजार भर्तियां स्मार्ट सैलरी से बढ़ेगा मानदेय: योगी

## मुख्यमंत्री ने किया एलान: 69,804 कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन और 18,440 को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आंगनबाड़ी व्यवस्था में बड़े बदलाव करते हुए पांच हजार कार्यकत्रियों और 60 हजार सहायिकाओं की भर्ती समेत मानदेय में बढ़ोतरी का एलान किया। उन्होंने 'स्मार्ट सैलरी' व्यवस्था लागू करने की बात कहते हुए विभाग को जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और 'न पर्ची-न खर्ची' के आधार पर चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी लोकभवन में सोमवार को 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और 18,440 कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने 450 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न बाल विकास एवं महिला कल्याण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाया जा रहा है, तो वहां कार्य करने वाली महिलाओं का मानदेय भी उसी अनुरूप होना चाहिए। न्यूनतम मानदेय की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उन्हें सम्मानजनक पारिश्रमिक मिल सके। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्मार्टफोन वितरण से रियल टाइम डेटा अपलोड होगा और योजनाओं की निगरानी बेहतर होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन से पांच वर्ष के बच्चों की प्री-प्राइमरी शिक्षा भी अब इन्हीं केंद्रों पर संचालित होगी।



लखनऊ :लोक भवन सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

- 450 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, योगी बोले- भर्ती प्रक्रिया में न पर्ची-न खर्ची

### चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों को चाहिए गुंडों की फौज

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए कहा कि जो लोग चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वे गरीब की पीड़ा नहीं समझ सकते। उन्हें समाज को बांटने के लिए पर्व-त्योहारों से पहले दंगा करवाने वाली गुंडों की फौज चाहिए। महिलाओं व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले चाहिए। उनसे काम की उम्मीद करना अपने आप में दिवास्वप्न जैसा है।

### मुख्यमंत्री बोले-पहले पोषाहार पर शराब माफिया का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में पोषाहार वितरण पर शराब माफिया का कब्जा था और वही पूरे सिस्टम को नियंत्रित करता था। राशन की गुणवत्ता खराब होती थी, जिससे कुपोषण बढ़ता था। अब इस तंत्र को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है और योजनाओं में बिचौलियों या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है।

### पहले माफिया संचालित करता था आउटसोर्सिंग

योगी ने कहा कि पहले आउटसोर्सिंग कंपनियां माफिया या नेताओं से जुड़ी होती थीं। वे सरकार से 10-12 हजार रुपये लेकर कर्मचारियों को पांच-छह हजार ही देती थीं और नियुक्ति में भी कमीशन लेती थीं। अब सरकार कॉर्पोरेशन के माध्यम से शोषण-मुक्त व्यवस्था लागू कर सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित करेगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री 'यशोदा मैया'

मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 'यशोदा मैया' बताते हुए कहा कि वे कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा रही हैं। पिछले वर्षों में 1.70 करोड़ से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है और बड़ी संख्या में बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया गया है। प्रदेश में बौनापन की दर भी 48 प्रतिशत से घटकर 37 प्रतिशत तक आ गई है।

# राहत सामग्री लेने को दिल्ली आने वाले ईरानी विमान को अमेरिका ने उड़ाया

नई दिल्ली/वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी

### ट्रंप बोले-होर्मुज खोलो या तबाही झेलो

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा-समझौता नहीं हुआ तो ऊर्जा संयंत्र, तेल के कुएं, खार्ग द्वीप को करेंगे नेस्तनाबूद
- ईरान ने नौसेना प्रमुख तंगसिरी की मौत की पुष्टि की, राजधानी तेहरान समेत 5 शहरों में धमाके
- तेहरान के मिसाइल हमले में इजराइली तेल रिफाइनरी के निकट आग जलती दिखी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को नए सिरे से धमकी देते हुए कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों, तेल के कुओं और खार्ग द्वीप को नेस्तनाबूद कर देगा। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि बहुत प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी कारण से जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है, जिसकी आशंका बहुत अधिक है, और अगर होर्मुज तुरंत व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम ईरान में अपनी कार्रवाई को तेज करेंगे।

वहीं, ईरान ने दावा किया कि सोमवार को उसके मशहद हवाई अड्डे पर अमेरिकी ने हवाई हमलाकर 'महान एयर' का उड़ा दिया है। इससे मानवीय सहायता सामग्री जुटाने के लिए भारत जा रहे मिशन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। विमान के एक अप्रैल को नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद थी। भारत ने 18 मार्च को रेड क्रिसेंट सोसाइटी के माध्यम से ईरान को चिकित्सा सामग्री की पहली खेप भेजी थी। नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास ने इस सहायता के लिए भारत के लोगों का आभार व्यक्त किया था।

ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की सोमवार को पुष्टि की। ईरान के मिसाइल हमले में उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में एक तेल रिफाइनरी पर सोमवार को आग लग गई। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं और यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल ने ईरान के साउथ पार्स प्राकृतिक गैस क्षेत्र व पेट्रोकेमिकल स्थलों पर हमले किए हैं।

### ईरान पर होने वाला है परमाणु हमला, संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाकर दिया इस्तीफा

संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक राजनयिक मोहम्मद सफा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ईरान में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका जताई है। उन्होंने दावा किया कि यूएन के कुछ अधिकारी ताकतवर लॉबी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा-लोग इस मामले की गंभीरता को नहीं समझ रहे हैं। इस जानकारी को लीक करने के लिए मैंने अपना कूटनीतिक करियर छोड़ दिया। मैंने अपने कर्तव्यों को निलंबित कर दिया ताकि मैं मानवता के खिलाफ इस अपराध का हिस्सा न बनूं।

### कुवैत में ईरानी हमलों में एक और भारतीय की मौत

**दुबई।** रविवार को कुवैत में एक बिजली और जल अलवणीकरण संयंत्र पर ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही इस युद्ध में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या आठ हो गई है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि की है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह कुवैत में एक जल अलवणीकरण संयंत्र पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नीतीश व नितिन नबीन का विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी और जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय कुमार ने कुमार का इस्तीफा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बांकीपुर सीट से उनका इस्तीफा भाजपा की बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को सौंपा।

### देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, किसान चिंतित न हों : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। नड्डा ने उर्वरक कंपनियों और हरित अमोनिया बनाने वालों के बीच हरित अमोनिया की आपूर्ति से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर कहा, यह ही नहीं, भारत ने कई संकट देखे हैं।

# जीवनसाथी चुनना अपराध नहीं, संवैधानिक अधिकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार**: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वेच्छा से प्रेम विवाह करने वाले एक युवा दंपति को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देते हुए पुलिस को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया है। दंपति ने विवाह के बाद महिला के परिजनों से जान का खतरा और उत्पीड़न की आशंका जताते हुए कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट स्पष्ट किया कि किसी बालिग व्यक्ति द्वारा जीवनसाथी के चयन को परिजन 'सम्मान का मुद्दा' नहीं बना सकते। उसे अपनी पसंद से विवाह करने का संवैधानिक अधिकार है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने प्राची अग्रवाल और अन्य की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

कोर्ट ने रिकॉर्ड पर उपलब्ध हाईस्कूल प्रमाणपत्र के आधार पर पाया कि महिला लगभग 21 वर्ष की बालिग है और उसने अपनी इच्छा से 9 फरवरी 2026 को गाजियाबाद स्थित आर्य समाज वैदिक विवाह संस्कार ट्रस्ट में विवाह किया था। विवाह के समर्थन में ट्रस्ट द्वारा जारी प्रमाणपत्र तथा उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम, 2017 के तहत पंजीकरण प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किए गए। याचियों का आरोप था कि विवाह से असंतुष्ट महिला के परिजनों ने अलीगढ़ के टप्पल थाने में उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई, जो विवाह के अधिकार का प्रयोग करने पर उन्हें परेशान करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने ऑनर किलिंग सहित गंभीर खतरे की आशंका भी जताई। प्रथम दृष्टया तथ्यों पर संतुष्ट व्यक्त करते हुए कोर्ट ने कहा कि राज्य का दायित्व है कि वह व्यक्तियों के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करे, भले ही खतरा उनके अपने परिवार से क्यों न हो। कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप का आधार पाते हुए राज्य सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय दिया और अंतरिम राहत पर नोटिस जारी किया। अलीगढ़ के एसएसपी को दंपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया गया कि आदेश की सूचना 24 घंटे के भीतर संबंधित पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाई जाए।

### हाईकोर्ट की टिप्पणी



- स्वेच्छा से प्रेम विवाह करने वालों को सुरक्षा देना राज्य का दायित्व, एसएसपी अलीगढ़ को युवा दंपती की सुरक्षा का दिया निर्देश

# आईबीसी संशोधन विधेयक पारित, सुधरेगी बैंकों की हालत

- वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- एनपीए की वसूली में मदद मिली

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के कारण देश की बैंकिंग प्रणाली में काफी सुधार हुआ है तथा वाणिज्यिक बैंकों की एनपीए की वसूली में भी मदद मिली है।

उन्होंने सदन में 'दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक के माध्यम से आईबीसी में 12 संशोधन प्रस्तावित हैं। विधेयक पर चर्चा में 40 सदस्यों ने भाग लिया। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से इस विधेयक को मंजूरी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि संसद की प्रवर समिति ने विधेयक में कुल 17 बड़ी अनुशंसाएं कीं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया। सरकार ने एक और सिफारिश को इसमें जोड़ा है कि कर्जदाताओं की समिति को आवेदकों को चयन करने के कारणों को दर्ज करना होगा, इससे पारदर्शिता आएगी। आईबीसी संहिता से भारतीय बैंकिंग प्रणाली में सुधार हुआ है।



### ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री ने कहा कि ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते और ना ही उसका रिकॉर्ड रख सकते हैं क्योंकि इससे बैंकिंग नियमों का उल्लंघन होगा। सीतारमण लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य किरसन नामदेव के पूरक प्रश्न उत्तर दे रही थीं। उन्होंने कहा, किसी ग्राहक के लॉकर में रखे कीमती सामान पर नजर रखना बैंकिंग नियमों का उल्लंघन है, और बैंक ऐसा नहीं करेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी नुकसान की स्थिति में लॉकर धारकों के लिए उनके सामान की क्षति या लॉकर टूटने जैसे मामलों में मानक कवरेज लॉकर के सालाना किराये का 100 गुना तय है।

## दो गुटों में फायरिंग के दौरान रिटायर्ड ब्रिगेडियर को लगी गोली, मौत



**देहरादून।** यहां के राजपुर में सोमवार सुबह कानून व्यवस्था को चुनौती देती सनसनीखेज और हृदयविदारक घटना में सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की गोली लगने से मौत हो गई। वे सुबह की सैर पर निकले थे। इस दौरान कार सवार युवकों के दो गुटों में हुई फायरिंग में उन्हें गोली जा लगी। पुलिस ने इस मामले में बार मालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी प्रमोद के अनुसार, सुबह 6:50 बजे जोहड़ी गांव में फायरिंग की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो जांच में सामने आया कि, मसूरी रोड पर मालसी के पास गाड़ी को पास न देने को लेकर दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर कार व उत्तराखंड की स्कॉर्पियो में सवार युवकों के बीच विवाद के बाद फायरिंग हो गई।

# आईजी समेत 27 आईपीएस के तबादले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के कई जिलों में नए कप्तान, लखनऊ कमिश्नरेट के तीन डीसीपी भी स्थानांतरित

**अमृत विचार**: शासन ने सोमवार देर शाम 27 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। चंद्र प्रकाश को प्रशिक्षण निदेशालय से हटाकर सुरक्षा में आईजी बनाया गया है। लखनऊ कमिश्नरेट के पूर्वी जोन के डीसीपी शशांक सिंह को एसपी महोबा, पश्चिम के विश्वजीत श्रीवास्तव को एसपी बहराइच तथा दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल को 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद का सेनानायक बनाया गया है। अमरोहा के एसपी अमित कुमार आनंद को लखनऊ में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी को 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ का सेनानायक, श्याम नारायण सिंह को एसएसपी एटा से एसडीआरएफ लखनऊ का सेनानायक, एसपी महोबा प्रबल प्रताप सिंह को अपराध मुख्यालय डीजीपी कार्यालय, रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, एसपी कौशाम्बी राजेश कुमार द्वितीय को 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ का सेनानायक, एसपी जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार को 6वीं वाहिनी एसएसएफ अयोध्या का सेनानायक, एसपी बहराइच रामनयन सिंह को 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर का सेनानायक बनाया गया है। इसके अलावा एसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित को एसपी शाहजहांपुर, एसपी महाराजगंज सोमेंद्र मीना को एसपी रामपुर, एसपी हमीरपुर डॉ. दीक्षा शर्मा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ नियुक्त किया गया है।

# वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में कोहराम, सेंसेक्स 1,636 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी




- 71,947.55 अंक पर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी 488 अंक टूटकर 22,331.40 पर बंद
- दो कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 18.60 लाख करोड़ रुपये डूबी

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी सत्र में तेज गिरावट आई और सेंसेक्स 1,636 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 488 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल के दाम में तेजी से निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। सेंसेक्स 1,635.67 अंक यानी 2.22% टूटकर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,809.09 अंक तक लुढ़क गया था।

निफ्टी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ। पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी जबर्दस्त गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 18.60 लाख करोड़ रुपये की भारी कमी आई है।

### रुपया 95 प्रति डॉलर के पार जाने के बाद संभला

**मुंबई।** रुपया सोमवार को दिन में कारोबार के दौरान अमेरिका मुद्रा के मुकाबले 95 के स्तर को भी लांघ गया लेकिन कारोबार के अंत में 15 पैसे की मजबूती के साथ 94.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये में 165 पैसे का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर खुला और फिर मजबूत होकर 93.57 प्रति डॉलर स्तर तक पहुंच गया था।

**भरोसा** | जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार बोले- किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा डेटा

# कई राज्यों में कल से जनगणना, गोपनीय रहेगा व्यक्तिगत डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सोमवार को लोगों से जनगणना करने वालों को सही जानकारी देने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इसे किसी साक्ष्य या किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत सभी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहती है।

दिल्ली समेत देश के कुछ राज्यों में अप्रैल में 16वीं जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू होने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में जनगणना 16 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, जनगणना के दौरान एकत्र किया गया सभी व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है। इसे सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता, न ही अदालत में साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकता है और न ही किसी सरकारी या निजी संस्था के साथ साझा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय डेटा का उपयोग केवल संकलन के लिए किया जाएगा। जाति को जनगणना में शामिल करने और लोगों द्वारा सही जानकारी नहीं दिए जाने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर महापंजीयक ने कहा कि जाति से संबंधित डेटा दूसरे चरण में एकत्र किया जाएगा और इसके प्रश्न व्यापक चर्चा के बाद तय किए जाएंगे। नारायण ने बताया कि पहली बार स्व-गणना की व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें लोग जनगणना के पहले चरण (हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना) से पहले 15 दिनों की अवधि में डिजिटल रूप से अपनी जानकारी जमा कर सकते हैं। पहले डेटा कागज पर एकत्र किया जाता था, जिससे डिजिटलीकरण में काफी समय लगता था। अब शुरुआत से ही डिजिटल डेटा मिलेगा।




### लिव-इन में रहने वालों की गणना वैवाहिक दंपती के समान मानकर की जा सकती

**नई दिल्ली।** भारत में जनगणना के सिलसिले में स्व-गणना पोर्टल पर दिए गए में कहा गया है कि अगर लिव-इन संबंध में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपति के समान माना जाए। स्व-गणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा? यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं, तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए। सरकार ने शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं।

न्यूज ब्रीफ

## लेखा परीक्षा विभाग में पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त (लेखा-परीक्षा) विभाग ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग में 4 वरिष्ठ लेखा परीक्षकों को पदोन्नत किया है। इनमें नीरज कुमार सिंह, पुष्पनारायण सिंह, मनोज कुमार अग्रहरि और अरुण कुमार सिंह (दिव्यांग) शामिल हैं। ये सभी अब सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी (लेवल-8) पद पर कार्य करेंगे। तैनाती के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को विशेष सचिव जयशंकर दूबे ने दी। जारी आदेश में कहा गया है कि पदोन्नति विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर दी गई है। यह पहली अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। तैनाती आदेश अलग से जारी होंगे। वेतनमान लेवल-8 (ग्रेड पे 4800) लागू किया गया है।

## एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच औद्योगिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से 31 मार्च 2026 को वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान को औपचारिक आमंत्रण भेजा है। भोपाल से जारी पत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि यह सम्मेलन वाराणसी के रमाडा होटल में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच व्यापार, शिल्प, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, पर्यटन तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

## पदाधिकारियों संग आज बैठक करेंगी मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम उप्र. में भाजपा और सपा के चुनावी शंखनाद के बाद बसपा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को लखनऊ स्थित कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है, बैठक में आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के जरिए संगठन विस्तार के अलावा चुनावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। बैठक में बसपा प्रमुख द्वारा आगामी विधानसभा चुनावी तैयारियों के अलावा संगठन की जमीनी मजबूती, आर्थिक स्थिति और सर्व समाज में पार्टी का जनाधार बढ़ाने पर चर्चा किए जाने की संभावना है।

## रोजगार सृजन व कौशल विकास पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को सेवामित्र योजना के तहत संचालित कॉल सेंटर (टोल फ्री 155330) का निरीक्षण किया और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने की दिशा में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेवामित्र योजना ग्रामीण और शहरी स्तर पर कुशल कामगारों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बन रही है। श्रम मंत्री, सोमवार को सेवायोजन निदेशालय स्थित 'संगम' सभागार में निरीक्षण उपरांत विभागीय योजनाओं की बजटीय समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने रोजगार सृजन और स्किल डेवलपमेंट को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कार्यक्रम में 'स्किल ब्रिज' पहल के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। मंत्री ने कहा कि जापान, जर्मनी और यूरोपीय देशों में कुशल श्रमिकों की मांग को देखते हुए प्रदेश के युवाओं को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 6000 श्रमिक इजराइल में कार्यरत हैं।

## गोबरधन योजना से पंचायतों की बढ़ी आय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गोबरधन योजना के जरिए गांवों में स्वच्छता के साथ आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल विकसित हो रहा है। गोबर और जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन से जहां स्वच्छ वातावरण बन रहा है, वहीं ऊर्जा और जैविक खाद उत्पादन के माध्यम से ग्राम पंचायतों की आय भी बढ़ रही है। फरवरी 2026 तक पंचायतों ने जैविक खाद और अन्य उत्पादों की बिक्री से 28 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित की है। आय के मामले में ललितपुर जिला सबसे आगे है, जहां 3.37 लाख रुपये से अधिक की कमाई हुई है। इसके बाद श्रावस्ती और रामपुर का स्थान है। प्रदेश के 74 जिलों में 116 बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें गोबर, रसोई कचरा और कृषि अवशेषों से स्वच्छ ऊर्जा और जैविक खाद तैयार की जा रही है।

# पीसीएस-2024 : यूपी की परीक्षा प्रणाली बनी राष्ट्रीय भरोसे का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**10** राज्यों के अभ्यर्थियों को मिली परीक्षा में सफलता

- योगी मॉडल से पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन को मजबूती

**अमृत विचार:** उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस-2024 परीक्षा का परिणाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मजबूत संकेत बनकर उभरा है। इस बार चयन सूची में यूपी के साथ 10 अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की सफलता ने साबित किया है कि यूपी की परीक्षा प्रणाली अब राष्ट्रीय स्तर पर भरोसे का प्रतीक बन चुकी है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यूपी मॉडल ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता को नई पहचान दी है। योग्यता आधारित चयन और तकनीकी निगरानी के चलते अब यूपी की परीक्षाएं देशभर के अभ्यर्थियों के लिए विश्वसनीय मंच बन गई हैं। इस बार कुल 932 चयनित अभ्यर्थियों में 864 (92.7%) उत्तर प्रदेश से हैं, जबकि 68 (7.3%) अभ्यर्थी अन्य राज्यों से सफल हुए हैं।

**सभी राज्यों को समान अवसर:** राज्यवार आंकड़ों में मध्य प्रदेश से 20, हरियाणा से 18, बिहार से 12 और दिल्ली से 9 अभ्यर्थियों की सफलता दर्ज हुई है। यह दर्शाता है कि प्रदेश की परीक्षा प्रणाली में सभी को समान अवसर मिल रहा है और बाहरी राज्यों के अभ्यर्थी भी बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

**अभ्युदय योजना का असर, 43 अभ्यर्थी सफल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभ्युदय कोचिंग योजना का प्रभाव भी इस परिणाम में स्पष्ट दिखा। इस योजना से जुड़े 43 अभ्यर्थियों ने पीसीएस-2024 में सफलता हासिल की है। निःशुल्क कोचिंग, मेंटरशिप और बेहतर मार्गदर्शन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। यह परिणाम योगी मॉडल की उस सोच को मजबूत करता है, जिसमें हर प्रतिभा को समान अवसर देने पर जोर है।

### हर जिले से उभर रही प्रतिभाएं

जिला-वार विश्लेषण में 75 में से 74 जिलों के अभ्यर्थियों का चयन होना इस बात का प्रमाण है कि अब प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, आगरा और अयोध्या जैसे जिलों के साथ संभल, कन्नौज, कासगंज, महोबा और फतेहगढ़ जैसे छोटे जनपदों से भी अभ्यर्थियों की सफलता समावेशी विकास को दर्शाती है।

### संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व

वर्गवार चयन में सामान्य वर्ग से 357, ओबीसी से 270, एससी से 186, ईडब्ल्यूएस से 97 और एसटी से 22 अभ्यर्थियों की सफलता संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व को दिखाती है। टॉप 20 में ओबीसी वर्ग के 8 अभ्यर्थियों की मौजूदगी समान अवसर का मजबूत संकेत है। वहीं टॉप-5 में 80% महिला अभ्यर्थियों की सफलता महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संकेत है।

### सफल अभ्यर्थियों को सीएम योगी ने दी बधाई



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 के परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफल अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ संपन्न कराया गया, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवाओं का विश्वास और मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनसेवा को अपने आचरण का आधार बनाएं और 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं।

## अग्निवीर भर्ती रैली आगरा में कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय सेना पहली अप्रैल से मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, आगरा कैंट में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित करेगी। इसमें आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, इटावा, हाथरस, मैनपुरी, कासगंज, एटा समेत 12 जिलों से लगभग 19 हजार चयनित अभ्यर्थी शामिल होंगे। चयनित अभ्यर्थी ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब शारीरिक एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। सेना के साथ जिला प्रशासन ने रैली के सफल संचालन की व्यवस्थाएं की हैं। सेना ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने प्रवेश पत्र के अनुसार, निर्धारित समय पर उपस्थित हों।

# समाजवाद के नाम पर 'परिवारवादी' खा जाते थे गरीबों का हक : मुख्यमंत्री योगी

## 27,99,982 विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को छात्रवृत्ति का वितरण करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

- गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों की जगह जेल, बाप-दादा की कमाई गरीबों में बांटेंगे: योगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवाद के नाम पर परिवारवादियों ने गरीबों का हक खा लिया था, लेकिन अब यह खेल बंद हो चुका है। चेतावनी दी कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को अब मालूम है कि उनकी जगह जेल है। जरूरत पड़ी तो उनकी बाप-दादा की कमाई भी जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कक्षा 9-10 और दशमोत्तर के 27,99,982 विद्यार्थियों के खातों में 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का अंतरण किया। उन्होंने गरीब परिवारों के मुख्य अर्जक की मृत्यु होने पर राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 33,334 आश्रित परिवारों को भी 100 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी सीधे खातों में भेजी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को जमकर आड़े हाथ लिया। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके समय में दिव्यांगों को 300 रुपये पेंशन भी समय पर नहीं मिलती थी, वे आज सवाल उठा रहे हैं। छह महीने में 1800 रुपये जाते थे, लेकिन गरीब को आधे ही मिलते थे, बाकी सपा के गुंडे और बाबू हड़प जाते थे।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 2016-17 में अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति तक नहीं दी गई, क्योंकि खजाना खाली कर दिया गया था और केंद्र की राशि भी डायवर्ट कर दी गई थी। उनकी सरकार को आने के बाद दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ देनी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एक क्लिक पर हजारों करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में योगी सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, असीम अरुण, नरेंद्र कश्यप, दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, यूपी सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### सपा शासन में गुंडे चलाते थे समानांतर सरकार

सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि सपा के शासन में गुंडे समानांतर सरकार चलाते थे, दलितों और वंचितों की कोई सुनवाई नहीं होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि महापुरुषों के स्मारकों के नाम तक बदल दिए गए और समाज को जाति के आधार पर बांटने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आज का प्रदेश पारदर्शिता, विकास और सुशासन का मॉडल बन चुका है।

# हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण अनिवार्य : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर प्रार्थना पत्र का समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी को भी भटकना नहीं पड़ेगा।

जनता दर्शन में मंदिर कब्जा, फसल नुकसान, सड़क और जमीन विवाद समेत कई मामले सामने आए। उन्नाव के बांगरमऊ से आई ममता तिवारी की मंदिर कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। बदायूं के किसान द्वारा फसल नष्ट किए जाने की शिकायत पर उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बलरामपुर के एक फरियादी द्वारा खराब सड़क की समस्या उठाने पर अधिकारियों को मौके पर जाकर निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया।

### जमीन के विवादों में कार्रवाई के निर्देश

जनता दर्शन में जमीन कब्जा, पारिवारिक विवाद और अवैध कॉलोनियों से जुड़े कई मामले भी आए। लखनऊ के एक मामले में आवास आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जबकि सरोजिनी नगर के जमीन विवाद पर एसडीएम को तत्काल निस्तारण का आदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि हर मामले में पीड़ित की संतुष्टि सर्वोपरि है और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जन समस्याओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट कहा है कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है और इसके लिए पारदर्शी व जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों फरियादियों की शिकायतें सुनीं और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में जिम्मेदारी तय की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

## बीज-उर्वरक की कमी पर दी चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश में बीज और उर्वरकों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और उन्नत बीज उपलब्ध हैं, इसलिए किसानों को वितरण में परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वितरण में लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बजट खर्च में लापरवाही पर वेतन से होगी भरपाई : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय योजनाओं में बजट खर्च को लेकर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बजट व्यय में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी और आवश्यकता पड़ने पर उनके वेतन से भरपाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री सोमवार को कृषि भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई समीक्षा बैठक कर रहे थे। वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि कुल 8620.65 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष अब तक 6432.67 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जो 74.62 प्रतिशत है।

# बरेली-मुरादाबाद में 95 करोड़ से मजबूत होगा वैज्ञानिक ढांचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों जिलों में साइंस पार्क स्थापना को वित्तीय स्वीकृति
- पहले चरण में करोड़ों की धनराशि जारी, 18 माह में पूरा होगा निर्माण

**अमृत विचार:** प्रदेश में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मुरादाबाद और बरेली में साइंस पार्क की स्थापना को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। दोनों परियोजनाओं के लिए करीब 95 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मंजूर की गई है और 18 माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार मुरादाबाद में साइंस पार्क के लिए 47.99 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें प्रथम चरण में 705.12 लाख रुपये निर्माण कार्य और 10 करोड़ रुपये मशीनरी व उपकरणों के लिए जारी होंगे। वहीं बरेली में 47.97 करोड़ रुपये की परियोजना के तहत 700 लाख रुपये निर्माण और 10 करोड़ रुपये उपकरणों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

इन साइंस पार्कों में डिजिटल प्लेनेटेरियम, आधुनिक साइंस गैलरी, इंटरैक्टिव प्रदर्शनी और विज्ञान आधारित शिक्षण संसाधन विकसित किए जाएंगे। 'फन विद साइंस', 'एंशिएंट इंडियन साइंस', 'स्पेस साइंस' और 'इवोल्यूशन ऑफ लाइफ' जैसी थीम आधारित गैलरी के माध्यम से छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर रहेगा।

शासन ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट, तकनीकी परीक्षण और पर्यावरणीय मानकों के पालन को अनिवार्य किया है।

## अवैध बूचड़खानों पर रोक से प्राकृतिक खेती को मिला बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में गो तस्करी की घटनाएं आम थीं, लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद अवैध बूचड़खानों पर सख्त कार्रवाई कर इस पर प्रभावी रोक लगाई गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में लगभग 12,58,000 गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि 7,716 स्थानों पर गो संरक्षण का कार्य संचालित है। 'गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन' के तहत करीब 94,000 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पार्टी मुख्यालय पर सिख प्रतिनिधिमंडल से भेंट करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 का विधानसभा चुनाव देश को बचाने का चुनाव है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार और लूट के सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। पूरब से पश्चिम तक हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी और लूट है। बजट का पैसा विकास के बजाय भाजपा नेताओं की जेबों में जा रहा है।

सोमवार को पार्टी मुख्यालय में जिलों से आए कार्यकर्ताओं को सपा प्रमुख सम्बोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है, विधानसभा चुनाव को 2024 के लोकसभा चुनाव से भी बड़े अंतर से जीतना है।

वहीं अखिलेश यादव को गोरखपुर के मंतोष यादव ने चौरीचौरा में बने पीडीए भवन की प्रतिकृति भेंट की। उन्होंने बताया कि पीडीए आवासों का शिलान्यास हो चुका है।

### सिख प्रतिनिधिमंडल से मिले सपा प्रमुख

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सिख समाज के राष्ट्रीय सचिव एवं पंजाब प्रभारी कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर भाजपा राज में हो रहे उत्पीड़न की शिकायत की। प्रतिनिधिमंडल ने हरिद्वार स्थित श्री ज्ञान गोदड़ी गुरूद्वारा और शाहजहांपुर-पीलीभीत में किसानों की जमीनें हड़पने की साजिशों से अवगत कराया।

पहल | यूपीएसआईएफएस को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी

# फॉरेंसिक के छात्रों को 'धुरंधर' बनाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिग्गज संस्थानों से होंगे एमओयू बढ़ेगा प्रैक्टिकल प्रशिक्षण
- जेल, मेडिकल कॉलेज और टेक्निकल संस्थानों से जुड़कर सीखेंगे अपराध की बारीकियां



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी की गई है। इसके तहत यूपीएसआईएफएस चार प्रतिष्ठित संस्थानों महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करने जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य फॉरेंसिक शिक्षा को केवल सैद्धांतिक न रखकर छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपराध जांच के क्षेत्र में दक्ष विशेषज्ञ बन सकें। यूपीएसआईएफएस के निदेशक जीके गोस्वामी के अनुसार मुख्यमंत्री का विशेष जोर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर है। केजीएमयू के साथ होने वाले एमओयू के तहत छात्र फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम तक की पूरी प्रक्रिया को करीब से समझेंगे। इससे उन्हें मौत की परिस्थितियों और वैज्ञानिक विश्लेषण की गहरी जानकारी मिलेगी।

वहीं, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के साथ समझौते के तहत छात्र जेलों में जाकर बंदियों के केस स्टडी करेंगे। इससे वे अपराध के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों को समझ सकेंगे। डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी के अनुसार, यह अनुभव छात्रों को अपराध की जड़ों तक पहुंचने में मदद करेगा।

महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर के साथ सहयोग से छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे और दोनों संस्थान मिलकर अत्याधुनिक तकनीक से लैस फॉरेंसिक लैब स्थापित करेंगे। इससे अनुसंधान और परीक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर के साथ छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम चलाए जाएंगे। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान और तकनीकी अनुभव का आदान-प्रदान होगा। इस पहल की एक खास विशेषता यह भी है कि फैकल्टी मेंबर्स भी एक-दूसरे के संस्थानों में जाकर लेक्चर देंगे, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता बेहतर होगी।

सरकार का मानना है कि डिजिटल क्राइम, साइबर फ्रॉड और जटिल आपराधिक मामलों में वैज्ञानिक जांच ही सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने का सबसे विश्वसनीय माध्यम है। ऐसे में यह पहल न केवल छात्रों को दक्ष बनाएगी, बल्कि प्रदेश में फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत करेगी।

# 38 नए हेलीपैड निर्माण को 29.89 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिला-तहसील स्तर पर स्वीकृत हैं हेलीपैड

**अमृत विचार:** प्रदेश में हवाई संपर्क और वीआईपी मूवमेंट को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने सोमवार को विभिन्न जनपदों में 38 नए हेलीपैड के निर्माण को मंजूरी संबंधी शासनादेश जारी करते हुए इसके लिए कुल 29 करोड़ 89 लाख 43 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 का है। जिला, तहसील और ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर हेलीपैड निर्माण परियोजना के तहत पहले चरण में 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। इन हेलीपैडों का निर्माण प्रदेश के उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, औरैया, सोनभद्र, झांसी, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज समेत कई जिलों में किया जाएगा। इनका उद्देश्य मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों के दौरे के दौरान सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ की सुविधा उपलब्ध कराना है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# पीआरवी टीम पर हमला, मारपीट कर होमगार्ड की वर्दी फाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कल्याणपुर गांव में जमीन पर कब्जे की शिकायत पर गई थी टीम
- होमगार्ड ने तीन नामजद समेत दर्जन भर पर दर्ज कराई रिपोर्ट
- दूसरे पक्ष ने पुलिस पर धमकाने का आरोप लगाकर दी तहरीर

**अमृत विचारः** कल्याणपुर गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत की जांच करने पहुंची इटौंजा थाने की पीआरवी टीम के साथ अभद्रता और मारपीट की गई। हमलावरों ने होमगार्ड की वर्दी भी फाड़ दी। सूचना पर थाने से गई अतिरिक्त पुलिस टीम ने पीआरवी टीम को सुरक्षित निकाला गया। तीन नामजद समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष ने पुलिस पर आरोप लगाकर तहरीर दी है।

कल्याणपुर गांव निवासी जितेंद्र उर्फ निर्मल ने गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा होने की शिकायत की थी। इटौंजा थाने की पीआरवी में तैनात कांस्टेबल मोहम्मद सलमान और होमगार्ड श्रवण कुमार रविवार शाम को मामले की जांच करने कल्याणपुर गए थे। थाने में दी गई होमगार्ड श्रवण कुमार की तहरीर के अनुसार गांव में पता चला कि जितेंद्र उर्फ निर्मल और पड़ोसी रामविलास व अशोक में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद है। आरोप है कि रामविलास पक्ष के लोग निर्माण के लिए सरिया काट रहे थे। करीब शाम 3.45 बजे पूछताछ करने पर पुलिस के साथ अभद्रता शुरू कर दी। होमगार्ड ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर वर्दी फाड़ दी। जान से मारने की धमकी भी दी। होमगार्ड की तहरीर पर जितेंद्र उर्फ निर्मल, उनके भाई भूपेंद्र, रामस्वरूप सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ जितेंद्र की बहन ने तहरीर में रामविलास और अशोक पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसमें आरोप है कि शिकायत करने पर पुलिस ने उन्हें ही धमकाया और वीडियो बनाने पर धक्का देकर गिरा दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक शोबरन सिंह के मुताबिक दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। तीन नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि एहतियातन विवादित भूमि पर पुलिसबल तैनात कर दिया गया है। मारपीट करने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है।



कल्याणपुर गांव में पुलिस कर्मियों से उलझतीं महिलाएं और विवाद के बाद थाने से पहुंची अतिरिक्त फोर्स।

## छंटनी के विरोध में एमडी कार्यालय पर धरना 8 को

**अमृत विचार, लखनऊः** मध्यांचल प्रबंधन की ओर से उच्च प्रबंधन के आदेशों और अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए मानक समिति की रिपोर्ट आने से पूर्व ही बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी किए जाने का अंदेशा जताया गया है। इस तरह की कार्रवाई किए जाने से नाराज पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने इस पूरे मामले के विरोध का ऐलान किया है। संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि छंटनी संबंधी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 8 अप्रैल को एमडी मध्यांचल कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क यदि 8 तक समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दौलतगंज की पार्षद रानी कनौजिया का निधन



**अमृत विचार, लखनऊ :** दौलतगंज वार्ड से दो बार से भाजपा पार्षद रानी कनौजिया का सोमवार को लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। फेफड़ों में संक्रमण के कारण पिछले महीने उन्हें पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 20 दिन पहले डॉक्टरों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया था। करीब एक हफ्ते पहले उनकी तबियत बिगड़ने पर उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। उनके पति राम औतार कनौजिया भारतीय जनता पार्टी में नगर महामंत्री पद पर रह चुके हैं। उनके निधन पर बीजेपी नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। पार्षद अनुराग मिश्रा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर सुबह 11 बजे किया जाएगा।

### सबसे खराब प्रगति वाले 24 सचिवों का वेतन रोका

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकास कार्यों में सबसे खराब प्रगति वाले 24 सचिवों का जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने वेतन रोक दिया है। स्पष्टीकरण मांगते हुए एक सप्ताह में सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिला पंचायत राज अधिकारी की समीक्षा में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी मिली और निर्माण समय पर पूर्ण नहीं हो पाए। इनमें धीरज कुमार यादव, शकुंतला शुक्ला, जगत पाल, ललित कुमार, रामगोपाल यादव, प्रशांत सक्सेना, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार मार्या, ललित कुमार गौतम, शशिपाल, नीरज कुमार, अभिनव कुमार, रमेश वर्मा, फरहीन खानम, अमरदीप वर्मा, धीरज यादव, उबैद सईद, अजय द्विवेदी, अंकिता सिंह, पंकज वर्मा व संदीप यादव की प्रगति सबसे खराब मिली है।

# नशे में धुत युवक ने सोते समय राड से हमला कर भाई को मार डाला

## बंथरा के खांडेदेव गांव में रात में सोते समय किए ताबड़तोड़ कई वार, पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बंथरा के खांडेदेव गांव में रविवार रात नशे में धुत दो भाई ने सोते समय राड से हमला कर छोटे भाई की हत्या कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए और आरोपी को घर से ही दबोच लिया। पुलिस ने मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

खांडेदेव गांव निवासी मजदूर आलोक गौतम उर्फ गोलू गौतम (24) रविवार रात बड़े भाई श्रवण कुमार के साथ खाना खा रहा था। इसी दौरान दोनों में कहासुनी के बाद गाली-गलौज और मारपीट होने लगी। मां यशोदा देवी ने दोनों को समझाकर शांत करा दिया। रात करीब 11 बजे श्रवण पीछे के रास्ते छोटे भाई के कमरे में पहुंचा। उसने सोते समय राड से आलोक के सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। इससे आलोक की मौत हो गई। देर रात मां की आंख खुली। वह खाने के लिए आलोक को जगाने उसके कमरे में पहुंची, वहां खून से लथपथ उसकी लाश पड़ी थी। सुबह 5 बजे फोन कर यशोदा ने परिजन, रिश्तेदारों को जानकारी दी। उसके रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंच गए। ग्रामीणों ने सूचना पर बंथरा के इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह, एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपी को घर के अंदर से पकड़ लिया। उससे देर शाम तक पूछताछ कर रही थी।

श्रवण ने पुलिस को बताया कि कहासुनी के दौरान छोटे भाई ने उसके साथ मारपीट कर मां की गाली दी थी। इस कारण ही भाई पर राड से हमला कर दिया। हत्या करने के बाद श्रवण अपने कमरे में जाकर सो गया था। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने बताया कि निपुण अग्रवाल हत्यारोपी श्रवण कुमार को हिरासत में ले लिया गया है। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे की राड भी बरामद कर ली गई है। दोनों नशे में थे। उनके बीच पहले विवाद और मारपीट हुई थी। पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से जेल भेज दिया गया है।



हत्या के बाद घर में साक्ष्यों की तलाश करती पुलिस टीम और गमजदा बैठे मृतक के परिजन व रिश्तेदार। अमृत विचार


मृतक आलोक

- खाने के दौरान हुआ था दोनों भाइयों में विवाद
- मां ने समझाकर दोनों को शांत करा दिया था

### आठ वर्ष पहले पिता की हुई मौत

- मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सबसे बड़ा भाई श्रवण, मंझला भाई अटल और फिर आलोक उर्फ गोलू था। अटल मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उनके पिता पुत्तीलाल की आठ वर्ष पहले मौत हो चुकी है। पुत्तीलाल की दो बेटियों की शादी हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक श्रवण का पहले भी अपने भाई और मां से कई बार विवाद हुआ था। अन्य बिंदुओं पर भी मामले की जांच की जा रही है।

### कब-कब हुए रिश्तों के कत्ल

- **12 जनवरी 2024, चिनहट :** जमीन विवाद में बेटे ने पिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी।
- **5 अगस्त 2023, माल :** शराब के नशे में भाई ने भाई की लाठी से पीटकर हत्या कर दी थी।
- **18 नवंबर 2022, काकोरी :** संपत्ति विवाद में चचेरे भाइयों के बीच हुई मारपीट में एक की जान चली गई थी।
- **27 मार्च 2021, मोहनलालगंज :** घरेलू कलह में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

## तीन माह से नहीं मिली मनरेगा की मजदूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है और तीन माह से श्रमिकों को उनकी मजदूरी नहीं मिली है। बजट के अभाव में 2.68 करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया है। समय पर भुगतान न मिलने पर श्रमिकों की संख्या तेजी से घटी और काम भी प्रभावित हुए हैं। इससे लक्ष्य पूर्ति भी नहीं हो सकी है। जिले में मनरेगा के तहत 6.15 लाख मानव दिवस लक्ष्य के सापेक्ष 5.40 लाख सृजित हुए हैं। केंद्र से श्रमिकों को समय पर भुगतान न होने की वजह से कार्यों की रफ्तार बढ़ने की बजाय धीमी रही। 5 जनवरी से श्रमिकों को मजदूरी नहीं मिली है। 2.68 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। इससे रोजगार पर भी असर पड़ा है। 20 मार्च को 1227 श्रमिकों ने कार्य किया था जो 28 मार्च तक घटकर 877 रहे गए। 18 मार्च को 999 श्रमिकों ने कार्य किया और 30 मार्च जि 283 श्रमिक ही सक्रिय रहे। पूरे वर्ष 557 परिवारों को 100 दिन काम मिला है। इधर वर्ष के अंत में विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में ''जीरामजी'' के तहत नये सिरे से कार्य करने की योजना तैयार कर ली है। उपायुक्त सुशील कुमार सिंह ने बताया कि भुगतान हो जाएगा।

# सड़क हादसे में प्लाई बोर्ड कंपनी के मैनेजर की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आगरा एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा की सर्विस लेन पर वाहन ने मारी टक्कर
- सोमवार सुबह इलाज के दौरान हुई मौत, साथी की हालत गंभीर

**अमृत विचारः** काकोरी स्थित आगरा एक्सप्रेस वे टोल प्लाजा के सर्विस लेन पर रविवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से प्लाई बोर्ड कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई और साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मलिहाबाद सैफलपुर निवासी फूलचंद यादव (26) चार भाई में संदीप तीसरे नंबर पर थे। वह आलमबाग स्थित श्री श्याम प्लाई बोर्ड कंपनी में मैनेजर थे। आगरा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा के सर्विस लेन पर रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने संदीप की बाइक में टक्कर और भाग निकला। हादसे में संदीप और उनका साथी घायल हो गया। मौके पर जुटी भीड़ में किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम सूचना दी। काकोरी पुलिस ने दोनों घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान संदीप की मौत हो गई। दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। संदीप की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर काकोरी पुलिस पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काकोरी इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजनों ने थाने में अभी तक तहरीर नहीं दी है।

### दो डंपर टकराने से चालक घायल

- **अमृत विचार, माल :** माल –अतरौली मार्ग पर अटारी के निकट वेदांता हॉस्पिटल के पास दो डंपरों में आमने–सामने टकरा गये। हादसे में दोनों चालक शैलेंद्र व सुशील दोनों घायल हो गए। कानपुर देहात के सिकंदरपुर लदपुरवा निवासी सुशील व परिचालक जयवीर संडीला से मौरंग लेकर रहीमाबाद जा रहा था। अटारी के वेदांता हॉस्पिटल के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे दूसरे डंपर से टकरा गया। हादसे में सामने से आ रहे डंपर चालक महोबा के उरबारा श्रीनगर निवासी शैलेंद्र समेत दोनों चालक घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

# बेसमेंट खुदाई से सटे मकान की नींव धसी


विनय खंड में नींव धसने से मकान को लोहे के एंगल से टिकाते मजदूर।

कार्यकाल संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व आईआरएस का लोहे के एंगल से टिकाया गया मकान
- पड़ोसी ने मानकों का ताख पर रख बेसमेंट खोदा

**अमृत विचार :** विनय खंड में मानकों को ताख पर रख भूखंड में बेसमेंट की खुदाई से उससे सटे पूर्व महिला आईआरएस के मकान की नींव धस गई। मिट्टी भरभराकर भूखंड में गिर गई। मकान लोहे के एंगल से टिकाया गया, जो कभी भी गिर सकता है। पीड़ित की शिकायत पर एलडीए पूर्व में कार्रवाई करता तो घटना न होती।

पूर्व आईआरएस परवीन तलहा ने बताया कि उनके मकान से सटे भूखंड पर पड़ोसी मानकों को दरकिनार निर्माण करा रहे हैं। बेसमेंट बनाने के रिटेनिंग वॉल नहीं बनाई। न ही सुरक्षा के नियमों का पालन किया। 24 मार्च को भूखंड की खोदाई से उनके मकान की नींव धस गई और भूखंड में मिट्टी भरभरा कर गिर गई। मकान बचाने के लिए लोहे के एंगल से टिकाया और कभी भी गिर सकता है। परिवार को भी खतरा है। पूर्व में नियम विरुद्ध निर्माण और बेसमेंट खुदाई से खतरे की आशंका जताकर एलडीए में शिकायत की थी। मौके पर आई टीम ने निर्माण नहीं रुकवाया था। कमिश्नर, उपाध्यक्ष को भी कई बार पत्र लिखा लेकिन, गंभीरता नहीं दिखाई। परवीन ने बताया कि वह लोकसेवा आयोग की सदस्य रही है। इसके अतिरिक्त एक कहानी संग्रह 'फिदा-ए-लखनऊ' लिखने पर उन्हें 2014 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि आवासीय निर्माण का नक्शा स्वीकृत है। बेसमेंट बनाने की अनुमति भी है। सुरक्षा दीवार बनाकर निर्माण कराया जाएगा।

## सिटी डायरी

### माल को नगर पंचायत घोषित किया जाए


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

**अमृत विचार, माल :** भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान व जिलाध्यक्ष अतुल कुमार के नेतृत्व में सोमवार को आठ सूत्री मांगों को लेकर माल में महापंचायत की गई। इसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान भी शामिल हुए। पंचायत में माल – मलिहाबाद के मध्य 100 बेड का ट्रामा सेंटर बनाने, राजकीय उदा देवी बालिका इंटर कॉलेज नए भवन में संचालित करने, माल को नगर पंचायत घोषित करने की मांग प्रमुखता से उठी। इन मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी मलिहाबाद अंकित कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह संगठन किसानों के हक और अधिकारों की लड़ाई के लिए बनाया गया है। उन्होंने साफ कहा कि अब किसानों के मुद्दों को दबने नहीं दिया जाएगा और जरूरत पड़ने पर सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा। अर्जुन सिंह, राघवेंद्र त्रिवेदी, प्यारे लाल रावत सहित कई जनपदों के पदाधिकारी मौजूद रहे।


शिक्षकों के साथ मेधावी छात्र–छात्राएं।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा (एनएमएमएस) उत्तीर्ण करने वाली छात्रा नंदिनी वर्मा तथा गृह परीक्षा 2025–26 में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा पुरस्कृत किया। कक्षा 7 की छात्रा नंदिनी वर्मा (पुत्री अशोक कुमार, ग्राम रसूलपुर आशिक अली) ने एनएमएमएस परीक्षा पास कर प्रतिमाह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति 4 वर्षों के लिए प्राप्त की। कक्षा 6ए में सोनी, 6बी में आदित्य राज, 7ए में दिव्या, 8ए में नंदिनी, 8बी में दीपांशु कुमार, 9ए में नैंसी, 9बी में अंशिका, 9सी में आयुष यादव, 9डी में अनूप कुमार, 11ए में परी शर्मा, 11बी में शुभम तथा 11सी में अनामिका को पुरस्कार मिला।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

### जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** गोसाईगंज ब्लॉक सभागार में शिक्षा मित्रों की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत ने कहा कि जनता ने मुझे भरोसा कर बहुमूल्य वोट दिए, यही मेरे लिए सबसे बड़ा गौरव है। एमएलसी डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने भी विचार रखे। इस दौरान शिक्षमित्रों ने विधायक, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अन्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बीटीसी संघ प्रदेश महामंत्री संदीप दत्त, जिला अध्यक्ष रामसागर, शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र यादव, शिक्षा मित्र संघ ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा व अन्य शिक्षामित्र मौजूद रहे।


पुरस्कारों के साथ कक्षा पांच पास करने वाले बच्चे, साथ में शिक्षिका।

### वार्षिक उत्सव हुआ

**लखनऊ, गोसाईगंज :** प्राथमिक विद्यालय सलौली में सोमवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत कमल किशोर, विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने कक्षा पांच के उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों पुरस्कृत कर विदाई दी। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापक निर्मला सिवहरे, शिक्षक , अभिभावकों और अन्य लोग उपस्थिति रहे।

उपचार

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में पहली बार की गई डीबीएस सर्जरी

# 25 साल से पार्किंसंस से जूझ रही मरीज को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 25 वर्षों से पार्किंसन रोग से पीड़ित शहर की 50 वर्षीय महिला को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में आधुनिक डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) सर्जरी से राहत मिल गई है। पार्किंसन एक तंत्रिकातंत्र से जुड़ी बीमारी है, जिसमें हाथ-पैरों में कंपन, चलने-फिरने में दिक्कत और अन्य शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

मरीज का लंबे समय से इलाज चल रहा था। गंभीर अवस्था में परिवारीजन मरीज को केजीएमयू के न्यूरोलॉजी विभाग की ओपीडी में लेकर पहुंचे।वहां विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश वर्मा ने जांच के बाद सर्जरी की सलाह दी। मरीज को भर्ती कर 25 मार्च को न्यूरोसर्जरी विभाग की टीम ने ऑपरेशन किया। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में सुधार देखा गया है और चिकित्सकों ने उम्मीद जताई है कि उनकी जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि आमतौर पर पार्किंसन 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में देखा जाता है, लेकिन अब 50 वर्ष से कम उम्र के मरीजों में भी यह बीमारी सामने आ रही है।

उन्होंने बताया कि डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) एक आधुनिक न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें मस्तिष्क के विशेष हिस्सों में इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं। ये इलेक्ट्रोड पेसमेकर जैसे छोटे डिवाइस से जुड़े होते हैं, जो हल्के विद्युत संकेत भेजकर असामान्य मस्तिष्क गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं। यह तकनीक मुख्य रूप से पार्किंसन, डिस्टोनिया और अन्य मूवमेंट डिसऑर्डर के इलाज में उपयोगी है। केजीएमयू में इस तकनीक का पहली बार इस्तेमाल किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की अत्याधुनिक सर्जरी से मरीजों के जीवन स्तर में सुधार की नई संभावनाएं खुल रही हैं।

### ऑपरेशन टीम के सदस्य

- टीम में न्यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. हरदीप सिंह मल्होत्रा, डॉ. सोमिल जायसवाल, डॉ. श्वेता पांडेय, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज के विशेषज्ञ डॉ. द्वारकानाथ श्रीनिवास, डॉ. विक्रम होला, न्यूरो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बीके ओझा, डॉ. सोमिल जायसवाल, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. मनीष जायसवाल, डॉ. अंकुर बजाज, डॉ. अवधेश यादव एवं डॉ. हनुमान प्रजापति ने ऑपरेशन व इलाज में सहयोग दिया।


मौजूद लोगों को बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक डॉ सीएम सिंह।

### दो प्रतिशत आबादी बाइपोलर डिसऑर्डर से प्रभावित

- डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में विश्व बाइपोलर दिवस पर सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम हुआ। निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि बाइपोलर डिसऑर्डर से लगभग दो प्रतिशत आबादी प्रभावित है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यत: दो प्रकार का होता है। पहला उन्माद (मैनिया) जिसमें रोगी अत्यधिक उत्तेजित, प्रसन्न या चिड़चिड़ा हो जाता है, और दूसरा अवसाद (डिप्रेशन) जिसमें रोगी उदास, निराश और खालीपन महसूस करता है। डीन डॉ. प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि बीमारी के आरंभिक चरण में पहचान होने पर उपचार प्रभावी होता है और रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। डॉ. क्रिस्टोफर पीटर और डॉ. विशाखा श्रीवास्तव ने दवा के साथ–साथ परामर्श और मानसिक सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया। सीएमएस डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. रिचा चौधरी, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. जिलानी, डॉ. आकांक्षा शर्मा और डॉ. अनुरंजन विश्वकर्मा ने बाइपोलर डिसऑर्डर से जुड़ी लक्षण, उपचार और सावधानियों के बारे में जानकारी साझा की।



लोकभवन में विभिन्न बाल विकास एवं महिला कल्याण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### दो लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण

मुख्यमंत्री ने स्टेडियोमीटर, इन्फेंटोमीटर और वेइंग स्केल जैसे आधुनिक उपकरण भी वितरित किए। प्रदेशभर में 10,553 इन्फेंटोमीटर, 1,33,282 स्टेडियोमीटर और 58,237 मदर-चाइल्ड वेइंग स्केल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनसे बच्चों की लंबाई, ऊंचाई और वजन की सटीक निगरानी संभव होगी और कुपोषण की समय रहते पहचान की जा सकेगी।

# डिजिटल और आधुनिक आंगनबाड़ी व्यवस्था की सौगात

## 'सक्षम आंगनबाड़ी' बनेंगी विकास केंद्र, प्रदेशभर में फैला नेटवर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश की आंगनबाड़ी व्यवस्था को डिजिटल, सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। नियुक्ति पत्र से जमीनी ढांचे को जहां मजबूती मिली, वहीं कुपोषण से सशक्त लड़ाई की तैयारी सामने आई। अब 75 जिलों में फैला 'सक्षम आंगनबाड़ी' नेटवर्क विकास का केंद्र बनेगा।

- **नियुक्ति पत्र से जमीनी ढांचे को मिली मजबूती**

मुख्यमंत्री ने 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और 18,440 कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही 450 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न बाल विकास एवं महिला कल्याण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन वितरण से आंगनबाड़ी सेवाएं पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनेंगी।

कार्यक्रम में 18,440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इससे रिक्त पद भरने के साथ सेवा तंत्र को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने रायबरेली, अमेठी, सिधौली और गोसाईगंज समेत विभिन्न जिलों की चयनित अभ्यर्थियों को मंच से नियुक्ति पत्र सौंपे, जिससे पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया का संदेश भी गया।

प्रदेश में 23,697 आंगनबाड़ी केंद्रों को 'सक्षम आंगनबाड़ी' के रूप में विकसित किया गया है, जिन पर 236 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इन केंद्रों को एलईडी स्क्रीन, आरओ मशीन, ईसीसीई किट और आधुनिक फर्नीचर से सुसज्जित किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में 897 बाल विकास परियोजनाएं लगभग 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित हो रही हैं। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महिला कल्याण, बाल विकास और पोषाहार विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लाल जी प्रसाद निर्मल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी आदि की मौजूदगी रही।

### लाभार्थियों को मिला सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रायबरेली की मीरा देवी, अमेठी की महिमा, सिधौली की शहरुनिशां, गोसाईगंज की शैलू सिंह सहित कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। वहीं लखनऊ की आशा यादव, प्रीति सैनी, अमिता मिश्रा, अर्चना रावत समेत अनेक कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। साथ ही नाहिद परवीन, सावित्री, यूतिका सिंह, राधा पांडे सहित कई कार्यकत्रियों को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस भी वितरित किए गए।

---

**न्यूज ब्रीफ**

### कंबोडिया की राजदूत ने किया ललित कला अकादमी का दौरा

**लखनऊ, एजेंसी :** कंबोडिया की राजदूत रथ मैनी ने सोमवार को लखनऊ स्थित राज्य ललित कला अकादमी का दौरा किया और प्रदेश के वरिष्ठ कलाकारों से मुलाकात की। कंबोडियाई राजदूत के दौरे पर राज्य ललित कला अकादमी में एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार राजदूत ने विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया और प्रदेश के वरिष्ठ कलाकारों के साथ कला के अलग-अलग पहलुओं पर बातचीत की। इस मौके पर उन्हें प्रदेश में कला और संस्कृति के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी गई। वरिष्ठ छायाकार अनिल रिसाल और 'वाटर कलर' कलाकार अनिल शर्मा की कलाकृतियां भी प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन कला के माध्यम से दो देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करते हैं और हमारे कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का अवसर देते हैं।

### समन्वय बैठक में बाल संरक्षण को सशक्त बनाने पर दिया जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मानव सेवा संस्थान सेवा की ओर से बाल तस्करी की रोकथाम और बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय समन्वय बैठक सोमवार को फेयरफील्ड बाय मैरियट होटल में हुई। मुख्य अतिथि महिला और बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सभी विभागों, एजेंसियों और संगठनों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू), स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट (एसजेपीयू), महिला और बाल विकास विभाग, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी), चाइल्डलाइन और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने बाल तस्करी की रोकथाम, चुनौतियों और संभावित समाधानों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस मौके पर देवेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, ने सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। संस्था के कार्यकारी निदेशक पुरु मयंक त्रिपाठी ने बताया कि मानव सेवा संस्थान सेवा भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में आठ प्रमुख चेक-इन और चेक-आउट पॉइंट्स पर सक्रिय है, जहां तस्करी रोकने और प्रभावित बच्चों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बैठक में जमीनी स्तर की चुनौतियों, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और नियमित संवाद के महत्व पर जोर दिया गया।

---

# एक मोबाइल नंबर से जुड़ेंगे सिर्फ तीन स्मार्ट मीटर खाते

## प्रीपेड मीटर को लेकर कॉरपोरेशन ने लागू की नई व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था को लेकर पावर कॉरपोरेशन ने नई सख्ती लागू कर दी है। सोमवार को शक्ति भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि अब एक मोबाइल नंबर से अधिकतम तीन स्मार्ट मीटर खाते ही जोड़े जा सकेंगे। यह निर्णय उपभोक्ताओं तक सही तरीके से सूचना पहुंचाने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए लिया गया है। प्रेसवार्ता में एमडी कॉरपोरेशन पंकज कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को हर चरण पर एसएमएस के जरिए सूचना दी जाती है, इसलिए उन्हें संदेशों पर ध्यान देना चाहिए। चेयरमैन ने साफ किया कि जिन उपभोक्ताओं का बैलेंस नेगेटिव हो रहा है, उनके कनेक्शन सिस्टम की डिफॉल्ट सेटिंग के तहत काटे जा रहे हैं। हालांकि, रिचार्ज करने के बाद 95 प्रतिशत से अधिक मामलों में कनेक्शन स्वतः निर्धारित समय के भीतर बहाल हो जाते हैं। कुछ मामलों में संचार संबंधी त्रुटियों के कारण देरी हो सकती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने स्मार्ट मीटर खाते में बैलेंस शून्य से ऊपर बनाए रखें, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित न हो।





### स्मार्ट मीटर की लागत उपभोक्ताओं से वसूलने का प्रस्ताव खारिज होने की संभावना

**अमृत विचार :** प्रदेश में 70 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड मोड पर हैं, जिनमें से करीब 55 लाख खातों में बैलेंस ऋणात्मक बताया जा रहा है। इस बीच, स्मार्ट मीटर लगाने की लागत को बिजली दरों में जोड़कर उपभोक्ताओं से वसूलने का प्रस्ताव खारिज होने की संभावना है। नियामक आयोग ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के टैरिफ प्रस्ताव पर सुनवाई के दौरान इसके संकेत दिए हैं। कॉरपोरेशन ने इस वर्ष लगभग 3800 करोड़ रुपये की वसूली का प्रस्ताव दिया था। केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत पहले ही तय किया गया था कि स्मार्ट मीटर लगाने का खर्च उपभोक्ताओं से नहीं लिया जाएगा। बावजूद इसके, बाद में इस खर्च को अप्रत्यक्ष रूप से बिजली दरों में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया, जिस पर अब सवाल उठ रहे हैं। 9 मार्च से बिजली दरों पर सुनवाई जारी है और अंतिम निर्णय का इंतजार किया जा रहा है।

### 24 घंटे सेवा देंगे 58 अनुरक्षण वाहन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए अमौसी, लखनऊ मध्य, जानकीपुरम और गोमतीनगर जोन में 58 अनुरक्षण वाहन शुरू किए गए हैं। सोमवार शाम इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जानकीपुरम जोन में सेक्टर-6 उपकेंद्र से मुख्य अभियंता वीपी सिंह, महासमिति के महासचिव विनय कृष्ण पाण्डेय, अधिशासी अभियंता मनोज कुमार और पंकज गुप्ता ने 12 वाहनों को रवाना किया। गोमतीनगर जोन में मुख्य अभियंता सुशील गर्ग और एक्सईएन मो.अयूब ने 10 वाहनों को हरी झंडी दिखाई। अमौसी जोन में एक्सईएन धर्म विजय और लखनऊ मध्य जोन में एक्सईएन मुकेश कुमार ने अनुरक्षण वाहनों का शुभारंभ किया। इन वाहनों पर तैनात टीमें 24 घंटे फील्ड में सक्रिय रहकर बिजली से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करेंगी। इससे उपभोक्ताओं को गर्मी के दौरान होने वाली बिजली समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

### महावीर जयंती पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस पावन पर्व के अवसर पर हम सभी भगवान महावीर के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र और समाज के कल्याण में सक्रिय सहभागिता निभाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महावीर जयंती का यह पुण्य पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

---

# 48 घंटे में उखड़ी नई सड़क, ग्रामीणों का प्रदर्शन

## बीकेटी के जयचंदपुर मार्ग के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** महिंगवा-कुर्सी मार्ग पर नरोसा मोड़ से सरैया नरोसा फार्म होते हुए जयचंदपुर की ओर बनाई गई करीब ढाई किलोमीटर लंबी नई डामर सड़क निर्माण के महज 48 घंटे बाद ही उखड़ने लगी। नई सड़क की परत जगह-जगह से उखड़ने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विरोध-प्रदर्शन कर जांच की मांग उठाई।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। सड़क बनने के दूसरे ही दिन डामर की परत उखड़ने लगी और कई स्थानों पर गिट्टी बाहर आ गई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क इतनी खराब बनी है कि डामर हाथ से ही उखड़ रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



घटिया निर्माण को लेकर हंगामा करते ग्रामीण।

ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य जल्दबाजी में कराया गया और रात में सड़क बनाकर काम पूरा दिखा दिया गया, लेकिन सुबह होते ही सड़क की परत उखड़ने लगी। ग्रामीणों ने बताया कि मामले की शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन अभी तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन कर सड़क निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि घटिया किस्म की बनाई गई सड़क की जानकारी मिली है, वहीं सड़क का निरीक्षण कर सम्बंधित ठेकेदार की जवाबदेही भी तय की जाएगी और उसी लागत में गुणवत्तापूर्ण दोबारा सड़क बनवाई जाएगी।

### 900 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मनरेगा के तहत गांवों में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न भंडारण और वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की सरकारी जमीन पर अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे हैं। इन भवनों में खाद्यान्न भंडारण के साथ-साथ उचित दर की दुकानों के संचालन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा भवन में एक हॉल, प्रतीक्षालय और जनसेवा केंद्र संचालित करने की भी व्यवस्था की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश में 4,811 से अधिक अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण कार्य शुरू किए जा चुके हैं, जबकि 900 से अधिक भवन बनकर तैयार हो चुके हैं।

# मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किया रद्द

**लखनऊ, एजेंसी :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने घरेलू हिंसा के मामले में पति की आय व संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने की पत्नी की याचिका को खारिज करने वाले मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को छह सप्ताह के भीतर पत्नी की याचिका पर पुनर्विचार करने का आदेश दिया।

अदालत ने कहा कि भरण-पोषण व घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में आय का खुलासा करना महत्वपूर्ण है और मजिस्ट्रेट इस संबंध में आदेश जारी कर पति को उसकी आय व संपत्ति का विवरण देने के लिए बाध्य कर सकता है। न्यायमूर्ति बृज राज सिंह की पीठ ने पत्नी और दंपति के नाबालिग बेटे की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 528 के तहत दायर याचिका पर यह आदेश जारी किया। महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत लखनऊ के प्रथम अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अर्जी दायर की थी। याचिकाकर्ता ने बीएनएसएस की धारा 91 के तहत पति को आयकर रिटर्न और अन्य वित्तीय दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश देने का अनुरोध किया था। मजिस्ट्रेट ने 19 जनवरी के एक आदेश में याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय का रुख किया। पीठ ने सुनवाई के दौरान आयकर विभाग से पति के पिछले दो वर्षों के आयकर रिटर्न तलब किए। रिकॉर्ड के अनुसार, पेशे से वास्तुकार पति की वार्षिक आय 4.85 लाख रुपये से 5.07 लाख रुपये के बीच है। हालांकि, महिला के पति ने मजिस्ट्रेट की अदालत में खुद को मजदूर बताया था। हाईकोर्ट ने राजेश बनाम नेहा मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2021 के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पति को अपनी आय और संपत्ति का खुलासा करने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है। पीठ ने पति को अपनी पत्नी को अपने आयकर रिटर्न की एक प्रति प्रदान करने का भी आदेश दिया।

- **पति की आय के संबंध में पत्नी की याचिका खारिज किए जाने के मामले में सख्त रुख**

---

# निकाह व धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी को जमानत नहीं

**अमृत विचार, हरदोई:** एक दलित लड़की को फुसलाकर उसका अपहरण किया गया, उसके बाद उसे बंधक बनाकर जबरिया निकाह और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में आरोपित की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट सुनील कुमार सिंह ने आरोपी की गंभीरता को दृष्टिगत जमानत अर्जी खारिज कर दी।

शासकीय अधिवक्ता अमित मिश्रा ने बताया कि थाना कासिमपुर क्षेत्र के निवासी इमरान ने 14 फरवरी को पीड़िता को अपहरण करके उसे लखनऊ ले गया और वहां उसके साथ रेप किया और धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया। पीड़िता ने कहा कि आरोपी ने उससे झूठ बोला और अपना नाम गलत बताकर उसे बंधक बनाया। इस मामले में आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई की गई। आरोपी ने अदालत के समक्ष खुद को झूठा फंसाए जाने की बात कहते हुए जमानत पर छोड़े जाने की मांग की। शासकीय अधिवक्ता अमित मिश्रा ने पुरजोर विरोध किया और कहा कि मामला काफी गंभीर है इसलिए जमानत पर छोड़ने जाने का कोई औचित्य नहीं है। जज ने आरोपी की जमानत अर्जी कर दी।





'नियमित न्यूनतम वेतनमान प्रतिमाह की गारंटी करो' की मांग को लेकर नेशनल आपदा मित्र एसोसिएशन के नेतृत्व में चारबाग स्टेशन के बाहर प्रदर्शन करते आपदा मित्र व सखियां। अमृत विचार

# 39 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में मिला प्रवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **आरटीई के तहत 4.44 लाख आवेदन 1.95 लाख सीटों का आवंटन**

**अमृत विचार :** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत प्रवेश प्रक्रिया को इस बार अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया गया है। वर्ष 2026-27 के लिए अब तक 4,44,771 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सापेक्ष 1,95,740 सीटों का आवंटन किया गया है। इनमें से 39,873 बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश मिल चुका है।

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए सख्त मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आरटीई प्रक्रिया में डिजिटल माध्यमों का व्यापक उपयोग किया गया है, जिससे आवेदन से लेकर प्रवेश तक की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनी है। इससे अभिभावकों का भरोसा भी बढ़ा है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के अनुसार, नामांकन में लखनऊ सबसे आगे है, जहां 6,700 बच्चों को प्रवेश मिला। इसके अलावा बदायूं, बुलंदशहर, सहारनपुर, आगरा और गोरखपुर में भी अच्छी प्रगति दर्ज की गई है।

---

# चबूतरा निर्माण के नाम पर लाखों रुपये की बंदरबांट

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- **3 लाख से अधिक की रकम का किया गया आहरण, ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप**
- **निर्माण कार्य में पंचायत सदस्यों को भी मटेरियल और मिस्त्री के रूप में भुगतान किया गया**

**अमृत विचार :** विकास खंड भरखनी की ग्राम पंचायत ख्वाजगीपुर में सामुदायिक पेयजल स्थल पर प्लेटफॉर्म निर्माण के नाम पर किए गए खर्च को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकारी अभिलेखों में लाखों रुपये के व्यय का उल्लेख है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग तस्वीर पेश कर रही है। ग्रामीणों का दावा है कि पंचायत में कहीं भी ऐसा कोई चबूतरा नजर नहीं आता, जिसके नाम पर धनराशि निकाली गई हो।

दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2024-25 में स्वीकृत इस कार्य की अनुमानित लागत 3,20,000 रुपये निर्धारित की गई थी, जबकि अब तक 3,13,760 रुपये खर्च दर्शाया गया है। 22 जनवरी 2025 को जारी वाउचर के माध्यम से चबूतरे की सामग्री एवं मजदूरी के नाम पर विभिन्न व्यक्तियों और एक ईंट भट्ठे को भुगतान किया गया। इन भुगतान आदेशों पर पंचायत सचिव नीरज कुमार वर्मा और सरपंच मधु के हस्ताक्षर दर्ज बताए गए हैं। आरोप यह भी सामने आया है कि इस निर्माण कार्य में पंचायत सदस्यों को भी मटेरियल और मिस्त्री के रूप में भुगतान किया गया। अभिलेखों में पंचायत सदस्य के नाम से सामग्री उपलब्ध कराने तथा मजदूरी/मिस्त्री मद में धनराशि जारी होने का उल्लेख है, जिसे पंचायत वित्तीय नियमों के विपरीत माना जा रहा है। नियमों के अनुसार पंचायत सदस्य कार्य की निगरानी में भूमिका निभाते हैं, लेकिन उन्हें सीधे तौर पर ठेकेदार, सप्लायर या श्रमिक के रूप में भुगतान किया जाना पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जब इस निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली गई तो पंचायत सचिव नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि हरदेव बाबा स्थान पर चबूतरा बनाया गया है।

इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी भरखनी अशोक कुमार दुबे से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### बोले प्रधान प्रतिनिधि

पूछने पर प्रधान प्रतिनिधि अवनीश त्रिवेदी ने पहले तो ऐसे किसी निर्माण से इनकार किया, लेकिन बाद में उसी स्थान को पेयजल चबूतरा बताने लगे। प्रतिनिधि के विरोधाभासी बयान ने मामले को और संदिग्ध बना दिया। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में कहीं भी पेयजल चबूतरा का निर्माण नहीं हुआ है। उनका कहना है कि यदि कार्य कराया गया है तो संबंधित स्थल को सार्वजनिक किया जाए, ताकि हम लोग भी उसे देख सकें।

# खिलाड़ियों ने दर्ज की एकतरफा जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **आईटीएफ मास्टर्स 100 टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले जारी**

**अमृत विचार:** इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) मास्टर्स 100 टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में कई मैच बेहद रोमांचक रहे, वहीं कुछ मुकाबलों में खिलाड़ियों ने एकतरफा जीत हासिल कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। भरत दुबे ने विजय सिंह को कड़े मुकाबले में 6-1, 1-6, 10-5 से हराया। अयाज शेख ने राकेश कपूर को 6-4, 6-4 से मात दी। नरेश राजोरा ने एच एल राय को 7-5, 4-6, 10-6 से पराजित किया। आलोक भटनागर ने कुलदीप सिंह को 6-0, 6-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि कुमार विश्वास ने राजीव दीक्षित को 6-0, 6-0 से हराया।

अन्य मुकाबलों में मनोज मदान ने स्टालिन मिंज को 6-2, 6-1, शैलेंद्र खंडेलवाल ने हरीश कुमार को 6-1, 6-0, सुधीर कुमार ने बी डी सिंह को 6-2, 6-3 से हराया। के एल यादव और सुरनदीप सिंह ने भी अपने-अपने मैचों में 6-0, 6-0 और 6-1, 6-1 से जीत दर्ज की। वहीं ऋषि शर्मा (पांचवी ग्रेड) ने डीसी को 6-2, 6-4 से हराया। अरिंदम देव ने सत्य पाठक को 6-2, 7-5 से पराजित किया, जबकि अमित तिलक ने स्वर्णेश चतुर्वेदी को 6-1, 6-1 से हराया। रामन लाल श्रीवास्तव ने चरण सिंह को 6-0, 6-0 से हराया। अनिल कुमार ने धीरेंद्र सिंह को 6-3, 6-2 से हराया। रईस मोहम्मद ने मनीष सिंह को 7-6, 6-0 से मात दी। अंकुर कपूर, सुनील कुमार और सैयद साकिब अनवर ने भी अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः परीक्षित पांडे, पुष्कर मिश्रा और विकास मूलचंद को हराया। गोविंद मौर्य ने रचित रस्तोगी को 6-1, 6-1 से पराजित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### लूट की साजिश रचते पांच शातिर गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने चोरी व लूटपाट की योजना बनाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा-कारतूस, चाकू समेत चोरी में प्रयुक्त किए जाने वाले हथियार बरामद हुए। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी शेखरनाथ सिंह व उनकी टीम ने एक सूचना के आधार पर रविवार देर शाम मौनी बाबा अंडर पास के बगल से मदरहिया जाने वाले कच्चे रास्ते से पांच आरोपियों को पकडा। इनकी पहचान महेश कुमार वर्मा निवासी मूडाडिहा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा, श्यामपाल आजाद व लवली आजाद निवासी ग्राम नकछेद पुरवा जिगना बाजार थाना मनकापुर जनपद गोण्डा, गोमती आजाद निवासी सोहास करमोहनी थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा व भन्नू निवासी सुरजीपुर कालोनी थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई के रूप में हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सभी एक साथ मिलकर घरों की रेकी कर चोरी व लूटपाट की घटना करते थे। सभी का लंबा आपराधिक इतिहास भी है। महेश के खिलाफ अमेठी, बाराबंकी, देवरिया, उन्नाव, कुशीनगर, गोंडा आदि जनपदों में में 15 से अधिक केस दर्ज हैं।

### जालसाजी से पैसा निकालने के दो आरोपी दबोचे

**पूराबाजार, अयोध्या :** महाराजगंज पुलिस ने सिम पोर्ट कर जालसाजी करके खाते से पैसा निकालने वाले गिरोह के फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि अंबेडकरनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के मधुपुर मिरनपुर गांव की ऋतिक विश्वकर्मा को सोमवार दोपहर मधुपुर मिरनपुर गांव के पास से व बिंदु प्रताप निवासी राजपुर थाना गोसाईगंज अयोध्या को सोमवार दोपहर बाद मया बाजार से गिरफ्तार किया गया।

### ट्रांसफार्मर के पोल से फंदा लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने गांव के बाहर ट्रांसफार्मर के पोल में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां सुबह शौच के लिए निकली तो बेटे का शव लटकता देख चीख पड़ी। बिलग्राम कोतवाली के हबीबपुर रड़ेना निवासी 36 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र रामबहादुर खेती-बाड़ी कर पत्नी नीतू, दो बेटों और एक बेटी के साथ बसर कर रहा था। रविवार की शाम दिनेश खाना खाने के बाद फिर कहीं चला गया। मां फूलमती रात भी उसके लौटने की राह देखती रही। सोमवार की भोर पहर फूलमती गांव के बाहर शौच के लिए जा रही थी, उसी बीच दिनेश का शव खेत के बीच में लगे ट्रांसफार्मर के पोल के बीच रस्सी से लटक रहा था।

# किडनी ट्रांसप्लांट का अवैध धंधा पुलिस ने पकड़ा

## कल्याणपुर के छह से अधिक अस्पतालों में फैला रैकेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 60 लाख में बेची किडनी, डोनर को दिए सिर्फ साढ़े नौ लाख रुपये
- डॉक्टर दंपती समेत मेडिकल स्टाफ व बिचौलिए हिरासत में

**अमृत विचार :** कल्याणपुर में पैसे देकर किडनी ट्रांसप्लांट कराने का अवैध धंधा पुलिस ने पकड़ा है। क्राइम ब्रांच, रावतपुर व कल्याणपुर पुलिस आहूजा हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर प्रीति आहूजा, उनके पति डॉक्टर सुरजीत आहूजा, मेडिकल स्टाफ व बिचौलियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। छह से अधिक अस्पतालों में इस धंधे के तार जुड़े मिले हैं, जहां जांच की जा रही है। पता चला है कि उत्तराखंड के एक युवक की किडनी 60 लाख रुपये में निकलवाई गई, लेकिन उसे महज साढ़े नौ लाख रुपये ही दिए गए। रैकेट के तार उत्तराखंड, बिहार, नेपाल, बंगाल से भी जुड़े हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल्याणपुर के आवास विकास तीन में बने एक अपार्टमेंट में शिवम अग्रवाल उर्फ शिवम काड़े ने उत्तराखंड के रहने वाले आयुष को किडनी के बदले मोटे पैसों का लालच देकर बुलवाया था। उसकी किडनी 60 लाख रुपये में बेची गई, लेकिन उसे साढ़े नौ लाख ही दिए गए। रावतपुर के आहूजा हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। 24 घंटे तक आयुष और किडनी मरीज को आहूजा हॉस्पिटल में रखा गया। मामले की जानकारी जब क्राइम ब्रांच को हुई तो शनिवार देर रात आहूजा हॉस्पिटल में छापेमारी की गई।

वहां देखरेख करने वाले राघव त्रिपाठी को पूछताछ के लिए उठा लिया गया। मामला तूल पकड़ता देख आहूजा हॉस्पिटल के संचालक ने कल्याणपुर के प्रिया सरोज हॉस्पिटल में किडनी लेने वाले मरीज को भर्ती करा दिया। सूत्रों की मानें तो किडनी की खरीद फरोख्त करने का बड़ा सिण्डिकेट है जो पूरे प्रदेश में फैला है। सूत्र बताते हैं कि कल्याणपुर में एक दर्जन से अधिक हॉस्पिटल के नाम प्रकाश में आये हैं जो किडनी ट्रांसप्लांट का अवैध कार्य कर रहे हैं।

### परिवार के सदस्य ही दान कर सकते किडनी

एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी ने बताया कि गाइडलाइन के तहत परिवार के सदस्य ही किडनी दान कर सकते हैं। पुलिस को कल्याणपुर के हॉस्पिटल में अवैध किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में शिकायत मिली थी। पुलिस के बुलावे पर रविवार को उनके साथ केशवपुरम स्थित आहूजा हॉस्पिटल और कल्याणपुर क्षेत्र के मेडी लाइफ व प्रीति सरोज हॉस्पिटल में निरीक्षण किया गया। पुलिस ने हॉस्पिटल में स्टाफ व डॉक्टरों से पूछताछ की और जरूरी कागजात जांच के लिए अपने कब्जे में लिए।

## पत्नी के हत्यारे को आजीवन कैद

**अयोध्या, अमृत विचार :** मामूली विवाद में पत्नी की चाकू घोंप कर हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने पति को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की धनराशि में से 15 हजार रुपये मृतका के परिजनों को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश सोमवार को जिला जज रणंजय कुमार वर्मा की अदालत से हुआ है।

प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना 29 मार्च 2021 की है। राम सजीवन निवासी ठेऊंगा थाना रौनाही ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी बहन सुपला उर्फ गीता देवी की शादी गन्ना लाल निषाद निवासी तहसीनपुर थाना रौनाही के साथ घटना के 30-35 वर्ष पूर्व किया था। घटना वाले दिन राम सजीवन के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया कि गन्नालाल ने तुम्हारी बहन को चाकू मार दिया है। वह उसकी ससुराल पहुंचा तो पता चला कि लोग उसे जिला चिकित्सालय ले गए हैं। वहां पहुंचने पर पता चला कि गीता की मौत हो गई है।

# घर के विवाद में भाइयों ने की बहन की हत्या



मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** मूसानगर कस्बे में घर के विवाद को लेकर भाइयों ने सगी बहन को मौत के घाट उतार दिया। उसका शव कमरे में छोड़ कर हत्यारोपी भाग निकले। घर में खून से लथपथ शव देख दूसरी बहन बदहवास रह गई। सूचना पर पहुंची मूसानगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। सीओ भोगनीपुर ने घटना स्थल का मुआयना किया।

मूसानगर के फत्तेपुर निवासी रेशमा पुत्री स्व. हाजी अहमद की शादी सिकंदरा निवासी अनवार के साथ लगभग 15 वर्ष पूर्व हुई थी। पति से विवाद के चलते रेशमा मायके फत्तेपुर में ही रह रही थी। उधर, पति से उसका तलाक का मामला कोर्ट में विचाराधीन था। बताया कि रेशमा के दो पुत्र आयान व ईशान हैं। दोनों ही सिकंदरा में अपने पिता के साथ रहते हैं।

रेशमा के पिता हाजी अहमद ने पारिवारिक स्थितियां देख अपना घर बेटी रेशमा के नाम कर दिया था। जानकारी लगने पर बड़े उर्फ मोइनुद्दीन व नियाज ने आपत्ति जताना शुरू कर दिया। इसके बाद कोर्ट में मुकदमा कर दिया जो हाल में खत्म हुआ। मुकदमा रेशमा जीत गई थी। इस बात से भाई और खफा हो गए। सोमवार की रात सिर पर किसी चीज का वार कर रेशमा (40) की हत्या कर दी।

## धोखाधड़ी मामले में पूर्व चेयरमैन को जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी को धोखाधड़ी के चर्चित मामले में सोमवार को बड़ी राहत मिल गई। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राकेश पांडेय की अदालत ने उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया। मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने सेशन कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल कर आरोपों को निराधार बताते हुए राहत की मांग की। वहीं, परिवादी पक्ष ने जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने चंद्रमा देवी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

प्रकरण के अनुसार, अमेठी उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए चंद्रमा देवी ने कथित रूप से धोखाधड़ी कर उनका मकान अन्य व्यक्तियों लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी और संगम लाल सोनी के नाम दर्ज करा दिया। इस मामले में अदालत ने 8 फरवरी 2024 को सभी आरोपितों को विचारण हेतु तलब किया था।

# अपने ही बुने जाल में फंस गई सपा : ब्रजेश



निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। ● अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय।

- डिप्टी सीएम ने राममंदिर व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन-पूजन

**अमृत विचार :** सपा अपने ही बने हुए जाल में फंस गई हैं। पूरी तरह से व्यक्तिवादी पार्टी बन गई है। उनका आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है। जिस ढंग से जाति और धर्म के नाम पर वोट मांग रहे है पूरी तरह से जनता ने उन्हें नकार दिया है। ये बातें सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहीं। वह हनुमानगढ़ी और राममंदिर में दर्शन-पूजन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या सरकार की प्राथमिकता में है। आज प्रदेश में अमन चैन का का राज है। कानून व्यवस्था कायम है। प्रदेश पर बीमारू राज का जो कलंक था उससे निकल कर के आज डेवलप स्टेट है। मैं कह सकता हूं उत्तर प्रदेश पूरे राष्ट्र में एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित हो चुका है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते कहा कि सनातन संस्कृति की बात करने की हिम्मत इनके अंदर नहीं है मंदिर की बात नहीं कर सकते वो हमेशा मुस्लिम तुष्टिकरण की बात करते है। एक निजी कार्यक्रम शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम का हेलीकॉप्टर रामकथा पार्क के हेलीपैड पर उतरा। जहां भाजपा की कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग, किशोर घायल

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हैदरपुर के मजरा सुजौलापुर में रविवार रात एक तिलक समारोह के दौरान अवैध असलहे से हुई फायरिंग में 13 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव निवासी रामसेवक कनौजिया के मुताबिक, उनके घर में तिलक का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद अनुराग पांडेय और लालू यादव अवैध असलहे को एक-दूसरे से छीनने लगे। छीना-झपटी में गोली चल गई, जो वहां मौजूद हिमांशु (13) की कमर में जा लगी। गोली लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायल किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी हरगांव ले गए। किशोर की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीतापुर में भी स्थिति नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया है।

# बीए की छात्रा ने फंदा लगाकर दे दी जान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** बीए की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सुरसा थाने के ढ़ोलिया निवासी कढ़िले और उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी, उसकी दो बेटी और एक बेटे राहुल में बड़ी बेटी की शादी हो चुकी थी, जबकि 17 वर्षीय छोटी बेटी अनामिका डा. हरीशंकर मिश्रा डिग्री कालेज में बीए (प्रथम वर्ष) की पढ़ाई कर रही थी। बताते है कि सोमवार की दोपहर राहुल कहीं गया हुआ था, घर में अनामिका अकेली थी, उसी बीच अनामिका ने मकान के ऊपरी कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। राहुल जब घर पहुंचा तो बंद कमरे में बहन का शव फांसी पर लटकता हुआ देखा। सूचना देने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव बाहर निकाल कर उसका पोस्टमार्टम कराया। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### कमरे में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थानाक्षेत्र के गंगाखेड़ा गांव में 17 वर्षीय किशोरी का शव फंदे से लटका देख परिजन बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। बेहटा नथई सिंह गांव के मजरा गंगाखेड़ा निवासी नेहा (17) पुत्री रामदेव लोध का शव सोमवार सुबह उसके कमरे में रस्सी के फंदे से लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। पिता ने बताया कि सुबह 4 बजे वह रोज की तरह वह ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने जा रहा था तो नेहा ने उसे टिफिन बनाकर दिया था। लेकिन सुबह जब अन्य बच्चे सोकर उठे तो नेहा फंदे से लटकी मिली। वह 4 बहनों सीता, राधिका, शारदा, भाई कृष्ण व विष्णु से बड़ी थी। बेटी की मौत से मां गुड्डी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके।

### संकट मोचन के नाम से होगी हनुमान गैलरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में पांच डिजिटल गैलरियां स्थापित की जाएंगी। इसमें आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। जिसकी पहचान के लिए अलग-अलग नाम रखे जा रहे है। संग्रहालय निदेशक संजीव कुमार ने बताया कि डिजिटल गैलरी में अयोध्या के महत्व, राम कथा के साथ अब हनुमान जी की गाथाओं पर भी आधारित एक गैलरी को तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में हनुमान गैलरी को संकट मोचन नाम रखा गया है। इसमें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी में थ्रीडी से लेकर सेवनडी तक के टेक्नोलॉजी का उपयोग करके लगभग 20 मिनट का एक एपिसोड बनाया गया है। इस गैलरी में हनुमान जी के जीवन की पहलुओं को दिखाया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम कथा संग्रहालय को भी अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को प्रदान किया है। उसका भी जीर्णोद्धार करना और जो नई कल्पनाएं हैं। उसको साकार स्वरूप प्रदान करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**NAME CHANGE**

AMAN KUMAR, FATHER No- JC 248986P, RANK - RIS. NAME- JAY CHANDRA, RESIDING AT VILL - BARAHIPURVA POST- LALPUR SHIVRAJPUR, DIST - KANPUR Dehat UTTAR PRADESH, 208001, HAVE CHANGE MY NAME AMAN KUMAR TO AMAN KUMAR PAL FOR ALL FUTURE PURPOSES. AFFIDAVIT DATED 26 March 2026 Before public notary.

**सूचना**

एक किता भवन निर्मित जुज भाग आराजी नं0- 526 मि0 स्थित मौजा- किशरवल, अकबरपुर कानपुर देहात को स्वामी द्वारा हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में बन्धक हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसका मूल बैनामा दिनांकित 28.12.2020 जो कि क्रमांक सं0- 10368 पर स0 रजि0 कार्या0 अकबरपुर में दर्ज है, कहीं खो गया है। उक्त सम्पत्ति पर यदि किसी को सत्व/दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें, अन्यथा उक्त सम्पत्ति को बन्धक स्वीकार कर लिया जायेगा। **शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट), चे0नं0- 24 बाबू लाल अधिवक्ता भवन, सिविल कोर्ट कानपुर, मो0 : 9335063025**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रोहित कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी के गलत चाल चलन के चलते उससे संबंध विच्छेद कर दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कार्य व लेन देन से मेरा कोई सरोकार न होगा। **रामचंद्र पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम लाला भगत थाना रसूलाबाद कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैंने अपने सबसे छोटे पुत्र सत्यप्रकाश पुत्र जगदीश बाबू व उसकी पत्नी अंजली पत्नी सत्यप्रकाश के गलत चाल-चलन के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के किसी कृत्य अथवा लेन-देन का मैं व मेरे परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। **जगदीश बाबू पुत्र शिव दयाल निवासी 5/232, मोहल्ला इस्माइलगंज सानी, शहर व जिला फर्रूखाबाद**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे स्कूल में नाम हेमंत कुमार सिंह और आधार कार्ड में अमन दर्ज है। प्रार्थी आधार कार्ड में अपना नाम हेमन्त कुमार सिंह दर्ज करवाना चाहता है। **हेमन्त कुमार सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह ग्राम चुलम्भा पोस्ट कैसरगंज जिला बहराइच, यू.पी.।**

**सूचना**

बैंक ऑफ इंडिया शाखा भेलसर के खाता संख्या 75191 011 00 13116 में मेरा नाम पिंटू अंकित है। मेरा नाम आधार कार्ड में राजेश कुमार है। पिंटू और राजेश कुमार दोनों नाम मेरा ही है। **राजेश कुमार पुत्र अंबिका प्रसाद निवासी ग्राम शाहपुर पोस्ट शुजागंज थाना टिकैत नगर जिला अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी इण्टरमीडिएट (वर्ष 2024, रोल नंबर 2247082870) व हाईस्कूल (वर्ष 2022, रोल नंबर 1222350526) के अंकपत्र वास्तव में खो गए हैं। मैंने इण्टरमीडिएट चौधरी ओंकारनाथ इंटर कॉलेज, चंद्रनगर नंदवल, फखरपुर (बहराइच) तथा हाईस्कूल श्री महंत जागेश्वर पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, नंदवल (बहराइच) से उत्तीर्ण किया है। **जया वर्मा पुत्री मयंकर वर्मा ग्राम दिकौलिया, विकास खंड फखरपुर, बहराइच।**

**सूचना**

मैं जितेंद्र वर्मा (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) निवासी ग्राम 32 मनकौटी पोस्ट दिलावर नगर थाना रहीमाबाद तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ का है। मेरा नाम पासपोर्ट जितेंद्र (JITENDRA) दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड जितेंद्र वर्मा (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। इसी नाम से जाना पहचाना जाता हूं। मुझे (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) के नाम आज दिनांक से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र प्रवीन शुक्ला के गलत चाल-चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से दिनांक 29/3/26 से बेदखल कर रहा हूँ। मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी अनुचित/गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अमरपाल पुत्र राम प्रसाद, निवासी- रहीमनगर डिडौली, थाना मड़ियांव, जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा डाक घर बचत बैंक, जिला लखनऊ में खाता सं0- 010019529258 है। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फूलमती मौर्या (PHOOLMATI MAURYA) दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) है जो मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अतः मेरे उपरोक्त खाते में मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) दर्ज किया जाये। **फूल मती पत्नी प्रियांशु मौर्या निवासिनी- ग्राम सैदापुर परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा भारतीय स्टेट बैंक शाखा माल, लखनऊ में खाता सं0- 44018243776 है। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फूलमती मौर्या (PHOOLMATI MAURYA) दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) है जो मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अतः मेरे उपरोक्त खाते में मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) दर्ज किया जाये। **फूल मती पत्नी प्रियांशु मौर्या निवासिनी- ग्राम सैदापुर परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा जारी पॉलिसी संख्या 236903689 जो कि 26-3-2011 को बीमाधन 62500 की जारी पालिसी में नाम सकंठा प्रसाद हो गया है, जबकि सही नाम मनोज कुमार है। आधार में मनोज कुमार ही अंकित है। उपरोक्त पॉलिसी में सकंठा प्रसाद के स्थान पर मनोज कुमार अंकित किया जाए। **मनोज कुमार पुत्र कैलाश चन्द ग्रा. सेमौरा पो. हुसैनगंज, फतेहपुर**



कार्यक्रम में मौजूद युवक। ● अमृत विचार

### निर्णय लेने की कला ही तय करती है भविष्य की दिशा

**लखनऊ, अमृत विचार :** वृंदावन योजना सेक्टर 6 बी स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में युवा परिवार सेवा समिति द्वारा 'इग्नाइट' वर्कशॉप का आयोजन किया गया| कार्यशाला का मुख्य विषय निर्णय क्षमता रहा। इसमें युवाओं को जीवन के कठिन मोड़ों पर सही चुनाव करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए| कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने चंचल मन और उबलते पानी के रूपक से समझाया कि अशांत मन से लिए गए फैसले अक्सर गलत होते हैं| युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा गया कि सफलता के लिए अपने कंफर्ट जोन की नावों को जलाना पड़ता है। मुख्य वक्ता साध्वी अंबिका भारती ने युवाओं को अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सही समय पर लिया गया एक सही निर्णय ही व्यक्ति को 'आइकन' बनाता है|कार्यशाला को सफल बनाने में युवा परिवार सेवा समिति के करण, शुभांकर, शिखर, हरि, अनीश, श्रेयश, अगम श्रीवास्तव और पुष्पेंद्र ने सक्रिय भूमिका निभाई और पूरे कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन किया| कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक म्यूजिकल बैंड और स्किट की प्रस्तुति के साथ हुआ।

## वेतन विवाद को लेकर लेखाकार पर हमला

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में वेतनवृद्धि को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को मारपीट में बदल गया। संविदा स्टाफ नर्स के पति ने अस्पताल के लेखाकार पर कार्यालय में घुसकर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

वेतनवृद्धि को लेकर कुछ दिन पहले नर्स और अस्पताल प्रशासन के बीच विवाद हुआ था। इसी को लेकर नाराज स्टाफ नर्स का पति अस्पताल पहुंचा और लेखाकार राजकुमार गुप्ता के कक्ष में घुसकर उनके साथ मारपीट की। लेखाकार के हाथ में फ्रैक्चर बताया जा रहा है।

सीसीटीवी फुटेज में घटना के बाद आरोपी को कमरे से भागते देखा गया, जबकि लेखाकार भी डंडा लेकर उसके पीछे दौड़ते नजर आए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित की तहरीर पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### संदिग्ध हालात में पड़ा मिला युवक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** असोहा थानाक्षेत्र के कालूखेड़ा गांव के पास भाई की हत्या के मुकदमे के वादी छोटे भाई का शव शराब ठेके के पास पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई है। मौरावां थानाक्षेत्र के पारा गांव निवासी राकेश (35) पुत्र स्व. भगवानदीन खेती करता था। माता-पिता की मौत हो चुकी है और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। रविवार सुबह वह घर से निकला था।

**सूचना**

इसरार अहमद सिद्दीकी से विवाहोपरांत मेरा नाम कौसर फातिमा से बदलकर कौसर इसरार हो गया है जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर भी अंकित है। कौसर फातिमा एवं कौसर इसरार दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे ही है। **कौसर इसरार निवासी- सी -2706, सेक्टर-6, सपना कॉलोनी, राजाजीपुरम लखनऊ, उ.प्र.।**

**कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जनपद-अमेठी/सुल्तानपुर**

पत्रांक- 28 /क्षे0आयु0यू0चि0अ0/हे0वे0से0/विज्ञप्ति/2025-26/ दिनांक- 20.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

अधोहस्ताक्षरी के अधीन जनपद अमेठी में संचालित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों (अमेठी 25 शैय्या, शारदन, रामगंज, टीकरमाफी, बहुआ यूनानी चिकित्सालय) में हेल्थ वेलनेस सेन्टर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) क्रियाशील किये जाने हेतु शासनादेश- संख्या-आ0मि0-119/96/आयुष-2-2020-127/201, दिनांक 19.10.2020 एवं शासनादेश संख्या-W-81/96/आयुष-2-2020-127/2016, दिनांक 04.12.2020 के क्रम में जनपद अमेठी में अंशकालिक योग प्रशिक्षक पुरूष एवं महिला के लिये नीचे अंकित तालिका के कालम संख्या-05 के अनुसार नियुक्ति/आबद्धीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | पदनाम | पद की संख्या | | | स्थान | अर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | 5 | 6 |
| 1 | योग प्रशिक्षक अंशकालिक | 03 पुरूष पद एवं 05 महिला पद | | | राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अमेठी 25 शैय्या, शारदन, रामगंज, टीकरमाफी एव मुसाफिरखाना 15 शैय्या यूनानी चिकित्सालय | (1) योग प्रशिक्षक (अंशकालिक)<br>आयु सीमा- न्यूनतम 21 वर्ष या 21 वर्ष से अधिक स्वस्थ एवं 65 वर्ष तक के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।<br>शैक्षिक योग्यता-<br>(ए) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से साढ़े पॉच वर्षीय कोर्स बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक<br>अथवा<br>(बी)1- बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/एम0एस0सी0 (योग)/एम0ए0 (योग) डिग्री धारक<br>(बी)2- अनुभव 01 वर्ष।<br>अथवा<br>(सी)1- पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यक्रम) डिप्लोमा धारक<br>(सी)2 अनुभव 02 वर्ष।<br>अथवा<br>(डी)1- योग सर्टिफिकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा "योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर" प्रमाण पत्र धारक।<br>डी)2- अनुभव 01 वर्ष।<br>नोटः-<br>1- हेल्थ वेलनेस सेन्टर अंशकालिक योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।<br>2- कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा/प्रमाण पत्र के उत्तीर्ण/प्राप्त करने के उपरान्त का ही मान्य होगा। | 1.अंशकालिक योग प्रशिक्षक पुरूष हेतु पारिश्रमिक रू 8000/- प्रतिमाह।<br>2.अंशकालिक योग प्रशिक्षक महिला हेतु पारिश्रमिक रू 5000/- प्रतिमाह। |
| | Category | SC | GEN | OBC | | | |
| | पुरूष | 1 | 1 | 1 | | | |
| | महिला | 2 | 2 | 1 | | | |

अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश एवं शर्तेः-

1. आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक-22.04.2026 दिन बुधवार शाम 5 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। शाम 5 बजे के बाद किसी भी दशा में आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे।
2. समस्त शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, स्व-प्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें एवं यथास्थान स्व-हस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज का अपना नवीनतम फोटो आवेदन पत्र में चस्पा करें।
3. अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र समस्त संलग्नकों सहित- जिला कार्यक्रम अधिकारी, कार्यालय जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, अनुसूचित छात्रावास, रंजितवापुर, कटरा लालगंज, गौरीगंज, जनपद-अमेठी -227409 के पते पर प्रेषित किये जायेंगे।
4. आवेदन पत्र/समस्त नियम व शर्तें जनपद अमेठी के एन0आई0सी0 वेबसाइट https://amethi.nic.in पर उपलब्ध रहेगा, जिससे देखा एवं डाउनलोड किया जा सकेगा। अभ्यर्थी आवेदन से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशों का अवलोकन अवश्य कर लें।

(डा0 अब्दुल बारी)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,
अमेठी/सुल्तानपुर

UP-249091 दिनांक 30.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## फर्नीचर आपूर्ति घोटाले में बीएसए कार्यालय का कर्मी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक कार्रवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय के कर्मचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर भ्रष्टाचार सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। जिला बेसिक कार्यालय में फर्नीचर आपूर्ति घोटाले में आरोपी बाबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था इस मामले में पहले भी गिरफ्तारी हो चुकी है।

प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को गायत्रीपुरम क्षेत्र से प्रेमशंकर मिश्रा पुत्र नागेन्द्र मिश्रा को गिरफ्तार किया। स्थायी निवास गायत्रीपुरम मानस बिहार कॉलोनी में है। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में कोतवाली नगर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# सीबीआई की टीम ने बैंक में की जांच-पड़ताल

कछौना, हरदोई

- रिश्वत लेते मैनेजर की गिरफ्तारी से संबंधित मामला

**अमृत विचार :** कस्बे में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में इन दिनों सीबीआई द्वारा अभिलेखों की जांच-पड़ताल जारी है। लखनऊ से आई सीबीआई टीम द्वारा बैंक में घुसकर फाइलों को बारीकी से जांचा, जिसे देखकर बैंक कर्मचारियों के पसीने छूट गए।

यह जांच-पड़ताल कुछ दिनों पहले शाखा के मैनेजर और ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक सुरेश कुमार चौधरी की रिश्वत मामले में गिरफ्तारी से संबंधित है। सीबीआई ने यह कार्रवाई बघौली थाना क्षेत्र के ग्राम कमोलिया निवासी सीमा देवी की शिकायत पर की है। शिकायत के आधार पर सीबीआई टीम द्वारा 10 मार्च को दर्ज मुकदमे के मामले की जांच शुरू की।

इसी जांच के सिलसिले में लखनऊ सीबीआई की एसीबी ब्रांच टीम बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पहुंची। टीम ने बैंक के इंचार्ज मैनेजर वैभव से पूछताछ की और अभिलेखों की पड़ताल की। इस दौरान शिकायतकर्ता महिला सीमा देवी भी बैंक में मौजद थी।

न्यूज ब्रीफ

### सीओ ने थाने में गोष्ठी कर दिए निर्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ ने थाना कठेला समयमाता के समस्त उप निरीक्षक के साथ गोष्ठी कर उनके द्वारा कृत कार्यों एवं विवेचनाओं की समीक्षा की। सीओ मयंक द्विवेदी ने सोमवार को थाना कठेला समयमाता के समस्त उप निरीक्षक के साथ गोष्ठी कर उनके द्वारा कृत कार्यों एवं विवेचनाओं की समीक्षा की। इस दौरान विवेचनाओं के निस्तारण, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देश दिये। साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, साइबर अपराध आदि बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### शिक्षा केवल किताबी ज्ञान को रटना नहीं

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बांसी में शिक्षा में नवाचार एवं शोध का महत्व विषयक शैक्षिक सेमिनार उमेश कुमार त्रिपाठी उपशिक्षा निदेशक/ प्राचार्य डायट के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। सेमिनार को संबोधित करते हुए डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता लालजी कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान को रटना नहीं है, बल्कि यह वह माध्यम है जो विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करता है। वर्तमान तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के युग में, शिक्षा का स्वरूप लगातार बदल रहा है। इस बदलते परिवेश में, नवाचार और शोध शिक्षा की आत्मा बन गए हैं।नवाचार शिक्षा को बोझिल और उबाऊ बनाने के बजाय, आनंदमयी और आकर्षक बनाता है।

# परवर्ती आवंटी को सुने बिना अपील का निर्णय अवैध

विधि संवाददाता, प्रयागराज।



अमृत विचार। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उचित मूल्य दुकान आवंटन से जुड़े मामले में कहा कि किसी दुकान के मूल लाइसेंसधारी की बहाली से प्रभावित होने वाले परवर्ती आवंटी को अपीलीय कार्यवाही में सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है। ऐसे व्यक्ति को पक्षकार बनाए बिना पारित आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह की एकलपीठ ने मेसर्स महालक्ष्मी सेल्फ हेल्प ग्रुप तथा राज कुमार उर्फ राजू के साथ दो अन्य याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई करते हुए पारित किया।

दोनों मामलों में मूल लाइसेंसधारियों के लाइसेंस निरस्त होने के बाद दुकानों का आवंटन नए आवंटियों को किया गया था। बाद में अपील में निरस्तीकरण आदेश रद्द कर मूल लाइसेंसधारकों को बहाल कर दिया गया, जबकि नए आवंटियों को अपील में न तो पक्षकार बनाया गया और न ही उनकी सुनवाई की गई। याचियों ने तर्क दिया कि विधिवत चयन और आवंटन के बावजूद उन्हें सुने बिना अपीलीय आदेश पारित कर दिया गया, जिससे उनके अधिकार प्रभावित हुए। राज्य की ओर से भी स्वीकार किया गया कि उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण विनियमन) नियंत्रण आदेश, 2016 के तहत अपील का निस्तारण प्रभावित पक्ष को सुनवाई का अवसर दिए बिना नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि भले ही परवर्ती आवंटी को स्वतंत्र अधिकार प्राप्त न हो, फिर भी उसे अपनी स्थिति स्पष्ट करने और निरस्तीकरण आदेश के समर्थन में पक्ष रखने का अधिकार है। यदि उसे सुने बिना आदेश पारित किया जाता है तो ऐसी कार्यवाही विधि सम्मत नहीं मानी जा सकती।

कोर्ट ने कहा कि मामले में किए गए विचार-विमर्श और निष्कर्षों के आधार पर उत्तर प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों को आवश्यक निर्देश जारी करना जरूरी है, जिससे राम कुमार मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उचित मूल्य दुकान के लाइसेंस निरस्तीकरण के विरुद्ध दायर अपीलों में अपीलीय प्राधिकारी, अपील स्वीकार करते समय या अंतिम सुनवाई के दौरान संबंधित उपजिलाधिकारी से यह रिपोर्ट तलब करेंगे कि विवादित दुकान का नया आवंटन किया गया है या नहीं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि यदि दुकान का पुनः आवंटन हो चुका हो, तो नए आवंटी को अपील लंबित होने की सूचना देते हुए नोटिस जारी किया जाए, जिसकी तामील उपजिलाधिकारी के माध्यम से कराई जाएगी, जिससे नोटिस की सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। नोटिस में आवंटी के उपस्थित होने की तिथि स्पष्ट रूप से अंकित की जाएगी, साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि अपील पर अंतिम निर्णय लेने से पहले नए आवंटी को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाना अनिवार्य होगा।

# एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जनपद में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का सीएमओ डॉ रामानुज कन्नौजिया ने शुभारंभ किया।इसका सोमवार को सीएचसी खलीलाबाद में किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाकर औपचारिक उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुज कन्नौजिया ने बताया कि जिले में यह अभियान किशोरियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं सीएचसी अधीक्षक की मौजूदगी में किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस



सीएचसी खलीलाबाद में किशोरियों को एचपीवी टीका लगाकर शुभारंभ करते स्वास्थ्य कर्मचारी।

टीकाकरण से अवश्य जोड़ें, ताकि भविष्य में इस घातक बीमारी से बचाव संभव हो सके। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि गार्डासिल-4 वैक्सीन 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी किशोरियों को लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है।

# हर मरीजों को दें गुणवत्तापूर्ण उपचार : ब्रजेश

## उप मुख्यमंत्री ने सीएचसी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की परखी गुणवत्ता, दिए निर्देश

संवाददाता कुशीनगर

अमृत विचारः उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को जनपद भ्रमण के दौरान द लर्निंग वर्ल्ड स्कूल के उद्घाटन कार्यक्रम से पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फाजिलनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था तथा मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण केंद्र,



सीएचसी निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

प्रसूति कक्ष एवं पैथोलॉजी विभाग पहुंचे, जहां उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन किया तथा उपचार व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर उपचार एवं दवा उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यक दवाओं की सतत उपलब्धता बनाए रखने तथा मरीजों के साथ संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि सरकारी अस्पतालों की सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसके लिए नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी की जा रही है। उपस्थित पंजिका का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी कर्मचारी को पूर्व में लिखित प्रार्थना पत्र एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से अनुमति के बिना अवकाश स्वीकृत न किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रप्रकाश, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उमाशंकर नायक सहित संबंधित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में आठ मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम

कुशीनगर, अमृत विचारः उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) परीक्षा 2024 परिणाम में कुशीनगर के आधा दर्जन से अधिक मेधावियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। स्थानीय युवाओं ने विभिन्न पदों पर चयनित होकर क्षेत्र में प्रतिभा का परचम लहराया है, जिससे जिले में खुशी की लहर है। शानदार सफलता प्राप्त करने वालों में हाटा नगर पालिका के वार्ड नं 11 निवासी पं दीनदयाल उपाध्याय नगर पटनी निवासी रौनक मणि पुत्र राजेश मणि, हाटा नगर के महुआरी निवासी राकेश रमन मिश्रा पूर्व सभासद हाटा के पुत्र अग्निवेश मिश्रा ने भी सफलता अर्जित की।बेलही शुक्ल निवासी सेवानिवृत्त होमगार्ड्स कमांडेंट अशोक शुक्ला के सुपुत्र आयुष शुक्ल, मल्लूडीह निवासी रमेश गौंड के सुपुत्र ओमप्रकाश गौंड, शिवपुर निवासी दयाशंकर सिंह की सुपुत्री गरिमा सिंह, धर्मागर छपरा निवासी मुखलाल यादव के सुपुत्र सुधीर यादव,भलुही बोदरवार निवासी नेहा सिंह पुत्री प्रदीप सिंह, कप्तानगंज के गंभीरपुर निवासी विद्याभूषण सिंह पुत्र मदन सिंह के इस सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। यह सफलता स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है, जो जनपद के लिए एक गर्व का क्षण है।

# 141 सहायिकाओं को दिए गए नियुक्ति पत्र

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के लोक भवन से प्रदेशव्यापी आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण अभियान का आगाज किया। जनपद मुख्यालय स्थित अम्बेडकर सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के दौरान जिले की 141 नव-नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही जनपद में करोड़ों की लागत वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों और गोदामों का लोकार्पण व शिलान्यास भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री व इटवा के पूर्व विधायक डॉ0 सतीश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में बीते 09 वर्षों में महिला व बाल कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आये हैं। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन से लैस कर तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर बच्चे को उसके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण प्रारम्भिक शिक्षा देना है। इसी कड़ी में जनपद में 45 नये आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का लोकार्पण, 3 केन्द्रों का शिलान्यास और 5 बाल विकास परियोजना कार्यालय सह गोदाम की आधारशिला रखी गई है।

### वार्षिकोत्सव में हुआ मेधावियों का सम्मान

संतकबीरनगर, अमृत विचार। विकासखंड खलीलाबाद क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरपुरवा में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं परीक्षा परिणाम वितरण समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक अख्तर आलम ने की। समारोह के दौरान विद्यालय के मेधावी व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी विद्यार्थियों को पेन वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया, जिससे पूरे परिसर में खुशी का माहौल रहा। प्रभारी प्रधानाध्यापक अख्तर आलम ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, अनुशासन बनाए रखने और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# मां के अवैध संबंधों में 12 साल के बेटे की हत्या

संवाददाता कुशीनगर।

अमृत विचारः जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र में अवैध संबंधों में बाधा बने 12 वर्षीय किशोर की निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर मामले का पर्दाफाश करते हुए हत्यारे प्रेमी को जेल भेज दिया।

12 वर्ष का राजवीर हाटा नगर के गोपाल बिरैचा में अपने मामा के घर में अपनी मां व छोटे भाई के साथ रहता था। बीते शनिवार को राजवीर अचानक लापता हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीमों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए संदिग्धों से पूछताछ शुरू



मृतक राजवीर का फाइल फोटो।

- ननिहाल में मां और उसके प्रेमी को आपत्तिजनक हालत में देखने के कारण गंवानी पड़ी जान

की। जांच के दौरान पुलिस को किशोर की मां के परिचित डब्लू गौड़ पर शक हुआ। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसका राजवीर की मां के साथ प्रेम संबंध है।

घटना के दिन राजवीर ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था और इसकी जानकारी अपने मामा को देने की भी बता



आरोपी को जेल भेजती पुलिस।

कही थी। आरोपी की पत्नी व तीन बच्चे हैं, अवैध संबंधों का भेद खुल जाने के डर में डब्लू गौड़ ने बालक को रास्ते से हटाने का प्लान बना लिया।

उसने राजवीर को नए कपड़े दिलाने का लालच देकर बाइक पर बैठाकर बाजार ले का झांसा दिया। रास्ते में रधिया-देवरिया नहर मार्ग पर सुनसान स्थान देखकर उसने गमछे से गला घोंटकर राजवीर की हत्या कर दी और शव झाड़ियों में छिपाकर फरार हो गया। रविवार की रात करीब 9 बजे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। मूल रूप से रामकोला थाना क्षेत्र के कतरौल गांव के निवासी राजवीर के पिता प्रमोद यादव रोजगार के सिलसिले मे सऊदी अरब में हैं। प्रमोद की पत्नी रीना दोनो बेटो के साथ मायके में ही रहती हैं। राजवीर अपने भाई से छोटा था।

### डीएम ने कोषागार का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा कोषागार (ट्रेजरी) के डबल लॉक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डबल लॉक प्रणाली के अंतर्गत सुरक्षित रखे गए अभिलेखों, नकदी तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गहनता से जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अभिलेखों के संधारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं दैनिक मिलान की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जा रही हैं।

### दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बभनी मार्ग पर मधवापुर गांव के पास शनिवार देर सायं को दो बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। उक्त हादसे में 25 वर्षीय छोटेलाल की मौत हो गई, जबकि दूसरा अज्ञात बाइक सवार भी घायल हो गया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के डबरा गांव निवासी छोटेलाल पुत्र बहाऊ शनिवार देर सायं अपनी भाभी को मधवापुर पहुंचाने गया था और भाभी को वहां पहुंचाकर अपने घर वापस लौट रहा था। वहीं छोटेलाल मधवापुर गांव के बाहर बभनी मार्ग पर जैसे ही पहुंचा था कि सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गिरकर चोटिल हो गये। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय पर भेजवाया। जहां कुछ देर बाद ही छोटेलाल की मौत हो गई।

# शिक्षक कभी शिक्षण कार्य से अलग नहीं होता

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। नौगढ़ विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बचड़ा-बचड़ी में तैनात प्रधानाध्यापिका मिथिलेश सिंह सेवानिवृत्त हो गईं। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने विदाई समारोह आयोजित किया। परिजनों ने शिक्षिका को गाजे बाजे के साथ अहिरौली गांव में घर तक लेकर पहुंचे। जहां पर फूलों की वर्षा करके स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डीसी एमडीएम धर्म प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक सेवाकाल से भले ही सेवानिवृत्ति हो जाते हों लेकिन वह शिक्षण कार्य से हमेशा जुड़े रहते हैं। अब तो सरकार भी सेवा निवृत्त शिक्षकों से भी अलग से मानदेय



सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाध्यापिका को विदाई देतीं शिक्षिकाएं।

देकर शिक्षण कार्य संचालित करा रही है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनय कांत मिश्र ने किया। इस दौरान डाक्टर दिनेश यादव, शिक्षक दिव्यांशु यादव, विजय बहादुर यादव, विभा चतुर्वेदी, उषा यादव,शैलेन्द्र कुमार, श्याम लता, रूबी, पल्लवी सिंह, मीरा देवी, उषा उपाध्याय, सरोज यादव एवं अनीता यादव आदि मौजूद रही।

इसके अलावा बीआरसी मिठवल पर खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल की उपस्थिति में विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे दो शिक्षकों वरुणेंद्र राय एवं केश राम चौधरी तथा अनुचर हजारी प्रसाद को विदोई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक संघ के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र रहे। पूर्व माध्यमिक संघ के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि शिक्षक समाज को संवारने का काम करता है। विभाग से भले ही सेवानिवृत्त हो रहे हो लेकिन समाज के लिए जीवन पर्यन्त मार्गदर्शन का काम करते रहते हैं। विकासखण्ड के समस्त शिक्षकों तथा पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय कन्नौजिया ने सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने की बैठक

गोरखपुर, अमृत विचार। उत्पादन इंजीनियर/सिगनल कारखाना ध्रुव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, महादेवी वर्मा की जयंती पर विशेष हिंदी कार्यशाला, प्रेमचंद एवं मैथिली शरण गुप्त पुरस्कार योजना-2025 एवं मधुमेह रोग से बचाव विषय पर तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उत्पादन इंजीनियर/सिगनल कारखाना, ध्रुव कुमार शर्मा ने कहा कि सभी रेलकर्मी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय और रेलवे बोर्ड द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2025-2026 के निर्धारित लक्ष्यों का अपने कार्यक्षेत्र में शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। सहायक कारखाना प्रबंधक/सिगनल कारखाना एवं राजभाषा संपर्क अधिकारी बीरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी कंप्यूटर प्रयोक्ताओं द्वारा कंप्यूटर पर यूनिकोड में हिंदी के मंगल फोंट में कार्य किया जाए।

# लुम्बिनी प्रदेश की विधायक रेखा बाल शोषण के आरोप में गिरफ्तार

बढ़नी (सिद्धार्थनगर), अमृत विचार। पड़ोसी नेपाल में भारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच लुम्बिनी प्रदेश की विधायक रेखा शर्मा को नेपाल पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया।बड़ी राजनीतिक हलचल के बीच हुई उक्त सनसनीखेज कार्रवाई से वहां की राजनीति तरंगित हो गई है। इस घटना ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में गहरी चर्चा छेड़ दी है। विधायक पर बाल शोषण का गंभीर आरोप है।

नेपाल की राजधानी काठमांडू के उपत्यका अपराध अनुसंधान टीम ने रविवार रात उन्हें धुम्बराही स्थित उनके आवास से हिरासत में



विधायक रेखा शर्मा।

लिया है। उनके पति चिंतामणि शर्मा के अनुसार, पुलिस अचानक घर पहुंची और विधायक को अपने साथ ले गई। सूत्रों के मुताबिक, रेखा शर्मा पर एक नाबालिग बच्ची को घरेलू काम के लिए रखकर उससे जबरन काम कराने का गंभीर आरोप है, जो कानून और मानवता दोनों के खिलाफ माना जा रहा है। खबर है कि काठमांडू उपत्यका की टीम ने कार्रवाई करते हुए उक्त नाबालिग बच्ची को उनके घर से सुरक्षित रेस्क्यू भी किया है।

आयोजन | नेपाल में भव्य श्री रामकथा के पांचवें दिन सीता-राम विवाह सहित अन्य प्रसंग सुनाए

# सिया राम सब जग जानी, करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)


अमृत विचार। पड़ोसी नेपाल के कृष्णनगर स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रहे भव्य श्रीरामकथा के पांचवें दिन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का जीवंत वर्णन करते हुए जानकी स्वयंवर की मोहक कथा का वर्णन किया। सीता स्वयंवर का अलौकिक वर्णन सुन भक्तगण रोमांचित हो गए।

नेपाल में चल रहे श्रीरामकथा के पंचम दिन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार गुरु विश्वामित्र के सानिध्य में प्रभु श्रीराम



कथा में मौजूद महिला श्रद्धालु व कथा सुनाते कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज।

और लक्ष्मण लाल शिक्षा अर्जन किए और खूंखार राक्षसों के संहार के लिए गुरु के साथ वन की ओर प्रस्थान किए। उन्होंने ताड़का वध, मारीच-सुबाहु वध जैसे प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। इसके पश्चात जनकपुर धाम (मिथिला) गमन और वहां आयोजित सीता स्वयंवर का बहुत ही मनोहारी व जीवंत वर्णन किया। उन्होंने स्वयंवर का सुंदर चित्रण करते हुए शिव धनुष तोड़ने के राजाओं बहुतेरे प्रयासों का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान राम द्वारा शिव धनुष तोड़ने की घटना का सजीव वर्णन किया। शिव धनुष टूटते ही मां जानकी और उनके सखियों के



खेमे में हुई खुशी का सजीव चित्रण किया। कथावाचक ने "तब जनक पाइ बसिष्ठ आयसु ब्याह साज सँवारि कै। मांडवी श्रुतकीरति उर्मिला कुअँरि लईं हँकारि कै॥ सीय राममय सब जग जानी, करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी।। का गायन किया तो लोग झूम उठे।

### पीएम मोदी गुजरात में करेंगे परियोजनाओं का उद्घाटन

नई दिल्ली, अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को गुजरात का दौरा करेंगे, जहां वे कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं के साथ-साथ महत्वपूर्ण रेल अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। रेल क्षेत्र में, प्रधानमंत्री कनालस-जामनगर दोहरीकरण परियोजना (28 किलोमीटर) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो राजकोट-कनालस दोहरीकरण परियोजना (111.20 किलोमीटर) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गांधीधाम-आदिपुर खंड (10.69 किलोमीटर) के चौगुनीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

# ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 05033/05034 गोमतीनगर-बान्द्रा टर्मिनस-गोमतीनगर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन गोमतीनगर से 06 अप्रैल से 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 07 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को 15 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

इसके अलावा 05301/05302 मऊ-अम्बाला कैंट-मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन मऊ से 02 अप्रैल से 16 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को तथा अम्बाला कैंट से 03 अप्रैल से 17 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को 16 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाडी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 तथा एल.एस. एल.आर.डी. के 01 कोच सहित



कुल 22 आधुनिक कोच लगाये जायेंगे। इसके अलावा 05183/05184 आजमगढ़-बान्द्रा टर्मिनस-आजमगढ़ सुपरफास्ट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन आजमगढ़ से 04 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 06 अप्रैल से 13 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक सोमवार को 15 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 02 तथा एल.एस. एल.आर.डी. के 01 कोच सहित 20 आधुनिक कोच लगाये जायेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दिल्ली के दिलशाद गार्डन में नाले में गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के दिलशाद गार्डन इलाके में दुर्घटनावश पैर फिसलने से नाले में गिरने से एक शख्स की सोमवार को मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन (डीएफएस) के अनुसार घटना की जानकारी अपराह्न करीब दो बजे प्राप्त हुई, जिसके बाद बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि व्यक्ति नाले में गिर गया था और डूब गया। डीएफएस, बोट क्लब और अन्य स्थानीय बचाव कर्मियों की सहायता से बचाव अभियान शुरू किया गया। निरंतर प्रयास के बाद उसे नाले से बाहर निकाला गया और तुरंत गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### जुबिन गर्ग की मौत मामले में अदालत में रोजाना सुनवाई शुरू

**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ओर से दिन-प्रतिदिन की सुनवाई के लिए गठित त्वरित सत्र अदालत की पहली सुनवाई सोमवार को हुई, जिसमें गिरफ्तार गायिका अमृत प्रभा महंत के वकील ने उनकी ओर से दलीलें पेश कीं। न्यायमूर्ति शर्मिला भुयान ने महंत के वकील एके भुयान की बात सुनी, जबकि अन्य दो आरोपियों श्यामकानू महंत और सिद्धार्थ शर्मा के वकील मंगलवार को अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे। श्यामकानू महंत सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक थे, जबकि शर्मा, गायक गर्ग के सचिव थे।

# नक्सलियों के साथ रहते-रहते खुद नक्सलवादी बन गए कांग्रेस के नेता

## नक्सलवाद के खात्मे पर हुई चर्चा में अमित शाह ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा में कांग्रेस और सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर करार प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि नक्सलियों के साथ रहते-रहते एक पार्टी के नेता खुद नक्सलवादी बन गए। शाह ने देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त किए जाने के मुद्दे पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए राहुल गांधी पर नक्सलियों का समर्थन करने का आरोप लगाया।

गृह मंत्री ने कहा, राहुल गांधी जी अपने लंबे राजनीतिक करियर में कई बार नक्सलियों और उनके हमदर्दों के साथ देखे गए हैं। भारत जोड़ो यात्रा में कई नक्सल फ्रंटल संगठन ने हिस्सा लिया, जिसका रिकॉर्ड भी है। उन्होंने दावा किया कि 2010 में ओडिशा में लाडो शिकोका के साथ राहुल ने मंच साझा किया और शिकोका ने उसी मंच से भड़काऊ भाषण दिया तथा उन्हें माला भी पहनाई। उन्होंने यह भी दावा किया कि 2018 में हैदराबाद में राहुल ने जीवी राव से मुलाकात की, जो नक्सल विचाराधारा के करीब थे तथा मई 2025 में शांति समन्वय समिति के सदस्यों से मुलाकात की। विपक्षी सदस्यों के शोरगुल के बीच शाह ने कहा, 172 जवानों को मारने वाला माड़वी हिडमा जब मारा गया तो इंडिया गेट पर नारे लगे कि कितने हिडमा मारेगो, हर घर से हिडमा निकलेगा।

उन्होंने कहा कि इससे संबंधित वीडियो को राहुल गांधी ने स्वयं ट्वीट किया था और ऐसे में वह कैसे बच सकते हैं। शाह ने कांगेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 1970 से लेकर मार्च 2026 तक नक्सलाद और नरसंहार का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, जो 20 हजार लोग मारे गए, उसका कोई दोषी है तो वह कांग्रेस की वामपंथी विचारधारा है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि मनमोहन सिंह सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) का गठन किया गया और इस तरह एक संविधानेत्तर मंच बनाया गया, जिसकी अध्यक्ष सोनिया गांधी थीं।



नक्सलवाद पर चर्चा के दौरान लोकसभा में बोलते गृहमंत्री अमित शाह।

### क्या वामपंथी उग्रवाद की जगह दक्षिणपंथी उग्रवाद लेगा

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार से सवाल किया किया कि क्या देश में दक्षिणपंथी उग्रवाद वामपंथी उग्रवाद की जगह लेगा। ओवैसी ने कहा, देश में सबसे बड़ी आबादी नौजवानों की है तथा बांग्लादेश व नेपाल के हालिया घटनाक्रमों से सबक लेने की जरूरत है। ओवैसी ने किसी दक्षिणपंथी संगठन का नाम लिए बिना कहा कि फर्जी मुठभेड़, घरों को ध्वस्त करना, आदिवासियों और मुसलमानों की गरिमा को छीनकर एक माहौल बनाने का काम वे संगठन कर रहे हैं जो अतिवादी कट्टरपंथ में यकीन रखते हैं और यह सरकार उनका समर्थन कर रही है।

### आका के लिए खनन का रास्ता साफ कर रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद सप्तगिरि उलाका ने देश से वामपंथी उग्रवाद खत्म करने के लिए निर्धारित समयसीमा को जुमला करार देते हुए लोकसभा में दावा किया भाजपा सरकार नक्सलवाद खत्म नहीं कर रही, बल्कि खनन गतिविधियों के लिए अपने आका को ग्रीन कॉरिडोर दे रही है। उलाका ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि नक्सलवाद एक विचारधारा है, जिसे केवल बल से नहीं खत्म किया जा सकता बल्कि विकास से इस समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि यह जमीन के लिए लड़ाई नहीं, बल्कि विश्वास की लड़ाई है। उन्होंने 31 मार्च तक तक देश को नक्सल मुक्त बनाने के भाजपा सरकार के संकल्प को जुमला करार देते हुए कहा, मुझे तो लगता है कि कहीं से आदेश मिला है कि खनन पट्टा 31 मार्च तक दे दो, बैलाडीला और नियामगिरि जैसी जगहों पर, जहां आदिवासी रहते हैं। उन्होंने सवाल किया कि हिंदी पट्टी में नक्सलवाद खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन पूर्वोत्तर में संघर्ष विराम समझौते क्यों होते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में 2013 में हुए नक्सली हमले में कांग्रेस के कई नेताओं की जान जाने का उल्लेख करते हुए सवाल किया, देश की आजादी की लड़ाई में क्या कोई भाजपा नेता मारा गया। क्या किसी नक्सली हमले में भाजपा का कोई नेता मारा गया।

# राज ठाकरे से मिले पार्थ पवार, अटकलें तेज

मुंबई, एजेंसी



- दोनों नेताओं ने मुलाकात के बारे में नहीं दिया कोई स्पष्टीकरण
- विमान हादसे में अजीत पवार की मौत पर सवाल उठा चुके हैं ठाकरे

महाराष्ट्र में नई राजनीतिक अटकलों को जन्म देने वाले घटनाक्रम में दिवंगत अजीत पवार के पुत्र पार्थ पवार ने सोमवार को दादर स्थित शिवतीर्थ निवास पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की। बिना किसी पूर्व घोषणा के हुई इस मुलाकात ने राजनीतिक हलकों में व्यापक चर्चा छेड़ दी है, हालांकि इसके उद्देश्य पर अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया है।

यह मुलाकात रोहित पवार और राज ठाकरे के बीच हाल ही में हुई एक बैठक की पृष्ठभूमि में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उस बातचीत के दौरान दिवंगत अजीत पवार से जुड़ी विमान दुर्घटना के संबंध में चर्चा हुई थी। ठाकरे ने इसके बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया था और इस घटना पर गंभीर चिंता जताई थी। उन्होंने सवाल उठाया था कि एक प्रमुख राजनीतिक नेता के शामिल होने के बावजूद अभी तक एक साधारण प्राथमिकी भी दर्ज क्यों नहीं की गई है। उन्होंने इस स्थिति को संदिग्ध बताते हुए जवाबदेही की मांग की थी। पार्थ पवार करीब डेढ़ घंटे तक शिवतीर्थ निवास पर रहे , हालांकि वह बिना कोई बयान दिए वहां से चले गए, जिससे इस मुलाकात की प्रकृति और उद्देश्य के बारे में अटकलें और तेज हो गई हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बातचीत केवल एक शिष्टाचार भेंट से कहीं अधिक हो सकती है और किसी नए राजनीतिक समीकरणों का संकेत दे सकती है। इस मुलाकात का समय भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि राज्य की सात राज्यसभा सीटें दो अप्रैल को रिक्त होने वाली हैं। खबरों के अनुसार, पार्थ को उनकी पार्टी ने एक सीट के लिए नामांकित किया है और संकेत हैं कि वह निर्विरोध चुने जा सकते हैं। ऐसे में राज ठाकरे के साथ उनकी मुलाकात राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अजीत पवार की विमान दुर्घटना के बाद राकांपा में कई घटनाक्रम हुए हैं, जिसमें पार्थ पवार अधिक सक्रिय राजनीतिक भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं।

### कोर्ट का फैसला पलटने को लाए विधेयकः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने और उसे निरस्त करने के लिए लाया गया है और इस प्रस्तावित कानून के प्रावधानों से पांच केंद्रीय बलों के अधिकारियों के साथ संस्थागत असमानता की स्थिति पैदा होगी।

# दिल्ली में लश्कर-ए-तैयबा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस ने बरामद कीं कई देशों की मुद्राएं और आपत्तिजनक सामग्री

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने यहां गाजीपुर इलाके से लश्कर-ए-तैयबा के एक संदिग्ध आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उसे यहां की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

अधिकारियों ने लोन को कट्टर और उच्च प्रशिक्षित आतंकवादी करार देते हुए कहा कि उसने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से काम करने वाले आकाओं के साथ संबंध स्थापित किए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, राजा और कश्मीरी जैसे उपनामों से जाने जाने वाला लोन जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर का निवासी है। वह उस मॉड्यूल के आका के रूप में काम कर रहा था, जिसका हाल में दिल्ली और कोलकाता के कई स्थानों पर राष्ट्रविरोधी पोस्टर लगाने के मामले में भंडाफोड़ किया गया था। अधिकारी के अनुसार, विशेष प्रकोष्ठ की नई दिल्ली रेंज की एक टीम ने रविवार रात गाजीपुर इलाके से शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उसके कब्जे से कई विदेशी मुद्राएं और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। इनमें लगभग 2,300 बांग्लादेशी टका, 1,400 नेपाली मुद्रा, 5,000 पाकिस्तानी मुद्रा और 3,000 भारतीय मुद्रा शामिल हैं। एक नेपाली सिम कार्ड भी जब्त किया गया है, जिससे सीमा पार बातचीत और परिचालन समन्वय का संदेह पैदा हुआ है।

# तेलंगाना : विधानसभा ने चयन समिति के पास भेजा घृणास्पद भाषण विधेयक

हैदराबाद, एजेंसी

- अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार के उल्लंघन के आरोप का सरकार ने किया खंडन

तेलंगाना विधानसभा ने सोमवार को भाजपा, भाकपा और सत्ताधारी कांग्रेस के कुछ सदस्यों की मांग के बाद घृणास्पद भाषण को रोकने के उद्देश्य से लाए गए विधेयक को एक चयन समिति को भेज दिया। इस विधेयक में घृणास्पद भाषणों के लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

तेलंगाना घृणास्पद भाषण और घृणा अपराध (रोकथाम) विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों के विवरण के अनुसार, घृणास्पद भाषण तथा घृणा अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने और विनियमित करने के लिए एक समर्पित कानून की आवश्यकता है, क्योंकि मौजूदा कानूनी ढांचा घृणास्पद भाषण और अपराधों का व्यापक समाधान प्रदान नहीं करता। मुख्यमंत्री की ओर से विधेयक पेश करने वाले और बाद में बहस का जवाब देने वाले राज्य परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समेत अन्य दलों के सदस्यों के इन आरोपों का खंडन किया कि विधेयक के प्रावधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करते हैं।

उन्होंने कहा कि विधेयक नागरिक अधिकारों का उल्लंघन किए बिना प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि विधेयक को विस्तृत जांच और रिपोर्ट के लिए सदन की एक चयन समिति को भेजा जाए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य कुनामनेनी सांबसिवा राव ने किसी संगठन के केवल एक सदस्य द्वारा आपत्तिजनक भाषण देने पर संगठन के खिलाफ मामला दर्ज करने के कथित प्रावधान पर आपत्ति जताते हुए विधेयक को वापस लेने की मांग की।

# ईरान पर छाए धुएं के भारत पर असर का अध्ययन कराए केंद्र

- शिवसेना के संजय राउत ने विशेषज्ञों की समिति गठित करने की मांग की

**नई दिल्ली।** ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर अमेरिका और इजराइल की बमबारी से आग लगने के बाद उठे जहरीले धुएं के भारत पर असर की आशंका का अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किए जाने की मांग सोमवार को राज्यसभा में की गई।

शिवसेना उद्धव के संजय राउत ने शून्य काल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनिया भर में ईंधन की समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि इजराइल के बम ईरान पर गिर रहे हैं लेकिन ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर लगी आग से छाए काले धुएं का असर पासपड़ोस और भारत तक भी पहुंचने की आशंका पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि इस धुएं से गुजरात, राजस्थान और पंजाब आदि राज्यों के विशेष रूप से प्रभावित होने की संभावना है। राउत ने कहा कि इस धुएं के भारत पर होने वाले असर का अध्ययन करने के लिए तत्काल पर्यावरण विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को इस युद्ध को रुकवाने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय में जोरदार आवाज उठानी चाहिए।

### आय से अधिक संपत्तिः आयकर अधिकारी की पत्नी को 19 साल बाद दो साल की कैद

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को आयकर विभाग के एक पूर्व अधिकारी की पत्नी को लगभग 19 साल पुराने आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराते हुए दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

दोषी जसोदाबेन वडाडिया के पति रमेशभाई वडाडिया भी इस मामले में आरोपी थे लेकिन मुकदमे की सुनवाई के दौरान उनकी मौत हो गई। सीबीआई के मुताबिक अदालत ने जसोदाबेन वडाडिया को दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उन पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। यह मामला 30 जून, 2007 को दर्ज किया गया था। जसोदाबेन पर इस मामले में पति की सहायता करने का आरोप था। सीबीआई के मुताबिक, गांधीनगर स्थित अतिरिक्त आयकर आयुक्त कार्यालय में तैनात रमेशभाई वडाडिया पर एक जनवरी, 2002 से 30 अप्रैल, 2007 के बीच 29,49,977 रुपये की संपत्ति जमा करने का आरोप था, जो उनकी ज्ञात आय के स्रोतों का 247 प्रतिशत थी। सीबीआई ने जांच पूरी होने के बाद 24 दिसंबर, 2008 को दोनों के खिलाफ आरोप में आरोपपत्र दायर किया।

# ये विधेयक हमें द्वितीय श्रेणी का नागरिक बना देगा

## सीएपीएफ विधेयक को अधिकारियों ने बताया दमनकारी, गृहमंत्री को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों के एक समूह ने गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन देकर सीएपीएफ (सामान्य प्रशासन) विधेयक 2026 पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि यह विधेयक उन्हें उस संगठन के भीतर द्वितीय श्रेणी का नागरिक बना देगा, जिसमें वे सेवा कर रहे हैं।

अधिकारियों ने दलील दी कि यह विधेयक प्रतिनियुक्ति पर आए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों के लिए शीर्ष नेतृत्व की भूमिकाएं आरक्षित करके अदृश्य अवरोध को मजबूत करता है और कैडर अधिकारियों को अपने स्वयं के संगठनों का नेतृत्व करने से स्थायी रूप से रोकता है। इस संबंध में 2011-2016 बैच के अधिकारियों ने कई पत्र भी लिखे हैं।

ऐसा ही एक पत्र सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट बिभोर कुमार सिंह का है, जिन्हें 2022 में बिहार में नक्सल-विरोधी अभियान के दौरान असाधारण वीरता प्रदर्शित करने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था, जो देश का तीसरा सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। अधिकारियों ने कहा कि ये पत्र प्रभावित होने वाले अधिकारियों ने उचित माध्यम से उनके मुख्यालय को भेजे थे, ताकि उन्हें गृह मंत्री को भेजा जा सके, जबकि अग्रिम प्रतियां व्यक्तिगत ईमेल से गृह मंत्री को भेजी गई थीं।

### आत्मसम्मान के साथ जारी नहीं रख पाएंगे सेवा

अधिकारियों ने शाह से कहा कि विधेयक के प्रावधान दमनकारी हैं। यदि प्रतिनियुक्ति को विशेषज्ञता और क्षेत्रीय अनुभव पर प्राथमिकता दी जाती है तो उनके लिए आत्मसम्मान के साथ सेवा जारी रखना असंभव होगा। अधिकारियों ने कहा कि यह विधेयक कैडर उनका मनोबल तोड़ेगा, वित्तीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बनेगा। इसे अदृश्य अवरोध करार देते हुए कहा कि डीजी और एसडीजी के शीर्ष पद पर आईपीएस अधिकारियों के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण का अर्थ है कि कैडर अधिकारी अपनी पूर्ण पात्रता और सेवा के बावजूद कभी भी अपने संगठनों का नेतृत्व नहीं कर पाएंगे।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# घुसपैठ चुनावी मुद्दा नहीं, यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का लगाया आरोप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। पहली बार वोट देने वाले और युवा मतदाताओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है और उन्हें आगाह करना चाहिए कि सबसे छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में पार्टी की जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मोदी ने कहा, घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं है। यह असम की पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा का विषय है। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध तरीके से भूमि कब्जाने की अनुमति दी। कहा जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं।

# शबरिमाला मंदिर से सोने की चोरी पर मोदी चुप क्योंः राहुल



- कांग्रेस नेता ने केरल में यूडीएफ उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया

**पत्तनमथिट्टा/कोट्टायम।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केरल विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी नीत यूडीएफ का चुनाव प्रचार किया और इस दौरान यहां सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर तीखा हमला किया।

उन्होंने शबरिमला मंदिर में सोने की चोरी में माकपा नेताओं की कथित भूमिका के बारे में एक लोकप्रिय गीत के आधार पर तैयार 'पैरोडी' गीत की एक पंक्ति गाई और साथ ही इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कथित चुप्पी पर सवाल उठाया। गांधी ने पत्तनमथिट्टा और कोट्टायम जिलों के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के उम्मीदवारों के लिए आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि यूडीएफ को नौ अप्रैल के चुनाव में माकपा और भाजपा के गठजोड़ का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल ने पत्तनमथिट्टा जिले, जहां भगवान अयप्पा का प्रसिद्ध शबरिमला मंदिर स्थित है, में नुक्कड़ सभा में एक गीत की पंक्ति 'स्वर्णम कट्टथु आरप्पा' (अयप्पा का सोना किसने चुराया) गाई। इस गीत का इस्तेमाल यूडीएफ ने कुछ महीने पहले स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान वामपंथी दलों के खिलाफ मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया था। इस दौरान जनसभा में मौजूद भीड़ ने भी राहुल का उत्साह बढ़ाया।

### एसआईआरः दार्जिलिंग की पहाड़ियों से सिलीगुड़ी तक विरोध प्रदर्शन

- सड़कों पर उतरे हजारों लोग, भारतीय सेना के पूर्व जवान भी हुए शामिल

**सिलीगुड़ी।** दार्जिलिंग की पहाड़ियों से लेकर सिलीगुड़ी के मैदानी इलाकों तक एसआईआर के दौरान पूरक मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में सही मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शनों ने जोर पकड़ लिया है।

दार्जिलिंग की पहाड़ियों में कई पूर्व भारतीय सेना के जवान समेत प्रभावित निवासियों ने सड़कों पर उतरकर अपना गहरा आक्रोश व्यक्त किया। कई लोगों ने कहा कि इस घटना से प्रभावित परिवारों में अनिश्चितता है और उनकी रातों की नींद उड़ गई है। सिलीगुड़ी में सोमवार को भाकपा (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेताओं ने वीनस मोड़ पर प्रदर्शन किया। उन्होंने सिलीगुड़ी और आसपास के क्षेत्रों में एसआईआर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया।

### बंगाल की सूची में नाम जोड़ने के लिए दूसरे राज्यों से आ रहे हैं प्रपत्र छहः अभिषेक

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में अन्य राज्यों से बड़े पैमाने पर प्रपत्र-छह आवेदन जमा किए जाने पर चिंता जताई और निर्वाचन आयोग से स्पष्टीकरण मांगा। अभिषेक ने एक्स पर पोस्ट किया, हम जो देख रहे हैं वह बेहद चिंताजनक है। इस बात के लगातार संकेत मिल रहे हैं कि बंगाल की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने के एकजुट प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके केंद्र में भाजपा है। निर्वाचन आयोग इसको लेकर आंखें मूंदे हुए है। तृणमूल महासचिव ने शाम को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल से मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोगों को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उनके मताधिकार का क्या हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी को कई जिलों से प्रपत्र-छह के आवेदनों में अचानक वृद्धि की विश्वसनीय रिपोर्ट मिल रही हैं।

### केरलः निर्वाचन आयोग पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को हलवा खिलाएगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को निर्वाचन आयोग की एक अनूठी पहल के तहत 'हलवा' दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) रतन यू. केलकर ने आगामी चुनाव में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए 'वोट स्वीटेंड केरल अभियान' नाम के एक विशेष अभियान की घोषणा की। इस संबंध में 29 मार्च को एक आदेश जारी किया गया था। आदेश के अनुसार, युवा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों के तहत जिलों के चुनिंदा मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के बीच विशेष ब्रांडेड 'हलवा' वितरित किया जाएगा। आदेश के तहत, 200 हलवा पैकेट जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के कार्यालयों में पहुंचाए जाएंगे, जो इस पहल के लिए मतदान केंद्रों का चयन करेंगे।

### पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के लिए चुनाव अधिसूचना जारी, 6 अप्रैल तक नामांकन

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी कर दी, जिससे दोनों राज्यों में औपचारिक रूप से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतदान 23 अप्रैल को होने वाला है, जो दो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में एक निर्णायक चुनावी प्रक्रिया होगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है, जबकि नामांकनों की जांच 7 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।



फिल्म अभिनेता व टीवीके के नेता विजय ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया।

### पश्चिम बंगाल में पांच डब्ल्यूबीसीएस अफसरों का चुनाव से पहले तबादला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह स्थानांतरण विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल सिविल सेवा (कार्यकारी) के पांच अधिकारियों के फेरबदल के तहत उठाया गया है। यह फेरबदल प्रशासनिक निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव के बाद किया गया।

### बंगालः ईडी ने टीएमसी विधायक देबाशीष कुमार को चुनाव के बीच समन जारी किया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को दक्षिण कोलकाता के रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक देबाशीष कुमार को पश्चिम बंगाल में अवैध भूमि-हड़प मामले में पूछताछ की। कोलकाता नगर निगम के मेंबर-मेयर-इन-काउंसिल देबाशीष शहर के उत्तर-पूर्वी बाहरी इलाके सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां जांच अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। विधानसभा चुनाव के लिए रासबिहारी सीट से दोबारा नामांकित कुमार की जांच एक शहर-आधारित संगठन से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के मामले में की जा रही है।

# अमृत विचार

**मंगलवार, 31 मार्च 2026**



लोकतंत्र अच्छा है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं, क्योंकि अन्य प्रणालियां इससे बदतर हैं।
–**जवाहर लाल नेहरू**, पूर्व प्रधानमंत्री



## घर में घिरे ट्रंप

अमेरिकी जनता में उभरता व्यापक जन-असंतोष मात्र सत्ता से नीतिगत मतभेद ही नहीं, बल्कि शासन-शैली और संस्थागत संतुलन पर गहरे सवालों का संकेत है। अमेरिका में 'नो किंग्स मूवमेंट' के तहत डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के विरुद्ध जिस प्रकार देशव्यापी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि लोकतांत्रिक समाजों में जनता केवल मतदाता नहीं, बल्कि सतत निगरानी करने वाली शक्ति भी है। इन प्रदर्शनों का दायरा केवल युद्ध नीतियों तक सीमित नहीं। संघीय इमिग्रेशन कानूनों की कठोरता, बढ़ती महंगाई और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर जनता की मुखरता ने ट्रंप के लिए नया मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी जनता के एक वर्ग में यह धारणा मजबूत हुई है कि सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ रहा है और कार्यपालिका, विशेषकर राष्ट्रपति, अपनी शक्तियों का विस्तार असाधारण रूप से कर रहे हैं। ट्रंप द्वारा एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का व्यापक उपयोग, राज्यों की आपत्तियों के बावजूद नेशनल गार्ड की तैनाती और कथित राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच या मुकदमे चलाने के संकेत, इन सबने इस असंतोष को हवा दी है। आलोचकों का आरोप है कि यह प्रवृत्ति अमेरिकी लोकतंत्र की संस्थागत परंपराओं के विपरीत है। ट्रंप स्वयं को 'राजा न होने और 'राष्ट्रहित में निर्णायक नेतृत्व' देने की बात भले ही कहते रहें, पर लोकतंत्र में केवल दावों से नहीं, बल्कि संस्थागत आचरण से विश्वास बनता है। व्हाइट हाउस द्वारा इन विरोध प्रदर्शनों को 'ट्रंप डिरेंजमेंट थेरेपी' कहकर खारिज करना भी चिंताजनक है। यह न केवल असहमति का सामान्यीकरण है, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करने वाला दृष्टिकोण भी है। इतिहास बताता है कि जनमत को नज़रअंदाज़ करने की कीमत राजनीतिक रूप से चुकानी पड़ती है, विशेषकर तब, जब मिडटर्म चुनाव नजदीक हों। यदि ये प्रदर्शन व्यापक और लगातार बने रहते हैं, तो ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग पर नकारात्मक असर पड़ना तय है और इससे चुनावी परिणाम भी प्रभावित हो सकते हैं। तमाम शहरों में जनता का सड़कों पर उतरना यह दर्शाता है कि युद्ध की कीमत समाज को भी चुकानी पड़ती है। लंदन सहित यूरोप के अन्य हिस्सों में भी अमेरिका-इजराइल की नीतियों के खिलाफ आवाज उठ रही है, जो वैश्विक जनमत के बदलते स्वरूप का संकेत है। ये विरोध युद्ध को प्रत्यक्ष तो नहीं रोक सकते हैं, परंतु वे राजनीतिक नेतृत्व पर दबाव अवश्य बनाते हैं। लोकतंत्रों में जनमत दीर्घकालिक नीति-निर्माण को प्रभावित करता है और यही इन आंदोलनों की वास्तविक शक्ति है। भारत के लिए इसमें महत्वपूर्ण सीख छिपी है। पहली, लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना उसकी मजबूती का संकेत है, कमजोरी का नहीं। दूसरी, विदेश नीति में संतुलन न तो अंध समर्थन, न ही अनावश्यक विरोध- पारंपरिक 'रणनीतिक स्वायत्तता' का आधार होना चाहिए। तीसरी, आंतरिक रूप से यह सुनिश्चित करना कि विकास, सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संतुलन बना रहे।

अमेरिका में उठती ये आवाजें हमें याद दिलाती हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, जवाबदेही और जनविश्वास से संचालित होता है। भारत को इस वैश्विक परिघटना से सीखते हुए अपने पहले ही सुदृढ़ लोकतांत्रिक मूल्यों को और प्रबलित करना चाहिए।

### प्रसंगवश

## भगवान महावीर: सत्य, तप व संयम की शाश्वत संहिता

प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। महावीर जयंती इस वर्ष 31 मार्च को मनाई जा रही है। भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। 'अहिंसा परमो धर्मः' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे, भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है।



**श्वेता गोयल**
शिक्षिका

महावीर का जन्म होते ही उनके पिता राजा सिद्धार्थ के राज्य, मान-प्रतिष्ठा और धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी, इसीलिए उनका नाम वर्धमान रखा गया था और चूंकि वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे, इसीलिए उनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है।

भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नर्क व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते, बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है, या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है।

उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान् व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## 'नो किंग्स' से गूंजा लोकतंत्र का वैश्विक संदेश






**राजेश श्रीनेत**
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उभरता जनाक्रोश अब केवल राजनीतिक असहमति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत संतुलन और नागरिक चेतना की व्यापक अभिव्यक्ति बन चुका है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के लगभग 50 शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए, वहीं यूरोप और ऑस्ट्रेलिया सहित 12 देशों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद की। 3300 से अधिक स्थानों पर विरोध और 80 से अधिक विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि यह आंदोलन अब वैश्विक स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

इस व्यापक विरोध के केंद्र में केवल ट्रंप की नीतियां ही नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्रीकरण के प्रति बढ़ती चिंता भी है। इसी संदर्भ में नो किंग्स प्रोटेस्ट का उभार विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह आंदोलन इस विचार के खिलाफ है कि कोई भी नेता लोकतांत्रिक ढांचे में निरंकुश या राजा की तरह व्यवहार करे। नो किंग्स का संदेश स्पष्ट है, लोकतंत्र में सर्वोच्च सत्ता जनता के पास होती है, न कि किसी एक व्यक्ति के हाथों में।

ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अपनाई गई नीतियों, जैसे- सख्त आव्रजन नीति, नस्लीय मुद्दों पर विवादित टिप्पणियां और मीडिया व न्यायपालिका के साथ टकराव ने अमेरिकी समाज को गहरे स्तर पर विभाजित किया। उनके समर्थक, जहां उन्हें एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता के रूप में देखते हैं, वहीं आलोचक उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा मानते हैं। यही विभाजन आज सड़कों पर दिखाई दे रहा है। नॉट माई प्रेसिडेंट और नो किंग्स जैसे नारों का उभार यह दर्शाता है कि एक बड़ा वर्ग सत्ता के प्रति असहमति को खुलकर व्यक्त कर रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर यह असहमति की स्वतंत्रता को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह प्रतिनिधित्व के संकट की ओर भी संकेत करती है। जब नागरिक अपने ही निर्वाचित नेता को स्वीकार करने से इंकार करते हैं, तो यह राजनीतिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं। अमेरिका का इतिहास नागरिक अधिकार आंदोलनों, युद्ध विरोधी अभियानों और सामाजिक न्याय के संघर्षों से भरा रहा है। नो किंग्स आंदोलन उसी परंपरा का आधुनिक संस्करण है, जो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सत्ता का दुरुपयोग न हो और लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत बनी रहें। इस आंदोलन में युवाओं और शिक्षित वर्ग की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय परिसरों में हुए प्रदर्शन यह दर्शाते हैं कि नई पीढ़ी राजनीतिक रूप से जागरूक है और वह सत्ता से जवाबदेही की मांग कर रही है। डिजिटल युग ने इस आंदोलन को और गति दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से विचारों का तेजी से प्रसार हो रहा है, जिससे आंदोलन की पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस विरोध के गहरे निहितार्थ हैं। अमेरिका को लंबे समय से लोकतंत्र का आदर्श माना जाता रहा है, ऐसे में वहां इस तरह के व्यापक विरोध-प्रदर्शन यह संकेत देते हैं कि लोकतंत्र एक सतत् प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर सुधार की आवश्यकता होती है।

अब यदि इस पूरे घटनाक्रम को भारत के संदर्भ में देखा जाए, तो कई महत्वपूर्ण समानताएं और सीख सामने आती हैं। भारत भी एक विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र है, जहां समय-समय पर नागरिक अपनी असहमति व्यक्त करते रहे हैं। चाहे वह नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन हों, किसान आंदोलन हो, या अन्य सामाजिक राजनीतिक मुद्दे, भारतीय समाज ने भी लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी आवाज उठाई है।

भारत में भी अक्सर यह बहस होती है कि क्या सत्ता का केंद्रीकरण लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में अमेरिका का नो किंग्स आंदोलन भारतीय संदर्भ में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि लोकतंत्र में संस्थाओं की स्वतंत्रता, मीडिया की निष्पक्षता और न्यायपालिका की स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। यदि ये संतुलन बिगड़ता है, तो नागरिकों का असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

भारत और अमेरिका की परिस्थितियां पूरी तरह समान नहीं हैं। भारत की सामाजिक संरचना, राजनीतिक इतिहास और सांस्कृतिक विविधता अलग है। फिर भी, दोनों देशों में एक समान तत्व यह है कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जब जनता जागरूक होती है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहती है, तभी लोकतंत्र जीवंत बना रहता है। यह भी उल्लेखनीय है कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन की सफलता उसकी प्रकृति पर निर्भर करती है। अमेरिका में हुए अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि नागरिक अपने अधिकारों का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण सीख है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को शांतिपूर्ण और रचनात्मक बनाए रखना आवश्यक है, ताकि वे व्यापक समर्थन प्राप्त कर सकें और सकारात्मक बदलाव ला सकें।

ट्रंप के खिलाफ यह आक्रोश केवल एक व्यक्ति के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारा के खिलाफ है, जो लोकतंत्र को कमजोर कर सकती है। नो किंग्स आंदोलन इस बात का प्रतीक है कि नागरिक किसी भी प्रकार के निरंकुश व्यवहार को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत सहित पूरी दुनिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है। जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरते हैं, तभी लोकतंत्र जीवंत और प्रभावी बना रहता है। यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निष्कर्ष है।

> अमेरिका के दर्जनों शहरों में 'नो किंग्स' आंदोलन हो रहे हैं। यह भारत सहित पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है।

### आमने सामने



ममता दीदी हमेशा पीड़ित होने का नाटक करके राजनीति खेलती हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी वो सिर पर पट्टी बांधे नजर आती हैं। कभी-कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और अब वह (चुनाव) आयोग के सामने खुद को असहाय बता रही हैं और उसकी झूठी आलोचना कर रही हैं।
**–अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

वे कहते हैं कि मैं चुनाव के समय पट्टी बांधकर घूमती हूं। मैं कई बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं। जाकर डॉक्टर की रिपोर्ट देखिए। क्या आपने साल 2021 के चुनाव में जानबूझकर मेरे पैर को चोट पहुंचाई थी? मैंने व्हीलचेयर पर बैठकर प्रचार किया।
**–ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



## उत्तर भारत की जल सुरक्षा पर मंडराता संकट



**पंकज चतुर्वेदी**
वरिष्ठ पत्रकार

कश्मीर की वादियों में मार्च का महीना आमतौर पर बर्फ के पिघलने और नदियों के उफनते वेग का प्रतीक होता है, लेकिन साल 2026 के मार्च का पहला सप्ताह एक ऐसी खामोशी लेकर आया है, जिसने पर्यावरणविदों और नीति-निर्धारकों की नींद उड़ा दी है। झेलम नदी, जो सदियों से सभ्यता और संस्कृति की संवाहिका रही है, उसका प्रवाह अचानक थम सा गया है। श्रीनगर के बीचों-बीच सूखी गाद और उभरते पत्थरों का दृश्य केवल एक स्थानीय भौगोलिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह समूचे उत्तर भारत की जल व्यवस्था के लिए एक खतरे की घंटी है। इस संकट की जड़ें जितनी गहरी हैं, इसके परिणाम उतने ही व्यापक और विनाशकारी हो सकते हैं।

झेलम का उद्गम कश्मीर घाटी के ऊपरी हिस्से में स्थित बेरीनाग से है और यह लीदर घाटी की बर्फ से जल धारा प्राप्त करती है। वूलर झील में मिलने के पूर्व श्रीनगर के बाद इसमें सिंधु नदी मिलती है। बारामूला के नीचे झेलम कश्मीर घाटी को छोड़कर तेज गति से आगे बढ़ती है और गहरी घाटी बनाती हुई पश्चिम की ओर होती हुई मुजफ्फराबाद पहुंचती है, जहां दाईं ओर से आकर किशनगंगा मिलती है। इसके बाद नदी दक्षिण की ओर कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा-रेखा बनाती हुई बहती है और झेलम शहर के उत्तर-पूर्व में पाकिस्तान में प्रवेश करती है। यहां से 322 किमी आगे बहने के बाद तिरमू के पास यह चेनाब में मिल जाती है। स्पष्ट है झेलम पर दोनों देशों के लाखों लोगों की उम्मीदें रहती हैं– खेत के लिए, पेयजल और बिजली परियोजनाओं के लिए। मार्च के तीसरे हफ्ते में कुछ बरसात और बर्फबारी हुई है, लेकिन नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। झेलम सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं। झेलम जैसी नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं और जब पहाड़ों का 'वाटर बैंक' ही खाली हो, तो मैदानों में प्रवाह की उम्मीद बेमानी हो जाती है, लेकिन संकट केवल नदी के सूखने तक सीमित नहीं है; इसका भयावह असर कश्मीर की पहचान मानी जाने वाली डल झील पर भी दिखने लगा है। झेलम में कम होते प्रवाह और पानी की गति थमने के कारण डल झील के बड़े हिस्से अचानक गहरे हरे रंग में तब्दील हो गए हैं। स्थानीय निवासी, जो दशकों से इस झील के किनारे रह रहे हैं, बताते हैं कि उन्होंने अपने जीवन में डल का ऐसा रूप पहले कभी नहीं देखा। विशेषज्ञों के अनुसार, जब नदी का इनफ्लो (आवक) कम हो जाता है और पानी स्थिर रहने लगता है, तो पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) का जमाव बढ़ जाता है, जिससे पानी की सतह पर इस तरह के बदलाव दिखाई देते हैं।

इस सूखे का तात्कालिक कारण सर्दियों के दौरान हिमालयी क्षेत्र में वर्षा और हिमपात की भारी कमी है। कश्मीर की नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं। जब सर्दियों के 'चिल्लई कलां' जैसे कठिन समय में पहाड़ों पर बर्फ की परतें नहीं जमीं, तो बसंत के आगमन पर नदियों को मिलने वाला प्राकृतिक भंडार खाली रह गया। यह 'हिम-ऋण' अब झेलम के सूखे तल के रूप में हमारे सामने है। झेलम का सूखना केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के चरमराने का संकेत है। इसका सबसे पहला और सीधा प्रहार कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। झेलम घाटी के धान के खेत और दक्षिण कश्मीर के विश्व प्रसिद्ध फलों के बागान इसी नदी के जल पर आश्रित हैं। मार्च और अप्रैल का समय बुवाई और सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस समय जल का प्रवाह न्यूनतम रहा, तो इसका असर न केवल उत्पादन पर पड़ेगा, बल्कि भविष्य की फसल सुरक्षा भी अनिश्चित हो जाएगी। कृषि के बाद, ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा संकट हमारे सामने खड़ा है। भारत की कई महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाएं झेलम के बहाव पर टिकी हैं। नदी का स्तर गिरने से बिजली उत्पादन ठप हो सकता है, जिससे पूरे उत्तरी ग्रिड पर दबाव बढ़ेगा और हमें वैकल्पिक, प्रदूषित ऊर्जा स्रोतों की ओर मुड़ने को मजबूर होना पड़ेगा। जल कूटनीति के नजरिए से भी यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत झेलम के पानी का एक बड़ा हिस्सा सीमा पार जाता है, जबकि भारत के पास इसके सीमित उपयोग के अधिकार हैं। जब प्रकृति की ओर से ही पानी की आवक कम होगी, तो दोनों देशों के बीच संसाधनों के बंटवारे को लेकर तनाव बढ़ना लाजिमी है। ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नई चुनौतियां पेश करेंगी। शहरी जल जीवन और जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झेलम का धीमा पड़ता वेग वुलर और डल जैसी विशाल झीलों और आर्द्रभूमियों के अस्तित्व को संकट में डाल रहा है। प्रवासी पक्षियों के आवास और जलीय जीवों का विनाश इस त्रासदी का वह मौन अध्याय है, जिसे अक्सर विकास की फाइलों में जगह नहीं मिलती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> झेलम नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। इसके सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं।

### सोशल फोरम

## पुरुष का मन

पुरुष के भीतर एक ऐसी जगह होती है, जहां वह खुद भी आसानी से नहीं पहुंच पाता। बाहर की दुनिया में वह चलता-फिरता, बोलता-बतियाता, फैसले लेता हुआ दिखाई देता है, लेकिन भीतर कहीं एक शांत, गोल-सी जगह होती है, जहां उसके अपने नियम चलते हैं। उस जगह में प्रवेश करना ऐसा होता है, जैसे किसी बंद कमरे में कदम रखना, जहां हर हरकत का अपना अर्थ होता है।



**आरके आंद रश**
कारोबारी

पुरुष का मन अक्सर बाहर से कठोर दिखता है, लेकिन भीतर वह एक अनुशासन चाहता है। यह अनुशासन किसी डर से नहीं बनता, बल्कि इसलिए बनता है कि भीतर की शांति टूट न जाए। जब आदमी अपने भीतर उतरता है, तो उसे महसूस होता है कि वहां हर दिशा, हर कदम का महत्व है। अगर वह जल्दी-जल्दी भागेगा, अगर वह बिना सोचे किसी भी भावना के बीच से गुज़र जाएगा, तो भीतर की व्यवस्था बिगड़ जाती है।

मन के भीतर भी एक 'आग' होती है। यह आग क्रोध की नहीं होती, बल्कि चेतना की होती है। यही वह जगह है, जहां आदमी अपनी बात खुद से कहता है, जहां उसके संदेह, पछतावे, उम्मीदें और प्रार्थनाएं एक साथ बैठती हैं। इस आग के साथ एक रिश्ता बनाना पड़ता है। अगर आदमी इसे अनदेखा करता है, अगर वह इसमें हर तरह का कचरा छोटी-छोटी शिकायतें, दूसरों की नकल, या बेकार की तुलना डालने लगता है, तो धीरे-धीरे यह आग धुंधली पड़ जाती है।

बहुत से पुरुष बाहर की दुनिया में तो मजबूत दिखते हैं, लेकिन जब वे अपने भीतर बैठते हैं तो उन्हें एहसास होता है कि बैठना भी एक अभ्यास है। शरीर की तरह मन को भी एक मुद्रा चाहिए। जब आदमी थोड़ी देर शांत बैठता है, अपनी पीठ सीधी रखता है, अपने विचारों को भागने नहीं देता, तभी भीतर की आवाज़ धीरे-धीरे साफ़ सुनाई देने लगती है। अगर वह बेचैन होकर हर पल उठने-बैठने लगे, तो वह आवाज़ खो जाती है।

पुरुष का मन एक बंद जगह की तरह भी होता है। उसमें हर कोई, हर विचार, हर भावना बिना इजाज़त नहीं आ सकती, लेकिन अक्सर पुरुष खुद ही इस नियम को भूल जाता है। वह हर आलोचना को भीतर आने देता है, हर तुलना को जगह दे देता है, हर डर को अपने कमरे में बैठा लेता है। धीरे-धीरे उसका मन भीड़ से भर जाता है। फिर उसे समझ नहीं आता कि उसकी अपनी आवाज़ कौन-सी है।

**–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## बराबरी है तो जमीन पर भी नजर आनी चाहिए

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुंच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएं बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय 'साल्ट' के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयां केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।



**डॉ. प्रियंका सौरभ**
शिक्षिका

शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है। एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हैं और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहां कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहां हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएं, संस्कृतियां और स्थानीय आवश्यकताएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए एक 'कॉमन कोर' के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे।

न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुंचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊंची फीस- ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है। यदि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और निःशुल्क बनाया जाए, तो यह लोकतंत्र के वास्तविक अर्थ को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।





# ऋषियों की तपोभूमि चंदौली है प्राचीन काशी

पूर्वी उत्तर प्रदेश की पावन भूमि पर स्थित चंदौली जनपद को सामान्यत: आधुनिक प्रशासनिक इकाई के रूप में देखा जाता है, किंतु इतिहास, पुरातत्व और आध्यात्मिक परंपराओं की दृष्टि से यह क्षेत्र प्राचीन काशी परंपरा का अविभाज्य अंग रहा है। काशी केवल वर्तमान वाराणसी तक सीमित नहीं रही, अपितु प्राचीन काल में इसका सांस्कृतिक-धार्मिक विस्तार चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र और गाजीपुर तक फैला हुआ था। मां गंगा ने संगम नगरी प्रयागराज के पश्चात विन्ध्य पर्वत को छूते हुए वाराणसी के दक्षिण दिशा से बाबा विश्वनाथ मंदिर वाले भाग काशी को अपनी गोद में लिया, तो तपस्थली वाले भाग प्राचीन काशी चंदौली को भी गाजीपुर के पूर्व ही उत्तर दिशा से काशी के दोनों संपूर्ण भाग को सामान्य रूप से गौरवान्वित किया है। प्राचीन काशी चंदौली के भौगोलिक मानचित्र पर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के रसूलपुर से बैराठ तक आज भी विद्यमान है। इसकी महत्ता पौराणिक ग्रंथों में विधिवत वर्णित है। यहां ऋषियों की तपोभूमि, शिव-शक्ति उपासना और वैदिक संस्कृति की सशक्त छाप आज भी विद्यमान है। चंदौली का नाम चंद्रसाह नामक बरहौलिया राजपूत के नाम पर बताया जाता है, जिन्होंने यहां एक किला बनवाया था।



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

## नगर की प्राचीनता

यह पूरा जिला काशी राज्य के अधिकार में था। इस जिले से संबंधित अनेक कथाओं के अतिरिक्त यहां प्राचीनकाल की मूल्यवान धरोहरों के प्रमाण पाए गए हैं। ईंट आदि के अवशेष जहां-तहां बिखरे पड़े हैं, अनेक तालाब और कुंड हैं। एक बहुत प्राचीन क्षेत्र बलुआ है, जो सकलडीहा तहसील से 22 किलोमीटर दक्षिण गंगा नदी के तट पर स्थित है। यहां हिंदुओं का एक धार्मिक मेला हर वर्ष माघ महीने में मौनी अमावस्या के दिन लगता है। यह पश्चिम वाहिनी मेला के नाम से जाना जाता है। सकलडीहा तहसील का गांव एक महान अघोरेश्वर संत कीनाराम की जन्मभूमि है। वे वैष्णव धर्म के अनुयायी थे, इनका शिव और शक्ति में गहरा विश्वास था। हेतमपुर गांव एक प्राचीन स्थान है, यहां एक किला है, जिसे 'हेतमपुर किला' कहा जाता है। कहा जाता है कि इसको 14 वीं-15 वीं शताब्दी के बीच राजा टोडरमल के द्वारा निर्मित कराया गया था, जो शेरशाह सूरी के राज्य में निर्माण पर्यवेक्षक थे। मुगलकाल के बाद जागीरदार हेतमखां ने इस पर कब्जा कर लिया। चंदौली के राजदरी, देवदरी, चन्द्रप्रभा क्षेत्र तथा आसपास की पहाड़ियों में शैलचित्र, पत्थर के औजार और गुफाएं मिली हैं। ये प्रमाण बताते हैं कि यहां आदिम मानव निवास करता था और यह क्षेत्र जीवन, साधना और प्रकृति-पूजा का केंद्र था। चंदौली का चौसठी देवी क्षेत्र, चन्द्रप्रभा वन्य क्षेत्र और आसपास के स्थल बौद्ध काल में भी महत्वपूर्ण रहे। समीप स्थित सारनाथ से इसका सीधा सांस्कृतिक संबंध रहा। बौद्ध भिक्षु ध्यान और साधना हेतु इन वनों में निवास करते थे।





## मोक्षदायिनी नगरी

'काश्यां मरणान्मुक्ति:' काशी की यह आध्यात्मिक ऊर्जा केवल एक नगर तक सीमित नहीं थी। चंदौली उस ऊर्जा का वनांचली और तपस्वी स्वरूप रहा। चंदौली क्षेत्र में शिवलिंगों, देवी मंदिरों और शक्ति स्थलों की प्राचीन परंपरा है। यहां की लोक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काशी क्षेत्र की रक्षा हेतु इन वनों में विचरण किया। चंदौली में स्थित चन्द्रप्रभा नदी और वन क्षेत्र को अत्यंत पवित्र चंद्रप्रभा तीर्थ के माना जाता है। यहां स्थित जलप्रपात और कुंडों को प्राचीन काल में तपस्या और स्नान के लिए श्रेष्ठ माना गया। यह स्थान केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, अपितु आध्यात्मिक शांति का केंद्र रहा है।

## विश्वामित्र की कर्मस्थली

चंदौली भूभाग पर हजारों वर्षों से अब तक ऋषि-महर्षियों के तप करने का प्रमाण उपलब्ध है। गंगा नदी के तटों से लेकर वाणगंगा और चकिया नौगढ़ के जंगलों तक विस्तृत यह क्षेत्र सभी दृष्टिकोण से सुरक्षित और शांतिप्रिय रहा है, जहां सैकड़ों वर्षों तक एक मुद्रा में बैठे ऋषि-मुनियों ने साधना की। प्राचीन काशी में ही महर्षि याज्ञवल्क्य को चकिया के पठारी तथा जंगली क्षेत्र की शांति खींच लाई थी। जहां उन्होंने एक पैर पर खड़े होकर सैकड़ों वर्ष तपस्या किया। भगवान शंकर से नाराज होकर महर्षि वेदव्यास ने प्राचीन काशी (चंदौली) के साहूपुरी (व्यासनगर) में आए, जहां अपना क्रोध - त्याग किया और वहीं साधना करने लगे। महर्षि विश्वामित्र ने अपनी कर्मस्थली और लीलास्थली नौगढ़ क्षेत्र को बनाया, इसका प्रमाण कर्मनाशा के रूप में विस्तृत है। महाराज दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी इसी भूभाग से जुड़ी है, जहां मगरौर में महाराज भरत के जन्म का प्रमाण मिलता है, इनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। विद्वानों का यह भी मानना है कि इस समृद्ध क्षेत्र में कभी है हयवंशी क्षत्रियों के संहार हेतु यमदग्नि-पुत्र परशुराम ने अशांति फैलायी थी, जिसका प्रमाण रायल ताल को माना जाता है।



## लोक आस्थाएं एवं परंपराएं

चंदौली की ग्राम्य संस्कृति में आज भी काशी की परंपराएं जीवित हैं। श्रावण मास की शिव पूजा, कार्तिक स्नान, लोक देवी-देवताओं की आराधना, संस्कारों में वैदिक मंत्रोच्चार यह सब दर्शाता है कि चंदौली केवल भौगोलिक इकाई नहीं, अपितु यहां के लोक जीवन में आध्यात्मिक निरंतरता व्याप्त है। चंदौली की लोक संस्कृति में काशी की छवि स्पष्ट दिखाई देती है। यहां की भोजपुरी-काशी बोली में राम, शिव, गंगा और काशी से जुड़े असंख्य लोकगीत प्रचलित हैं। विवाह, जन्म और पर्वों पर गाए जाने वाले गीतों में काशी को पुण्य स्थल के रूप में स्मरण किया जाता है। यहां के शिवरात्रि मेले, नवरात्र उत्सव, कार्तिक पूर्णिमा आदि आयोजनों में काशी परंपरा की झलक मिलती है।

## वर्तमान स्वरूप

आज का चंदौली जनपद आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक विकास के संतुलन का उदाहरण है। वाराणसी से 20 मई, 1997 में अलग होकर चंदौली जनपद बना। यह उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित है, जो वाराणसी से 30 किलोमीटर दूरी पर है। यह जनपद वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र से घिरा हुआ है, जो इसके ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व को और पुष्ट करता है। चंदौली को उत्तर प्रदेश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है। उपजाऊ भूमि, नहर प्रणाली, कर्मनाशा और चन्द्रप्रभा के जल से परिपूरित यह क्षेत्र कृषि के साथ-साथ अब औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों की ओर भी बढ़ रहा है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य, जलप्रपात, ऐतिहासिक स्थल और अनेक धार्मिक स्थल पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र हैं। यदि इनका समुचित विकास किया जाए, तो चंदौली आध्यात्मिक-पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान प्राप्त कर सकता है। चंदौली और काशी का पुराना अटूट संबंध है। जहां काशी (वाराणसी) ज्ञान, मोक्ष और चेतना का केंद्र रही, वहीं चंदौली उसका वन्य, तपस्वी और प्राकृतिक विस्तार क्षेत्र कहा जा सकता है। चंदौली ने काशी की आत्मा को अपने वनों, नदियों, लोक जीवन और आस्थाओं में सुरक्षित रखा है। आज आवश्यकता है कि इस विरासत को पहचाना जाए, संरक्षित किया जाए और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए। चंदौली केवल एक जनपद नहीं, अपितु यह प्राचीन काशी की जीवित स्मृति है।

---

पौराणिक कथा

# कर्ण और वृषकेतु

वेदव्यास लिखित महाभारत में कर्ण की कथा अत्यंत मार्मिक और रहस्यमयी रूप में वर्णित मिलती है। विवाह से पूर्व ऋषि दुर्वासा के वरदान के प्रभाव से कुंती को एक पुत्र प्राप्त हुआ, जिसे समाज के भय से उन्होंने नदी में बहा दिया। यह बालक सूर्यपुत्र कर्ण था। नदी की धारा में बहते हुए उस शिशु को सारथी अधिरथ और उनकी पत्नी ने अपनाकर उसका पालन-पोषण किया। आगे चलकर हस्तिनापुर के महाराज धृतराष्ट्र के ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन ने कर्ण की प्रतिभा को पहचानते हुए उसे अपना मित्र बनाया और अंग देश का राजा बनाया। कर्ण के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यही रही कि न तो वह स्वयं अपने जन्म का सत्य जान पाया और न ही पांडव और कौरव इस रहस्य से परिचित थे कि वह कुंती का ज्येष्ठ पुत्र है। कर्ण की दो पत्नियां थीं-ऋषाली और सुप्रिया। ऋषाली सूत कुल की थीं। उनसे कर्ण को नौ पुत्र प्राप्त हुए। महाभारत युद्ध के दौरान कर्ण के आठ पुत्र- वृषसेन, चित्रसेन, सत्यसेन, सुसेन, शत्रुंजय, प्रसेन, बनसेन और अन्य अर्जुन, भीम तथा सात्यकि जैसे महारथियों के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। केवल सबसे छोटा पुत्र वृषकेतु, जो उस समय अल्पायु था, भीष्म पितामह के आदेश से युद्ध में शामिल नहीं हुआ।



शिवचरण चौहान
लेखक



महाभारत युद्ध के उपरांत कर्ण का अंतिम संस्कार उसके वरदानानुसार श्रीकृष्ण के हाथों संपन्न हुआ। कर्ण की पत्नी ऋषाली पति-वियोग सहन न कर सकीं और सती हो गईं। इधर वृषकेतु ने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लेने का संकल्प लिया, परंतु सम्राट युधिष्ठिर ने सत्य स्वीकार करते हुए कर्ण को अपना बड़ा भाई घोषित किया और वृषकेतु को स्नेहपूर्वक इंद्रप्रस्थ का अधिपति बना दिया। वृषकेतु ने बाद में अर्जुन के साथ कई सैन्य अभियानों में भाग लिया। कुंती द्वारा कर्ण जन्म का रहस्य छिपाए जाने पर धर्मराज युधिष्ठिर ने अपनी माता को श्राप दिया कि भविष्य में कोई भी स्त्री रहस्य नहीं छिपा सकेगी। इसके पश्चात उन्होंने कुंती का त्याग कर दिया। कुंती, धृतराष्ट्र, गांधारी, विदुर और संजय वन को प्रस्थान कर गए। कहा जाता है कि कर्ण को न स्वीकार पाने का पश्चाताप कुंती को जीवनभर व्यथित करता रहा, ऐसे में वृषकेतु ने ही उनका सहारा बनकर सेवा की।

एक दिन जंगल में आग लग गई और आग बहुत तेजी से फैलने लगी। आंखों में पट्टी बांधे गांधारी और धृतराष्ट्र नहीं भाग सके। जंगल की आग में जलने लगे तो उनके साथ कुंती, विदुर और संजय ने साथ नहीं छोड़ा और सभी के सभी जंगल की आग में जलकर मृत्यु को प्राप्त हुए। बाद में जब पांडव हिमालय की ओर प्रस्थान कर गए, तब इंद्रप्रस्थ का शासन वृषकेतु और हस्तिनापुर का राज्य परीक्षित के हाथों में रहा। परीक्षित की मृत्यु तक्षक नाग के दंश से हुई, जिसके पश्चात उनके पुत्र जनमेजय ने नाग यज्ञ का आयोजन किया।

---

# अलखनाथ मंदिर: भाव ही भक्ति



आनंद अखाड़ा के नागा बाबा अलखिया के नाम पर पड़ा अलखनाथ मंदिर नाम किला रोड स्थित 84 बीघे में फैला बेहद प्राचीन है। मुगलों के आक्रमण के समय धर्मरक्षा का केंद्र था यह मंदिर। बताते हैं कि वट वृक्ष के बीचो-बीच शिवलिंग स्वयं प्रकट हुए थे। मुगल शासकों के आक्रमण के समय में मंदिर व धर्म की साख बचाने के लिए आनंद अखाड़ा ने नागा बाबा अलखिया को यहां भेजा था। उन्होंने न सिर्फ मंदिर परिसर मुगल आक्रांताओं से सुरक्षित रखा, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा शुरू कर अलखनाथ मंदिर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर दिया। बाबा अलखिया ने यहां पर रहकर तपस्या की फिर मंदिर की स्थापना भी कराई।

*-फीचर डेस्क*




अलखनाथ मंदिर में वट वृक्ष के बीचो-बीच प्रकट हुए शिवलिंग के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यहां पर भक्त जिस भाव से आते हैं भोलेनाथ भी उसकी इच्छा उसी भाव से पूरी करते हैं। अलखिया बाबा के बाद 1008 सूरज गिरि, नागा बाबा दत्त गिरि और कमल गिरि ने मंदिर की गद्दी संभाली फिर देव गिरि महाराज 24 वर्ष तक गद्दी पर विराजमान रहे। धर्म गिरि और इनके बाद बालक गिरि ने 9 वर्ष की आयु में यहां आकर अपना पूरा जीवन लगा दिया। अब उनके शिष्य कालू गिरि महाराज 2016 से मंदिर की व्यवस्था देख रहे हैं। मंदिर परिसर में ही मंदिर की गद्दी संभालने वाले महंतों की समाधियां भी बनी हैं।

पुजारी सलोने श्याम के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मंदिर का विकास तेजी से हुआ है। वर्ष 2022 में नाथ मंदिरों में शामिल किए जाने के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त की गई है। मंदिर परिसर में राम-सीता का दरबार, शनि मंदिर, शिव विवाह की झांकी, विष्णु दरबार की झांकियां बनी हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान की 51 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर परिसर में सावन, शिवरात्रि आदि त्योहारों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में करीब 25 संत-महंत रहते हैं।

### भक्तों के लिए सीधे-सच्चे हैं बाबा अलखनाथ

पिछले 40 साल से मंदिर आने वाली 60 वर्षीय सुमन ने बताया कि बाबा अलखनाथ बहुत सच्चे हैं। जीवन में जो मांगा आज तक सब कुछ मिला है। इस उम्र में भी यहां रोजाना आती हूं। रमेश ने बताया ठेले पर सामान बेचता था, कभी उन्नति नहीं हुई। पांच साल से बाबा के दर्शन के बाद ही काम पर जाता हूं, अब अपनी कमाई से संतुष्ट हूं। बाबा पर पूरा भरोसा है। मंदिर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है। अलखनाथ मंदिर के बाहर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित लिखा है। हालांकि मंदिर के पुजारी सलोने श्याम के अनुसार ये बोर्ड तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए लगाया गया था। वर्तमान में मंदिर में केवल असामाजिक तत्वों का आना मना है।





---

# किसे कहा जा सकता है गुरु

गुरु मूल रूप से वह शिक्षक नहीं है, जैसा कि हम आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग करते हैं-यानी वह व्यक्ति जो अपने मन से ज्ञान को आप तक पहुंचाता है। ज्ञान पुस्तकों में मिल सकता है। अवधारणाएं एक ही दोपहर में समझी जा सकती हैं। गुरु के पास जो ज्ञान है, उसे न तो समझाया जा सकता है, न ही सिखाया जा सकता है। यह केवल संचारित होता है, ठीक वैसे ही जैसे एक लौ बुझी हुई मोमबत्ती को अग्नि प्रदान करती है। मोमबत्ती लौ नहीं बन जाती, बल्कि वह स्वयं ही उसी अग्नि से भीतर से प्रज्वलित हो जाती है। यही शक्तिपात है।



शिवानंद मिश्रा
आध्यात्मिक लेखक

गुरु उपायः- गुरु ही साधन हैं। एक विशेष प्रकार का अंधकार होता है, जो प्रकाश की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि प्रकाश के अस्तित्व को ही भूल जाना है। आप इसमें वर्षों, दशकों तक भी रह सकते हैं-संसार में कुशलतापूर्वक, बुद्धिमानी से, यहां तक कि कुछ क्षणों के लिए प्रसन्नतापूर्वक भी आगे बढ़ सकते हैं-फिर भी भीतर ही भीतर एक शांत, अनकहा दर्द लिए रहते हैं। एक अनुभूति कि कुछ आवश्यक चीज़ गायब है। कि आप अपने आप की सतही अवस्था में जी रहे हैं। कि आपके भीतर की गहराई को कभी छुआ ही नहीं गया है। यदि आप भाग्यशाली हैं, यदि ब्रह्मांड में कोई असाधारण कृपा से आपकी ओर मुड़ता है, तो एक व्यक्ति प्रकट होता है। सहमेशा वस्त्रों में नहीं। हमेशा औपचारिकता के साथ नहीं। कभी-कभी सबसे साधारण परिस्थितियों में-एक आकस्मिक मुलाकात में, सही समय पर बोले गए एक वाक्य में, किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आपके हाथों में रखी गई पुस्तक में, जिसने बस इतना कहा हो-इसे पढ़ो। लेकिन उस मुलाकात में कुछ ऐसा होता है, जो आपकी अब तक की सभी मुलाकातों से अलग होता है।




उसमें कुछ ऐसा होता है, जो आपको केवल जानकारी नहीं देता, आपका मनोरंजन नहीं करता या आपको सांत्वना नहीं देता-वह आपको बदल देता है। वही व्यक्ति गुरु है। और यह सूत्र-मात्र दो शब्द-'गुरु उपायः', उस बात की घोषणा करता है जिसे तर्कसंगत मन गंभीरता से लेने के लिए लगभग बहुत सरल पाता है-गुरु साधन हैं। केवल साधन नहीं। आध्यात्मिक उपकरणों के अनेक साधनों में से एक नहीं-साधन। वह स्वयं साधन। वह माध्यम, जिसके द्वारा सोई हुई आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को जागृत करती है। गुरु की आवश्यकता क्यों है? आपमें ऐसी कई बातें हैं, जिन्हें आप स्वयं नहीं देख सकते, लेकिन दूसरे उन्हें स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। आंख स्वयं को नहीं देख सकती। मन अपनी कमियों को पूरी तरह से नहीं देख सकता। चेतना में एक विशेष प्रकार की गांठ होती है-वह है अपने आप को केंद्रीय मानने वाली छोटी-सी 'स्व' की गांठ, जिसे उसी हाथ से खोलना असंभव है जिसने उसे बांधा है। आपको एक दूसरे हाथ की आवश्यकता है। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको नियंत्रित करे। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको छोटा करे। बल्कि एक ऐसा हाथ, जो आपके विस्मृति के अंधकार में इतनी स्थिरता, इतने प्रेम और सत्य में इतनी अटूट दृढ़ता के साथ पहुंचे कि उनकी उपस्थिति में वह गांठ स्वतः ही खुलने लगे। वही हाथ गुरु है।

---

बोधकथा

# दीपक और हवा

एक गांव में अर्जुन नाम का एक युवक रहता था। वह बहुत महत्वाकांक्षी था और जीवन में बड़ा नाम कमाना चाहता था, लेकिन हर बार जब वह कोई नया काम शुरू करता, तो थोड़ी सी कठिनाई आते ही हिम्मत हार बैठता। असफलताओं से परेशान होकर एक दिन वह गांव के एक वृद्ध गुरु के पास पहुंचा। अर्जुन ने कहा, "गुरुदेव, मैं मेहनत तो करता हूं, लेकिन बार-बार असफल हो जाता हूं। समझ नहीं आता कि मेरी मेहनत में कमी है या किस्मत साथ नहीं दे रही।" गुरु ने कुछ देर सोचा और उसे रात को अपने साथ बैठने को कहा। जब अंधेरा हुआ, तो गुरु एक छोटा सा दीपक जलाकर अर्जुन के सामने रख दिया। फिर उन्होंने खिड़की खोल दी, जिससे तेज हवा अंदर आने लगी। हवा के झोंकों से दीपक की लौ बार-बार डगमगाने लगी और कुछ ही क्षणों में बुझ गई। गुरु ने फिर दीपक जलाया, इस बार खिड़की बंद कर दी। अब दीपक की लौ स्थिर और शांत जलने लगी। गुरु मुस्कुराते हुए बोले, "अर्जुन, क्या तुमने कुछ समझा?" अर्जुन ने कहा, "जी गुरुदेव, जब हवा तेज थी तो दीपक बुझ गया और जब हवा बंद कर दी तो वह स्थिर जलने लगा।" गुरु ने समझाया, "यह दीपक तुम्हारी मेहनत है और हवा तुम्हारी कमजोरियां-जैसे अधैर्य, डर और जल्दी हार मान लेना। जब तक तुम इन कमजोरियों को अपने ऊपर हावी होने दोगे, तुम्हारी मेहनत का दीपक बार-बार बुझता रहेगा।" अर्जुन ध्यान से सुन रहा था। गुरु ने आगे कहा, "सफलता के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी जरूरी है। जब तुम अपने मन को स्थिर कर लोगे, तब कोई भी कठिनाई तुम्हें रोक नहीं पाएगी।" अर्जुन को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने निश्चय किया कि अब वह हर कठिनाई का सामना धैर्य से करेगा और जल्दी हार नहीं मानेगा। कुछ समय बाद वही अर्जुन अपने काम में सफल होने लगा। अब वह हर परिस्थिति में शांत और दृढ़ बना रहता था। इस कथा से सीख मिलती है केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी हैं।



## बिजनेस ब्रीफ

### बीएचईएल को मिला 13,500 करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को तेलंगाना में 2,400 मेगावाट की 'चरण-दो' ताप बिजली परियोजना के मुख्य संयंत्र पैकेज के निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी से 13,500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। बीएचईएल ने सोमवार को यह जानकारी दी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, बीएचईएल अक्टूबर, 2024 में इस परियोजना के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी। इसके बाद 29 मार्च, 2026 को एनटीपीसी ने बीएचईएल को 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों वाली इस परियोजना के मुख्य संयंत्र कार्य के लिए आधिकारिक आवंटन पत्र जारी किया।

### प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का आईपीओ 10 को खुलेगा

**नयी दिल्ली।** देश के पहले पंजीकृत लघु और मझोले रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (एसएम रीट), प्रॉपर्टी शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने सोमवार को घोषणा की कि प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का 244.65 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 10 अप्रैल को खुलेगा। एसएम रीट एक ऐसा निवेश माध्यम है जो छोटे और मध्यम स्तर के निवेशकों को बड़े व्यावसायिक भवनों या संपत्तियों में हिस्सेदारी खरीदने और उससे किराया कमाने का मौका देता है। एक बयान के अनुसार, यह आईपीओ 16 अप्रैल को बंद होगा। इसके लिए प्रति यूनिट 10 लाख से 10.50 लाख रुपये का मूल्य दायरा तय किया गया है।

### वोल्टास को 23.52 करोड़ रुपये का नोटिस

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड को आयातित वस्तुओं के कथित गलत वर्गीकरण के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों से 23.52 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। इसमें शुल्क और जुर्माना दोनों शामिल हैं। वोल्टास ने कहा कि वह इस आदेश का विश्लेषण कर रही है और इस मामले में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सेसटैट) के समक्ष अपील दायर करने सहित उचित कानूनी कदम उठाएगी। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी।

### सीएमपीडीआईएल का शेयर पहले दिन ही टूटा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की इकाई सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) का शेयर सोमवार को 172 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर का कारोबार 162.80 रुपये पर शुरू हुआ, जो निर्गम मूल्य से 5.34 प्रतिशत कम था। कारोबार के दौरान, इसमें 11.45 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 152.30 रुपये पर आ गया। बाद में गिरावट के साथ 154.05 रुपये पर बंद हुआ।

# पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा हर जिले में 2 पंपों पर होगी सुविधा

## केंद्र का फैसला: पीडीएस के तहत 60 दिन के लिए केरोसिन के वितरण की अनुमति

नयी दिल्ली, एजेंसी



पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी से दबाव कम करने के लिए सरकार ने पीडीएस के तहत 60 दिनों के लिए कैरोसिन यानी मिट्टी के तेल के वितरण की अनुमति दी है। इसके तहत अब पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन मिलेगा। प्रशासन जिले में सरकारी कंपनियों के अधिकतम दो पेट्रोल पंप इस सुविधा के लिए चुन सकेगा। इनमें से प्रत्येक पंप पर 5,000 लीटर तक केरोसिन स्टोर किया जा सकेगा।

केंद्र सरकार का यह आदेश 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगा, जो राज्य पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। यह 60 दिन की आपातकालीन व्यवस्था रसोई गैस (एलपीजी) पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए की गई है। यह निर्णय पश्चिम एशिया में पिछले एक माह से जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति, विशेषकर रसोई गैस (एलपीजी) में बाधा आने के बाद लिया गया है। भारत अपनी रसोई गैस की लगभग 60 प्रतिशत जरूरत को आयात के जरिये पूरा करता है, जिनमें से 85-90 प्रतिशत गैस खाड़ी देशों से आती है।

युद्ध के कारण इसकी आपूर्ति में रुकावट आई है, जिससे होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 29 मार्च की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत अस्थायी छूट प्रदान की है ताकि 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत केरोसिन का वितरण सुचारू रूप से किया जा सके।

अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में अधिकतम दो नामित सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी (ओएमसी) के पेट्रोल पंप को 5,000 लीटर तक केरोसिन रखने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इन पेट्रोल पंप पर केरोसिन भरने के लिए एजेंट और डीलर को लाइसेंस लेने से छूट दी गई है, जबकि पहले से लाइसेंसधारी टैंकर वाहनों को भी इसके लिए अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। ये छूट कड़ाई से सुरक्षा मानकों और

- **एलपीजी पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उठाया कदम**

पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा जारी संचालन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने के शर्त पर दी गई है।

केरोसिन के भंडारण, भराई और वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए और इसे जिला प्रशासन तथा पीईएसओ द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

यह आदेश तुरंत प्रभावी होगा और 60 दिन तक या अगले आदेश तक वैध रहेगा। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केरोसिन का उपयोग खाना पकाने और रोशनी के लिए किया जाएगा।

इसे उन 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अस्थायी रूप से फिर से उपलब्ध कराया जाएगा, जिन्हें पहले 'पीडीएस एसकेओ (केरोसिन-मुक्त)' घोषित किया गया था। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गोवा, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

# रुपया 2025-26 में 9.88 प्रतिशत टूटा 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रुपया वित्त वर्ष 2025-26 में डॉलर के मुकाबले 9.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जो 14 साल में डॉलर के मुकाबले सबसे बड़ी गिरावट है। वित्त वर्ष 2011-12 में, घरेलू मुद्रा, डॉलर के मुकाबले 12.4 प्रतिशत कमजोर हुई थी, उस समय चालू खाते का घाटा बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गया था।

मौजूदा वित्त वर्ष में, यह भारी गिरावट लगातार विदेशी कोषों की निकासी, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक स्तर पर डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुई। वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और नकदी की तंगी ने भी 2025-26 में रुपये पर और दबाव डाला। बाजार के जानकारों के अनुसार, एक अप्रैल से अब तक दूसरी एशियाई मुद्राओं में भी डॉलर के मुकाबले भारी गिरावट देखी गई है। जापानी येन छह प्रतिशत, फिलिपीन की मुद्रा पीसो 5.74 प्रतिशत और दक्षिण कोरियाई वॉन 2.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है। दक्षिण कोरियाई बैंक शिन्हान बैंक के भारत में ट्रेजरी प्रमुख, सुनल सोधानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 बाहरी झटकों, पूंजी के बाहर जाने और ढांचागत कमजोरियों जैसी कई समस्याओं के एक साथ आने की वजह से रुपया कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में असर डालने वाले कारक 2011-12 के कारकों से अलग हैं।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 80.4% पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4% यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21.45 लाख करोड़ का कर राजस्व (शुद्ध) और 5.8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी, 2025-26 के दौरान केंद्र सरकार का कुल व्यय 40.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का 81.5% है।

## विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन 5.2% बढ़ा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश का औद्योगिक उत्पादन विनिर्माण क्षेत्र में सुधार से फरवरी में 5.2 प्रतिशत बढ़ा। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

- **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी किये आंकड़े**

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन फरवरी, 2025 में 2.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जनवरी, 2026 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पहले जारी 4.8 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि तेज होकर छह प्रतिशत हो गई जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 2.8 प्रतिशत थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि भी थोड़ा सुधरकर 3.1 प्रतिशत हो गई।

# आईटी मंत्री की चेतावनी: प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड

## गुणवत्ता मानक पूरे नहीं करने वाली कंपनी होगी योजना से बाहर


नयी दिल्ली, एजेंसी

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ किया है कि भारत में प्रोडक्ट डिजाइन और क्वालिटी पर निवेश नहीं करने वाली कंपनियों को ईसीएमएस स्कीम का सरकारी फंड नहीं मिलेगा। साथ ही सिक्स सिग्मा मानक पूरे नहीं करने पर उन्हें योजना से ही बाहर किया जा सकता है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को ईसीएमएस के तहत 7,104 करोड़ रुपये के नए निवेश से जुड़े 29 प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद आगाह किया कि जो लाभार्थी उत्पाद डिजाइन प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं करेंगे, उन्हें योजना से बाहर किया जा सकता है। वैष्णव ने कहा कि यदि उद्योग की ओर से अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाते हैं तो मैं आगे किसी भी भुगतान या नई मंजूरी को रोकने के लिए तैयार हूं।

मंत्री ने मंत्रालय द्वारा निर्धारित एकीकृत दृष्टिकोण का पालन नहीं करने पर उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और उसकी सदस्य कंपनियों की आलोचना भी की। कहा कि मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं क्योंकि यह हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' में विश्वास करते हैं। वैष्णव ने कहा कि देश को इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, कलपुर्जा डिजाइन और मशीन डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है।

मंत्री ने उद्योग को 15 दिन की समय सीमा दी है, जिसके भीतर कंपनियों को यह बताना होगा कि उन्होंने उत्पाद डिजाइन, 'सिक्स सिग्मा' मानक, प्रतिभा विकास और स्थानीय आपूर्ति (सोर्सिंग) जैसे प्रमुख मुद्दों पर क्या कदम उठाए हैं। सिक्स सिग्मा एक ऐसी कार्यप्रणाली है जिसका उद्देश्य उत्पादन में त्रुटियों को न्यूनतम करना और लगभग पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।



नई दिल्ली में 'इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' पर आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### तेज हुई डीपफेक हटाने की कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार किए जाने वाले डीपफेक पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों ने भी अपनी ओर से डीपफेक सामग्री को हटाने के प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में डीपफेक को समाज के लिए एक नया खतरा और अभिशाप बताया। डीपफेक वह प्रौद्योगिकी है जिसके जरिये किसी व्यक्ति की फोटो, आवाज या वीडियो को डिजिटल माध्यम से बदलकर बिल्कुल असली जैसा दिखने वाला फर्जी रूप दे दिया जाता है। बताया- सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक सामग्री को हटाने की अपनी कार्रवाई को लगभग दोगुना या तिगुना कर दिया है।

### प्रौद्योगिकी उद्योग पर फिलहाल असर नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग संगठनों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर बातचीत कर रही है। उद्योग निकायों ने अपने संचालन पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना नहीं दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है कि हीलियम की कमी ने वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने यहां मौजूद हर उद्योग संगठन से बात की है और सभी ने कहा है कि अभी तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा है... इसमें सेमीकंडक्टर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे और हार्डवेयर क्षेत्र शामिल हैं... हम उद्योग के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

# डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क संबंधी रोक बढ़ाने पर नहीं बन सकी सहमति

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया। लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है। बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे।

उन्होंने कहा कि अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।

## रुपये की गिरावट की कहानी

# कब-कब कितना गिरा रुपया

लोग कहते हैं कि जब देश ब्रिटिश सरकार से आजाद हुआ एक रुपया एक डॉलर के बराबर था। अब एक डॉलर 94 रुपये से भी अधिक मूल्यवान हो गया। रुपये में आई इस गिरावट का क्या कारण है? 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद से अब तक रुपये में कब-कब कितनी गिरावट आई और क्यों? आइए जानते हैं रुपये में गिरावट से जुड़ी अनकही कहानी...।

सोमवार को रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 95 का स्तर पार कर गया। यह ऑल टाइम लो स्तर है। हालांकि फिर संभला भी लेकिन 94.70 रुपये पर बंद हुआ। यह भी आज तक का निम्नतम स्तर है जहां आकर रुपया बंद हुआ है।



### क्या कभी डॉलर के बराबर था?

- केंद्रीय बैंक के दस्तावेज 'आरबीआई द 1991 प्रोजेक्ट डेटा' के अनुसार आजादी के समय भारतीय रुपया 'ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग' से जुड़ा था। रुपये की विनिमय दर पाउंड से ही तय होती थी। एक पाउंड उस समय 13.33 रुपये के बराबर था।
- उस समय ब्रिटिश पाउंड की वैल्यू चार अमेरिकी डॉलर यानी $4.03 थी, इस गणना के हिसाब से 1 डॉलर की कीमत लगभग 3.30 बनती थी। अर्थात एक डॉलर 3.30 रुपये के बराबर था।

### अब रुपया 94 के पार

- बीते दो-तीन वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 84-85 पर कारोबार कर रहा था। फिर 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ का खेला के बादरुपया एक डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 90 रुपये के पार चला गया है। आज ये 94.70 पर स्थिर होकर बंद हुआ। पहले 95 को पार कर गया था।

### 1966 में आई पहली बड़ी गिरावट

- सन् 1966 में रुपया एक डॉलर के मुकाबले 4.76 रुपये पर था। तब देश चीन (1962) और पाकिस्तान (1965) से युद्ध और इसी दौरान भयंकर अकाल से जूझ रहा था।
- ऐसे में विश्व बैंक की शर्त पर निर्यात बढ़ाने के लिए किया गया इंदिरा गांधी द्वारा किया गया अवमूल्यन 57.5 प्रतिशत का था। इससे रुपया 4.76 से टूटकर सीधा 7.50 रुपये पर पहुंच गया।

### 2013 में 'टेपर टैन्ट्रम'

- वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने से पहले साल 2013 में रुपया एक डॉलर के मुकाबले 55 से फिसलकर 68.80 तक पहुंच गया। इस वर्ष यूएस फेडरल रिजर्व ने घोषणा की थी कि वे बाजार में पैसा डालना कम (Taper) करेंगे। इसखबर से डरकर निवेशकों ने भारत से भारी मात्रा में पैसा निकाल लिया।

### 1991 का आर्थिक संकट

- साल 1991 वही साल था जब आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे भारत ने आर्थिक उदारीकरण अपनाया। इस समय रुपया 21 पर था। वहां गिरकर 26 के करीब पहुंच गया। यह भारत के आर्थिक इतिहास का सबसे नाजुक मोड़ था। उस समय भारत के पास आयात के लिए सिर्फ तीन हफ्ते का विदेशी मुद्रा भंडार बचा था।

### 2008 की आर्थिक मंदी

- 1991 के बाद देश में गठबंधन की सरकारों का दौर चला। इस कारण 1991 से 2008 के बीच रुपया कमजोर होकर 39 पर पहुंच गया। 2008 की मंदी के बाद रुपये में फिर एक बड़ी गिरावट आई और यह टूटकर एक डॉलर के मुकाबले 51 रुपये के पार पहुंच गया। यह गिरावट भारत की वजह से नहीं, बल्कि वैश्विक कारणों से थी।

## एचडीएफसी बैंक के बॉन्ड की गलत बिक्री और खराब प्रदर्शन के कारण दिया इस्तीफा: अतनु चक्रवर्ती

**मुंबई, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने सोमवार को कहा कि एटी-1 बॉन्ड की गलत बिक्री और देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक के खराब प्रदर्शन के कारण उन्होंने इस्तीफा दिया था। एटी-1 (अतिरिक्त टियर-1) बॉन्ड के कारण बैंक पर नियामकों ने सवाल उठाये थे। चक्रवर्ती ने कहा कि प्रबंधन के साथ व्यक्तिगत मतभेद 'बढ़ा-चढ़ाकर' बताए गए हैं और इस महीने की शुरुआत में दिए गए इस्तीफे का कारण यह बिल्कुल भी नहीं था।

उन्होंने कहा कि मूल्यों और नैतिकता में 'अंतर' के कारण ही उन्होंने बोर्ड (निदेशक मंडल) से इस्तीफा दिया। समाचार चैनल सीएनबीसी टीवी-18 के साथ बातचीत में, चक्रवर्ती ने खेद व्यक्त किया कि बैंक प्रबंधन द्वारा एटी-1 बॉन्ड की गलत जानकारी देकर की गई बिक्री को 'तकनीकी मुद्दा' माना गया और इस मामले में कार्रवाई आठ साल बाद हुई, जबकि दुबई और भारत के नियामकों ने पहले ही इस मुद्दे को उठाया था।

## प्रीमियम जमा करने को आज खुली रहेंगी एलआईसी की शाखाएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की शाखाएं देशभर में पॉलिसीधारकों को बीमा प्रीमियम जमा कराने में मदद के लिए 31 मार्च को खुली रहेंगी। हालांकि 'महावीर जयंती' के उपलक्ष्य में 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश है। एलआईसी ने बयान में कहा कि पॉलिसीधारकों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए मंगलवार को आधिकारिक कार्य समय के अनुसार सामान्य कामकाज होगा।

## चांदी में 7,000 रुपये का उछाल सोना 3,700 रुपये मजबूत




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में लगभग तीन प्रतिशत का उछाल आया। शादी-विवाह के सीजन से पहले जौहरियों की ताजा लिवाली के कारण चांदी 7,000 रुपये चढ़ गयी और सोना 3,700 रुपये बढ़ गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 7,000 रुपये, या 3.04 प्रतिशत बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,700 रुपये या 2.5 प्रतिशत बढ़कर 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

**रिपोर्ट** — स्टेट बैंक रिसर्च की रिपोर्ट में भारती रिजर्व बैंक को सलाह

# रुपये के समर्थन में विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करें

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक को पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित रुपये को समर्थन देने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करना चाहिए। यह बात सोमवार को जारी एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कही गयी है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से वैश्विक बाजारों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। इससे रुपये में उतार-चढ़ाव बढ़ा है और जोखिम से बचने का रुख बना है। इन सबके बीच सोमवार को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 95 के स्तर को पार कर गया। अंत में यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 15 पैसे की बढ़त के साथ 94.70 पर हुआ बंद हुआ।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक शोध विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास 10 महीने से अधिक के आयात के बराबर पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है। ये आंकड़े किसी भी लिहाज से बेहद संतोषजनक हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि हमारा मानना है कि 700 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार इतना मजबूत है कि विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करके रुपये को सहारा देने के लिए सट्टेबाजी की गतिविधियों को रोका जा सकता है। इसमें यह भी कहा गया कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि हमें विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग केवल आपातकालीन स्थितियों के लिए ही करना चाहिए, जैसा कि अब तक कहा गया है। हमारा मानना है कि यदि आवश्यक हो तो रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने का अभी भी समय है।




- **भारत के पास 10 महीने से अधिक के आयात के बराबर विदेशी मुद्रा भंडार है मौजूद**
- **जरूरी नहीं कि केवल आपातकाल के दौरान ही करना चाहिए, रुपये को सहारा देने को हस्तक्षेप करने का समय है**

रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) को नियामक द्वारा एक विशेष व्यवस्था प्रदान की जानी चाहिए जो उनकी दैनिक मांग (लगभग 25-30 करोड़ डॉलर) को बाजार के कामकाज से अलग करे। इससे वार्षिक आधार पर 75 से 80 अरब डॉलर की मांग को कम किया जा सकता है।

इससे विदेशी मुद्रा की वास्तविक मांग और आपूर्ति की गतिशीलता को बेहतर ढंग से समझने और अनावश्यक अस्थिरता को रोकने के लिए नियामक द्वारा शुरू किए गए विभिन्न उपायों के प्रभाव का आकलन करने में मदद मिलेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दक्षिण सूडान में बंदूकधारियों ने 70 लोगों की हत्या की

**जुबा।** अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में सोने की खदान को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बंदूकधारियों ने 70 से अधिक लोगों की हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घटना का वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें एक खुले मैदान में दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि माना जा रहा है कि कई अन्य पीड़ित झाड़ियों में भाग गए हैं। सूडान के राज्य जेबेल इराक में स्थित सोने की खदान को लेकर पूर्व में भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं। पुलिस प्रवक्ता क्वासीजवोक डोमिनिक अमोण्डोक ने बताया कि जैसे ही उन्हें हमले के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी, वह उसे साझा करेंगे।

### शंघाई-कोलकाता के लिए इंडिगो ने सीधी उड़ान सेवा शुरू की

**बीजिंग।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को शंघाई और कोलकाता के बीच अपनी दैनिक उड़ान सेवा शुरू की, जिससे भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती मिलेगी। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने 'इंडिगो6ई' उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी दी कि इंडिगो के प्रबंधन से मुलाकात में माथुर ने कहा कि यह नई उड़ान सेवा भारत और क्षेत्र के बीच हवाई संपर्क बढ़ने और आर्थिक संबंधों में सकारात्मक संकेत है। इंडिगो और एयर इंडिया जैसी भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने शंघाई को नयी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों से जोड़ना शुरू कर दिया है।

### ब्रिटेन का राजनयिक को जासूसी के आरोप में रूस से निष्कासित

**मास्को।** रूस ने ब्रिटेन के एक राजनयिक को जासूसी के आरोप में सोमवार को निष्कासित कर दिया और उसे दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। एफएसबी (सोवियत काल में केजीबी के नाम से मशहूर) ने कहा, ब्रिटेन के राजनयिक जेन्स वान रेंसबर्ग की राजनयिक मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को रूस में ब्रिटेन की कार्यवाहक राजदूत डैनी ढोलकिया को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। यह कार्रवाई उस खुलासे के बाद की गई, जिसमें कहा गया है कि ब्रिटिश दूतावास के एक राजनयिक ने देश में प्रवेश करते समय अपने बारे में जानबूझकर गलत जानकारी दी थी।

# न्यूजीलैंड में इंदिरा गांधी के हत्यारे के भतीजे की पहचान उजागर

**वेलिंगटन, एजेंसी**

इंदिरा गांधी के हत्यारों में से एक के भतीजे की पहचान न्यूजीलैंड की अदालत में पहचान गुप्त रखने का मुकदमा हारने के बाद जाहिर कर दी गई है। उसे मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में दोषी करार दिया गया था।

न्यूजीलैंड के वेब पोर्टल ''स्टफ'' ने शनिवार को खबर दी कि बलतेज सिंह को 700 किलोग्राम से अधिक मेथमफेटामाइन आयात करने के आरोप में 22 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। यह न्यूजीलैंड के अधिकारियों द्वारा जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। वह स्थायी रूप से अपना नाम गुप्त रखने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा था। इससे पहले, 1984 में तत्कालीन



- पहचान उजागर न करने की अदालत में लड़ रहा था लड़ाई

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके अंगरक्षकों में से एक सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह के नाम को स्थायी रूप से सार्वजनिक नहीं करने का आदेश यहां के उच्च न्यायालय ने दिया था। अदालत ने यह आदेश बलतेज की इस दलील को स्वीकार करते हुए सुनाया था कि यदि उसकी पहचान उजागर हो जाती है तो उसे और उसके परिवार को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

## कितनी उपयोगी कितनी दिलचस्प

# भारत में जनगणना

भारत में जनगणना का इतिहास काफी पुराना है। यह जनसंख्या की गिनती ही नहीं, देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को समझने का जरिया भी है। भारत में जनगणना की जड़ें वैसे तो कौटिल्य के अर्थशास्त्र से जुड़ी हैं, लेकिन आधुनिक पद्धति की शुरुआत ब्रिटिश काल में हुई। पहली गैर तुल्यकालिक जनगणना सन् 1872 में हुई थी, लेकिन यह जनगणना पूरे देश में एक साथ नहीं की गई थी। पहली पूर्ण जनगणना सन् 1881 में लॉर्ड रिपन के समय में पूरे देश में एक साथ हुई। तभी से हर 10 साल में एक बार जनगणना कराने की परंपरा शुरू हुई। वर्ष 2011 तक भारत में 15 बार जनगणना हो चुकी है। स्वतंत्रता के बाद अब तक सात और ब्रिटिश काल में आठ बार जनगणना हुई जिसमें 1921 को महान विभाजक वर्ष कहा जाता है क्योंकि तब जनसंख्या वृद्धि दर ऋणात्मक थी। वर्ष 2021 की जनगणना कोविड-19 के कारण टल गई थी।



### जनगणना के नियम और कानूनी ढांचा

- जनगणना अधिनियम 1948 मुख्य कानून है, इसे तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने पेश किया था।
- संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ सूची का विषय है। यानी इसे केंद्र सरकार ही करा सकती है।
- गृह मंत्रालय के अधीन महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त इस प्रक्रिया का संचालन करने के जिम्मेदार होते हैं।
- जनगणना के दौरान ली गई जानकारी बेहद गोपनीय होती है, इसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकते।
- हर नागरिक के लिए सवालों का सही जवाब देना कानून के तहत अनिवार्य, गलत जानकारी देने पर दंड का प्रावधान।

### जनगणना के दो चरण

- **मकान सूचीकरण** : इसमें घरों की स्थिति और उनमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली जाती है।
- **जनसंख्या गणना** : लोगों की उम्र, लिंग, साक्षरता, व्यवसाय व धर्म जैसी जानकारी जुटाई जाती है।

### वर्ष 2011 की जनगणना

- इसमें भारत की आबादी लगभग 121.08 करोड़ दर्ज की गई थी।
- उस समय भारत दुनिया की कुल आबादी का 17.5% हिस्सा था।
- 2001 से 2011 के बीच देश की जनसंख्या 17.7% की दर से बढ़ी।
- औसत साक्षरता 2001 में 64.8% थी जो 74.04% हो गई थी थी।

**ये थे खास तथ्य**

- वर्ष 2011 की जनगणना में पहली बार ट्रांसजेंडर को अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया गया था।
- उत्तर प्रदेश की आबादी 20 करोड़ थी, यह दुनिया के 5वें सर्वाधिक आबादी वाले देश के बराबर है।

### लिंगानुपात

वर्ष 2001 में प्रति 1,000 पुरुषों पर 933 महिलाएं थीं जो 2011 में 943 हो गईं। सबसे अच्छा लिंगानुपात केरल में 1084 और सबसे कम 879 का हरियाणा में था। 2011 में शून्य से 6 वर्ष का बाल लिंगानुपात चिंताजनक ढंग से गिरकर 919 पर आ गया था।

### इस बार जनगणना में क्या खास

- नागरिकों के पास इस बार मोबाइल एप या वेब पोर्टल पर अपना विवरण खुद भरने का विकल्प होगा।
- जो सरकारी कर्मचारी घर-घर आएंगे, वे फॉर्म के बजाय स्मार्टफोन और टैबलेट पर डेटा दर्ज करेंगे।
- सरकार का लक्ष्य जनगणना के डेटा को जन्म-मृत्यु पंजीकरण और चुनावी रोल के साथ जोड़ने का है।
- कोई व्यक्ति 18 वर्ष का होगा, तो उसका नाम स्वत: मतदाता सूची में जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
- मृत्यु होने पर डेटाबेस से नाम हटाना आसान होगा, सरकारी योजना का लाभ सही आदमी तक पहुंचेगा।
- अब तक एससी-एसटी का डेटा ही अलग से लिया जाता था, इस बार ओबीसी का भी डेटा अलग होगा।

# ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में

## सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने की कानून बनाने के लिए विधेयक लाने की घोषणा

- परमाणु रुख को कड़ा कर अप्रसार संधि से हटने का भी दिया संकेत

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर कड़ा नियंत्रण करने की तैयारी में है। ईरानी सांसद एक ऐसा विधेयक लाने की कोशिश कर रहे हैं जो पारगमन शुल्क (ट्रांजिट टोल) और गुजरने वाले जहाजों के लिए अनिवार्य मंजूरी सहित एक नई नियामक प्रणाली पेश करेगा। वरिष्ठ ईरानी सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने कहा कि इस कानून को ईरानी संसद (मजलिस) की ओर से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और यह कानून लागू होने के बाद ईरान की अनुमति के बिना किसी भी जहाज को इस जलमार्ग से गुजरने नहीं दिया जाएगा।

प्रस्तावित कानून के तहत, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा और संबंधित सेवाओं के बदले शुल्क देना होगा। एसएनएन टीवी चैनल ने बोरुजेर्दी के हवाले से कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य पर हमारा पूर्ण नियंत्रण है। मजलिस द्वारा विधेयक अपनाए जाने के बाद जल्द एक नई प्रणाली इस जलमार्ग को नियंत्रित करेगी। यह कदम ईरानी संसद की नागरिक मामलों की समिति के अध्यक्ष मोहम्मद रजा रजाई कूची की पिछली टिप्पणियों के बाद आया है, जिन्होंने पुष्टि की थी कि पारगमन शुल्क लगाने का कानून प्रक्रिया में है।

बोरुजेर्दी ने ईरान के परमाणु रुख को कड़ा करने का भी संकेत दिया और कहा कि ईरान के लिए परमाणु अप्रसार संधि से हटने का समय आ गया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हाल के हमलों के बाद यह समझौता अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। होर्मुज पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह खर्ग द्वीप पर कब्जा करना पसंद करेंगे जहां से ईरान का 90 प्रतिशत तेल गुजरता है।



इजराइल के शेफाराम शहर में ईरान के मिसाइल हमले के बाद क्षतिग्रस्त एक घर।

### आर्थिक आतंकवाद शुरू कर रहा है ईरान : यूएई

होर्मुज से संबंधित इस प्रस्तावित कानून की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अहमद अल जाबेर ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को हथियार बनाने का कोई भी प्रयास आर्थिक आतंकवाद के समान होगा, जिसके वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा, जब ईरान होर्मुज पर नियंत्रण स्थापित करेगा तो हर देश को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान ने यह भी कहा कि मौजूदा संघर्ष ने उसकी सांस्कृतिक विरासत को नुकसान पहुंचाया है। इस युद्ध के दौरान लगभग 131 ऐतिहासिक स्थल और 64 पर्यटन स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी में आग लगी

**दुबई।** ईरान के मिसाइल हमले के बाद उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में बाजार तेल रिफाइनरी में सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल के वीडियो में बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे बाद में इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने बुझा दिया। हमले में एक औद्योगिक भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइल के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकलकर्मी आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के साथ संभावित रूप से फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं।

### स्पेन: अमेरिकी विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद

**मैड्रिड।** रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। रोबल्स ने कहा, यह बात शुरू से ही स्पष्ट कर दी गई थी। इसलिए ईरान युद्ध से संबंधित किसी भी कार्रवाई के लिए स्पेन के हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन सरकार पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली सैन्य कार्रवाई की सबसे मुखर आलोचक रही है।

# हम खुश, ईरान और अमेरिका ने मध्यस्थता के लिए हमें चुना

- पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा- जल्द होगी शांति समझौते के लिए वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान में से किसी ने तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। डार ने कहा, पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भरोसा जताया है। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे।



### लेबनान : तीन हफ्ते में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख लोगों ने घर छोड़ा

**यूनिसेफ की रिपोर्ट**

बेरूत। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है। प्रभावित लोगों में 3,70,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं।

यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19,000 बच्चे घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है, मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजराइल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले गाजा मॉडल को दोहराने के प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। कई तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं।

### इजराइल की संसद में बजट पारित, कार्यकाल पूरा कर सकेंगे नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से उबर नहीं पाया है।

# लिव इन में रहने वालों को माना जाएगा वैवाहिक दंपती के समान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जनगणना के पहले चरण के लिए 33 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी

भारत में जनगणना के सिलसिले में स्वगणना पोर्टल पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में कहा गया है कि अगर सहजीवन यानी लिव इन में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपती के समान माना जाए।

जनगणना के दौरान स्वगणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची दी गई है ताकि लोग देश की 16वीं जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवालों का आसानी से उत्तर दे सकें। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा, यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए।

सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। पहले चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों में घर के फर्श और छत में इस्तेमाल सामग्री, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, परिवार के मुखिया का लिंग, उपभोग किए जाने वाले अनाज का प्रकार, बुनियादी और आधुनिक आवश्यकताओं तक पहुंच और स्वामित्व वाले वाहनों के प्रकार शामिल होंगे।

### ऐसे होगी प्रश्नों की शुरुआत

प्रश्नों की शुरुआत भवन संख्या (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकरण या जनगणना संख्या), जनगणना मकान संख्या, और घर के फर्श, दीवार और छत में उपयोग की गई प्रमुख सामग्री पूछने से होगी। इसके बाद गणनाकर्ता घर के उपयोग, उसकी स्थिति, और उसमें सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के बारे में पूछेंगे। अधिकारी परिवार के मुखिया के बारे में नाम और लैंगिक पहचान की जानकारी भी एकत्र करेंगे।

# पटरी पर गिरा यात्री, दिल्ली में डेढ़ घंटे थमी रही मेट्रो सेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर गिर जाने के कारण मेट्रो सेवाएं करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रहीं। इस बीच मेट्रो का इंतजार कर रहे यात्रियों की प्लेटफॉर्मों पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई गई।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर होने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं के संचालन में देरी हुई। डीएमआरसी ने कहा कि घटना के बाद सुरक्षा कारणों से येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं को नियंत्रित किया गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में इस कॉरिडोर के कई स्टेशन पर मेट्रो के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ गया और भीड़ एकत्रित हो गई।



- मेट्रो के इंतजार में प्लेटफॉर्मों पर इकट्ठी हुई यात्रियों की भारी भीड़

डीएमआरसी के अनुसार, करीब डेढ़ घंटे बाद येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल कर दी गईं। दिल्ली पुलिस की मेट्रो इकाई ने एक बयान में कहा कि विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर 52 वर्षीय एक व्यक्ति पटरी पर गिरने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी स्टेशन नियंत्रक से मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मेट्रो कर्मियों द्वारा घायल को हिंदू राव अस्पताल भेजा जा चुका था। घायल की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो करावल नगर के निवासी हैं। अस्पताल में उन्होंने पुलिस को बताया कि प्लेटफॉर्म के किनारे खड़े रहने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गए।

### बडगाम : बीएसएफ जवान के घर में मिले नशीले पदार्थ, अफसरों ने शुरू की जांच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल के खिलाफ उसके आवास से संदिग्ध नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद मामला दर्ज किया है।

प्राथमिकी रविवार को बडगाम थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज की गई। यह कार्रवाई बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर मुख्यालय, हुमहामा की ओर से शिकायत पर की गई। उन्होंने बताया 28 मार्च की शाम बीएसएफ अधिकारियों ने 112 बटालियन के एक कांस्टेबल के हुमहामा स्थित आवास पर तलाशी ली जिसमें 2.3 किलो गांजा और एक सिम कार्ड सहित एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### वानूआतू के समीप आया 7.3 तीव्रता का भूकंप

**वेलिंगटन।** दक्षिण प्रशांत महासागर में वानूआतू के समीप सोमवार को जबर्दस्त भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किमी की गहराई पर था। कम गहराई पर आने वाले भूकंप सतह पर अधिक तीव्रता से महसूस किए जाते हैं। यह भूकंप वानूआतू के लुगानविले से लगभग 35 किमी उत्तर-पूर्व में आया। हालांकि भूकंप के कारण किसी प्रकार की क्षति या सुनामी लहरों की कोई खबर नहीं है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों के प्रति समर्पित रहेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**वृष** – आज सरकारी नियमों के पालन में सावधानी रखें। अनावश्यक यात्राओं से बचें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन** – आज आय के साथ आपके खर्च अचानक बढ़ सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में सावधानी बरतनी अत्यन्त आवश्यक है।

**कर्क** – आज नए कार्यों को आरंभ करना उचित नहीं है। पैरों में चोट लग सकती है। कार्यक्षेत्र में ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। बच्चों से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा।

**कन्या** – आज कानूनी मामलों में समझौता हो सकता है। अटकी हुई परियोजनाएं पुन: प्रारम्भ हो सकती हैं। अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ेगा।

**तुला** – आज आप एक साथ अनेक कार्य करना पसंद करेंगे। पिछले काफी समय से उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – आज आकस्मिक खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। लोग आपको स्वार्थी समझ सकते हैं। कब्ज और गैस के कारण आपकी दिनचर्या खराब हो सकती है।

**धनु** – आज जीवनसाथी के साथ रिश्तों को लेकर प्रेम भाव बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा।


**मकर** – आज अपनी जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा।

**कुंभ** – आज प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यन्त उत्तम है।

**मीन** – आज नए निवेश करने में सावधानी रखने की आवश्यकता है। नजदीकी लोग आपसे शत्रुवत व्यवहार रख सकते हैं।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 31 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 06.55 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 03.20 तक तत्पश्चात उत्तरफाल्गुनी।

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

### सुडोकू -105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

### नेपाल में ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। इस बीच, प्राधिकारियों ने धन शोधन को लेकर तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और उसके सहयोगी संगठनों एवं छात्र इकाइयों के सैकड़ों कार्यकर्ता सोमवार सुबह नया बनेश्वर क्षेत्र में इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं।

**रक्षा उपलब्धि** | सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने निर्मित किए हैं तीनों जहाज

# भारतीय नौसेना को मिले तीन जहाज, बढ़ेगी सामरिक ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय नौसेना को सोमवार को सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) की ओर से निर्मित तीन नए जहाज प्राप्त हुए। दूनागिरि, संशोधक और अग्रय नाम के इन जहाजों से नौसेना की समग्र युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

दूनागिरि, प्रोजेक्ट 17ए के तहत नीलगिरी श्रेणी का पांचवां जहाज है और इस श्रेणी का दूसरा पोत भी है।



प्रोजेक्ट 17ए के अंतर्गत बनाए गए ये जहाज बहुउद्देश्यीय प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस जहाज का नाम पुराने आईएनएस दूनागिरि से लिया गया है, जो एक लीएंडर श्रेणी का फ्रिगेट था और 1977 से 2010 तक भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहा।

इस पोत में ब्रह्मोस मिसाइल, रॉकेट और टॉरपीडो जैसे शक्तिशाली हथियारों का समावेश किया गया है। संशोधक एक सर्वेक्षण पोत है जो यह बंदरगाहों के तटीय और गहरे समुद्री क्षेत्रों का पूर्ण स्तर पर हाइड्रोग्राफिक सर्वे करने में सक्षम है। 110 मीटर लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरण हैं। इसी श्रेणी के अन्य जहाज़ आईएनएस संधायक, आईएनएस निर्देशक और आईएनएस इक्षाक को क्रमशः फरवरी 2024, दिसंबर 2024 और नवंबर 2025 में सेवा में शामिल किया गया था।

### क्रूज मिसाइलों व उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस है दूनागिरि

नौसेना ने एक बयान में कहा कि पोत विध्वंसक ब्रह्मोस और जमीन पर हमला करने वाली क्रूज़ मिसाइलों के साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस दूनागिरि नौसेना की मारक और रक्षा क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण प्रतिबिंब है। बयान के अनुसार, जीआरएसई द्वारा निर्मित चार बड़े सर्वेक्षण पोतों में से अंतिम 'संशोधक' नौसेना की सर्वेक्षण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का परिचायक है। जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी जलयानों में से एक 'अग्रय' को तटीय जलक्षेत्र में अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है।



"श्रेयस अय्यर के लिए आईपीएल की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं अधिक है जिससे वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब है। मैं उनकी आंखों में उनके जुनून को देख सकता हूं।
-रिकी पोंटिंग, मुख्य कोच, पंजाब किंग्स

स्टेडियम
लखनऊ, मंगलवार, 31 मार्च 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## औरेंज कैप



रियन रिकलटन मुंबई 81 रन
ईशान किशन हैदराबाद 80 रन
रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

## पर्पल कैप



जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट
शार्दुल ठाकुर मुंबई 3 विकेट
रोमारियो शैफर्ड आरसीबी 3 विकेट

## हाईलाइट

### यानिक सिनर ने लेहेका को हराकर जीती मियामी ओपन



**मियामी गार्डन्स।** यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया। सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था। पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

### फखर जमां, अफरीदी और रजा ने आरोपों को खारिज किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। 35 वर्ष के फखर को मैच रैफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आचार संहिता की धारा 2.14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था। जमां को पीएसएल के अनुच्छेद 41.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद गेंद की स्थिति को बदलने वाली किसी भी हरकत पर रोक लगाता है।

### प्रज्ञानानंदा ने वेई यी के साथ ड्रॉ खेला, संयुक्त बढ़त बरकरार

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए चीन के वेई यी के खिलाफ आसानी से ड्रॉ खेला और सोमवार को यहां फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर बने रहे। पहले दौर में अनीश गिरी पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद प्रज्ञानानंदा दूसरे दिन भी लय में नजर आए। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए चीन के खिलाड़ी पर कुछ दबाव बनाया। वेई यी ने जटिल मुकाबले से बचने का फैसला किया और मोहरों की अदला-बदली होती रही, जिससे अंत में विपरीत रंग के ऊंटों के एंडगेम में मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। प्रज्ञानानंदा के पास एक अतिरिक्त प्यादा था, लेकिन सफेद मोहरों की स्थिति बेहद मजबूत थी। 46 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। पहले दौर में जहां चार में से तीन मुकाबले निर्णायक रहे थे, वहीं दूसरे दौर में सभी मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए।

# सूर्यवंशी के ताबड़तोड़ अर्धशतक से राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा

## आईपीएल-2026 : सीएसके की नहीं चली बल्लेबाजी, सिर्फ 127 रनों पर सिमटी




15 गेंदों पर पंद्रह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने जड़ा अर्धशतक

**गुवाहाटी, एजेंसी**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद हाल ही में अपना 15वां जन्मदिन मनाने वाले वैभव सूर्यवंशी की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी के बूते राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल टी20 मैच में सोमवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स को 47 गेंद शेष रहते आठ विकेट से रौंदकर अपने अभियान का बेहतरीन तरीके से आगाज किया।

जैमी ओवरटन की 36 गेंदों में 43 रन की पारी के बावजूद चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम 19.4 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच बर्गर, जोफ्रा आर्चर, रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान की ओर से शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। सूर्यवंशी ने 17 गेंदों की पारी में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 52 रन बनाए, जिससे जीत के लिए मिले 128 रन के लक्ष्य को राजस्थान रॉयल्स ने 12.1 ओवर में दो विकेट पर हासिल कर लिया। यह मैच में बची हुई गेंदों के लिहाज से राजस्थान की सबसे बड़ी जीत है।

सूर्यवंशी ने अपना अर्धशतक महज 15 गेंदों में पूरा कर अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद खुद को शानदार तोहफा दिया। उन्हें यशस्वी जायसवाल का अच्छा साथ मिला। दोनों ने महज 38 गेंदों में 75 रन की साझेदारी कर पावरप्ले में ही टीम की जीत लगभग पक्की कर दी थी। अंशुल कंबोज ने चेन्नई के लिए दो विकेट लिए, लेकिन यह राजस्थान की तूफानी बल्लेबाजी को रोकने के लिए काफी नहीं था। लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यवंशी ने मैट हेनरी का स्वागत चौके और छक्के से करने के बाद उनके अगले ओवर में एक और छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए अंशुल कंबोज की लगातार गेंदों पर चौका लगाने के बाद लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा, जिससे टीम ने पांचवें ओवर में 50 रन पूरे किए। सूर्यवंशी ने छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए नूर अहमद के खिलाफ लगातार दो छक्कों के साथ 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह राजस्थान के लिए दूसरा सबसे तेज और किसी भारतीय बल्लेबाज का इस लीग में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। हालांकि, सूर्यवंशी अगले ओवर में कंबोज की गेंद पर सरफराज खान को कैच दे बैठे। क्रीज पर आए ध्रुव जुरेल ने लगातार गेंदों पर चौकों के साथ टीम की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी।

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने तेज गेंदबाजों के लिए मददगार परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स को 127 रन पर समेट दिया। बारिश के कारण पिच कुछ समय तक ढकी रहने के बाद राजस्थान के पराग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। चेन्नई सुपरकिंग्स की बल्लेबाजी बेहद निराशाजनक रही। पिछले सत्र में अंक तालिका में निचले पायदान पर रहने वाली दोनों टीमों ने इस सत्र से पहले अपने स्टार खिलाड़ियों रविंद्र जडेजा और संजू सैमसन की अदला-बदली की थी। जडेजा की राजस्थान में वापसी सफल रही और उन्होंने अपने पहले ही ओवर में दो विकेट झटके।

### चेन्नई सुपर किंग्स

**127/10** (19.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो बर्गर | 06 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो आर्चर | 06 |
| आयुष महात्रे स्टं. जुरेल बो बर्गर | 00 |
| मैथ्यू शॉर्ट का जायसवाल बो संदीप | 02 |
| सरफराज खान पगबाधा जडेजा | 17 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बृजेश | 18 |
| शिवम दूबे का बिश्नोई बो जडेजा | 06 |
| जैमी ओवरटन रन आउट | 43 |
| नूर अहमद का जुरेल बो आर्चर | 01 |
| मैट हेनरी का एवं बो बिश्नोई | 05 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-19-2, बर्गर 4-0-26-2, बृजेश 3-0-17-1, संदीप 2.4-0-22-1, बिश्नोई 3-0-16-1, जडेजा 3-0-18-2

### राजस्थान रॉयल्स

**128/2** (12.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 38 |
| सूर्यवंशी का सरफराज बो कंबोज | 52 |
| ध्रुव जुरेल बो कंबोज | 18 |
| रियान पराग नाबाद | 14 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 3-0-40-0, खलील 3-0-17-0, कंबोज 3-0-27-2, नूर 2-0-24-0, ओवरटन 1-0-14-0, शॉर्ट 0.1-0-1-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 8. | गुजरात टाइटंस | - | - | - | - | - | - |
| 9. | लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | पंजाब किंग्स | - | - | - | - | - | - |

## रोहित शर्मा अपना दबदबा बनाने के लिए तैयार : कुंबले



**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में रोहित शर्मा के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि रोहित का '2.0 अवतार' पूरे टूर्नामेंट में विरोधी टीमों के लिये चिंता का सबब रहेगा। 38 वर्ष के रोहित ने 38 गेंद में 78 रन बनाये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स' से कहा लगता है कि रोहित शर्मा अपने 2.0 अवतार में आ गए हैं। उनकी पारी से साबित हो गया है कि वह फिर से अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे उनके कैरियर के शीर्ष दिनों की याद आ गई। उन्होंने कहा वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे गेंदबाजों को छक्के लगाना आसान नहीं है लेकिन उसने इसे आसान बना दिया। उसने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और ब्रेक के बाद लौटने पर लय और टाइमिंग हासिल करने में पांच से सात दिन लगते हैं। कुंबले ने कहा वह शानदार पारी थी। छक्के आसानी से लग रहे थे। इस पारी ने साबित कर दिया कि रोहित का यह अवतार आईपीएल की बाकी टीमों के लिए चिंता का सबब होगा।

## सूर्या को इंपैक्ट सब के तौर पर एहतियातन इस्तेमाल किया गया : जयवर्धने



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम के पहले आईपीएल मैच में चोट के कारण 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया गया और इसमें कोई गैर जरूरी कहानी बनाने की जरूरत नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार ने फील्डिंग नहीं की और आठ गेंद में 16 रन बनाए। मुंबई ने केकेआर को छह विकेट से हराया। मैच के बाद जयवर्धने से पूछा गया कि पिछले सत्र में भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बाद क्या अब सूर्यकुमार यादव को 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया जायेगा, इस पर उन्होंने कहा उम्मीद है कि कोई अवांछित कहानी नहीं बनाई जाएगी। टीम खुश है। उसे अतिरिक्त ब्रेक दिया गया था जो वह चाहता था। उन्होंने कहा उसे मामूली सी जकड़न है और वह फील्डिंग वगैरह कर रहा था। मुझे पता है कि अगले मैच में पांच दिन का समय है तो उसे अतिरिक्त समय देना चाहता था। वह तीन चार ओवर फील्डिंग के लिये तत्पर था लेकिन मैने मना किया। जयवर्धने ने कहा इसलिए प्लीज कोई कहानियां मत बनाइये। मैने कहा कि एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया था। ये काफी अनमोल खिलाड़ी हैं और ये फैसले सोच समझकर लिये जाते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि आखिरकार मुंबई इंडियंस ने पहला मैच हारने का सिलसिला तोड़ा। रोहित (78) और रियान रिकेलटन (81) की पारियों के दम पर मुंबई ने 221 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। कोच ने कहा यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था। मुझे लगा कि 220 रन का स्कोर ज्यादा था और हमने 20 रन फालतू दिये लेकिन जिस तरह से रोहित और रियान ने बल्लेबाजी की, देखकर बहुत अच्छा लगा।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर को पता है कि ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यो नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया कैमरन को कमर में चोट लगी थी जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10.12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पायेगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है। ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी। पूरे विश्व कप में वह 19 गेंद ही डाल सके। केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपये में ग्रीन को खरीदा था।

# खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

**मुल्लांपुर, एजेंसी**



शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर।

भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा।

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाये हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है। गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जायेगी। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाये थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं पर घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे। पंजाब किंग्स के लिये एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिये आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाये थे।

- **गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला आज**

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार, मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे व विशाल निषाद।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया, राशिद खान।

## भज्जी ने की रहाणे की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा के खिलाफ सुनील नारायण का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे की आलोचना की।

रोहित तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 38 गेंद में 78 रन बनाए और सलामी जोड़ीदार रेयान रिकलटन (81 रन) के साथ 72 गेंद में 148 रन की भागीदारी की। तब रहाणे ने नारायण का इस्तेमाल नहीं किया जबकि मुंबई इंडियंस के इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ इस गेंदबाज का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। सबसे अच्छा मुकाबला यह होता कि पावरप्ले में नारायण से गेंदबाजी कराई जाती, कम से कम एक या दो ओवर तो जरूर ताकि रोहित को शुरुआत में ही निशाना बनाया जा सके। विकेट लेकर मुंबई पर दबाव बनाने का उनके पास यही सबसे अच्छा मौका था। बल्कि नारायण ने अपने कोटे के पूरे ओवर भी नहीं फेंके, जिससे पता चलता है कि कप्तानी उस स्तर की नहीं थी।

# हुनर साबित करने के लिए मैं नहीं खेल रहा : रहाणे

**मुंबई, एजेंसी**



अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिये क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिये नहीं।

सैंतीस वर्ष के रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। वह भारत के लिए आखिरी बार 2023 में खेले थे।मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में 40 गेंद में 67 रन बनाने वाले रहाणे ने कहा लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए। वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं। उन्होंने कहा मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। मैं किसी को यह साबित करने के लिये नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं। लोग देख रहे हैं। उन्हें देखने दीजिये और बोलने दीजिए। उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं कि पिछले दो तीन साल में सफेद गेंद के प्रारूप में मेरा खेल बेहतर हुआ है। एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं।

**एशियाई खेल**

पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर दे रहीं खास ध्यान

# तीरंदाज कोमोलिका की निगाहें भारतीय टीम में चयन पर

**रायपुर, एजेंसी**



भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं।

विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ में पहुंचने के बाद कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। वह पुणे में चल रहे शिविर में अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं।

उन्होंने 'साई मीडिया' से कहा, मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां चल रहे पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में तीरंदाजी स्पर्धा की मुख्य आकर्षण हैं।

कोमालिका ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है।

## शॉटगन विश्व कप में वापसी की कोशिश करेंगे ट्रैप निशानेबाज

**टैंगियेर (मोरक्को)।** भारतीय ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के फिर से शुरू होने पर स्कीट निशानेबाजों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। सत्र के पहले शॉटगन विश्व कप में पुरुष और महिला स्कीट टीम का प्रदर्शन फीका रहा था, जहां अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कोई भी भारतीय निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। भवनेश मेंदीरत्ता जैसे खिलाड़ी सत्र की सकारात्मक शुरुआत करने के इरादे से उतरेंगे, क्योंकि इस साल जापान में एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप भी होने हैं।


www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार, 31 मार्च 2026


## सुविचार



यदि आप सचमुच परिणाम की चिंता करते हैं, तो बहुत हद तक ये पक्का है कि आप उसे पा लेंगे।

-विलियम जेम्स


लखनऊ के प्रमुख समाचार

- एक्सिस बैंक के मैनेजर ने गोली मार की खुदकुशी II
- कविताओं से उठाई समस्याएं, किया व्यवस्था पर व्यंग्य III
- एलएसजी के धुरंधर तैयार, पंत-पूरन के प्रदर्शन पर निगाहें IV




## शहर में आज



- टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज गोमती नगर में प्रतियोगिता के विजेता छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह-10:00 बजे से।
- हजरतगंज सप्रू मार्ग स्थित उद्यान भवन के सभागार में डॉ.आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से विश्वयुद्ध के खतरे और बुद्ध की प्रासंगिकता विषय पर सेमिनार-11:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ



दुपट्टे से पसीना पोंछती तेज धूप से बेहाल युवती। अमृत विचार

### धूप ने बढ़ाई तपिश बादलों ने डाला डेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में सोमवार को सुबह से तीखी धूप ने तपिश बढ़ा दी, जिससे पारा लगभग 2 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक था। इसके अलावा न्यूनतम तापमान भी 2 डिग्री बढ़कर 22 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दोपहर में अचानक बादलों ने डेरा डाल दिया। इससे उमस बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को राजधानी और आस-पास कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने गरज और चमक के साथ हल्की बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है।

### सर्वेश अध्यक्ष और संदीप बने सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा जानकीपुरम के वार्षिक चुनाव में सर्वेश कुमार खरे को एक बार फिर अध्यक्ष और संदीप कुमार माथुर को सचिव चुना गया। इसके अलावा अनिल कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। नई कार्यकारिणी का चुनाव परिषद के प्रांतीय दायित्व धारी शक्ति प्रसाद तिवारी की देख-रेख में भारतीय शिक्षा शोध संस्थान सरस्वती कुंज निराला नगर में रविवार को हुआ।

### विद्या मंदिर में हुआ पुरस्कार वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर में संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 350 भैया बहनों को विभिन्न विधाओं जैसे शत प्रतिशत उपस्थिति, खेलकूद प्रतियोगिता, मेधावी छात्र परीक्षा, सुलेख प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता इत्यादि में पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# ब्लड बैंकों में अनियमितता, अस्पतालों में इलाज नहीं

## बिना डॉक्टर चल रहे थे ब्लड बैंक, रक्त संग्रहण और वितरण का रिकार्ड भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**25** ब्लड बैंकों में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर छापा मारा

**07** ब्लड बैंकों को मानकों का पालन न करने पर किया गया बंद, नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा

**अमृत विचार :** एफएसडीए ने सोमवार को लखनऊ की 25 ब्लड बैंकों में जांच की। सात ब्लड बैंकों में गंभीर अनियमितताएं और मरीजों की सेहत से खिलवाड़ के सबूत मिले। इन ब्लड बैंकों के संचालन पर रोक लगा कराकर नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की टीम ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभियान चलाया। विशेष रूप से चैरिटेबल और सोसाइटी की ओर से संचालित ब्लड बैंकों की जांच की। इसमें कई कमियां मिलीं। ब्लड बैंक में खाली ब्लड बैग की गुणवत्ता की जांच नहीं की जा रही थी और रैपिड टेस्ट के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही थीं।

सबसे गंभीर बात यह रही कि कई स्थानों पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। इसके अलावा, खून के संग्रहण और वितरण से जुड़ा कोई ठोस रिकॉर्ड भी नहीं मिला। यह भी स्पष्ट नहीं था कि खून किसने दिया और किस मरीज के लिए जारी किया गया। ऐसी लापरवाही से मरीजों की जान को गंभीर खतरा पैदा हो रहा था।

एफएसडीए के सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने अनियमितताओं को गंभीर अपराध बताया। उन्होंने कहा कि खून की गुणवत्ता में जरा सी भी कमी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी ब्लड बैंकों को सुधारात्मक कार्रवाई के बाद ही दोबारा संचालन की अनुमति दी जाएगी। विभाग ने अन्य ब्लड बैंकों की भी सख्त निगरानी और जांच के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पर रोक लगाई जा सके और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



ब्लड बैंक में जांच के दौरान पूछताछ करतीं एफएसडीए टीम की सदस्य।

### इनके संचालन पर रोक

- श्री साईं ब्लड बैंक एंड कॉम्पोनेंट सेंटर।
- लिटिल स्टार चैरिटेबल ब्लड सेंटर।
- अवध चैरिटेबल ब्लड बैंक।
- नोबेल चैरिटेबल ब्लड सेंटर।
- केएचएस चैरिटेबल ब्लड।
- बॉम्बे चैरिटेबल ब्लड सेंटर।
- लखनऊ चैरिटेबल ब्लड सेंटर।

### रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में हड्डी का ऑपरेशन थिएटर पांच महीने से बंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय के आर्थोपैडिक (हड्डी) डॉक्टर न होने से करीब पांच माह से ऑपरेशन थिएटर (ओटी) बंद है। प्लास्टर जैसी बुनियादी सुविधा भी प्रभावित है। एनेस्थीसिया (बेहोशी) विशेषज्ञ की नहीं है। प्रतिदिन आठ से 10 मेजर और माइनर ऑपरेशन संबद्ध एनेस्थीसिया (बेहोशी) विशेषज्ञ के सहारे किए जा रहे हैं। 100 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन एक हजार से अधिक मरीज पहुंचते हैं। गायनी, ईएनटी, जनरल सर्जरी और नेत्र रोग समेत कई विभाग संचालित हैं, लेकिन आर्थोपैडिक सेवाएं ठप हैं। आर्थोपैडिक डॉक्टर की पुनर्नियुक्ति नवंबर में समाप्त होने के बाद से पद खाली है। अस्पताल प्रशासन के पत्र व्यवहार करने पर एडी मंडल ने एक डॉक्टर को संबद्ध किया, लेकिन उन्होंने कार्यभार संभालने से इनकार कर दिया। अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीलिमा सोनकर के अनुसार, डॉक्टर की तैनाती के लिए पुनः उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा गया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

### केजीएमयू में गंभीर मरीजों को नहीं मिला बेड

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में आंखों की समस्या लेकर पहुंचे मरीज के दिमाग में डॉक्टर ने ट्यूमर होने की आशंका जताई, लेकिन बेड की कमी बताकर उसे भर्ती नहीं किया गया। लखनऊ निवासी संतोष कुमार पांडे 20 मार्च को न्यूरो सर्जरी विभाग की ओपीडी में दिखाने गए थे। डॉक्टर की सलाह पर एमआरआई जांच कराई। 27 मार्च को रिपोर्ट लेकर दोबारा अस्पताल पहुंचे। रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टरों ने दिमाग में ट्यूमर होने की आशंका जताई और कहा कि जल्द सर्जरी नहीं हुई तो आंखों की रोशनी जा सकती है। परिजनों का आरोप है कि गंभीर स्थिति होने के बावजूद भर्ती करने के बजाय मरीज को ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। वहां बताया गया कि भर्ती के लिए पहले से 44 मरीज कतार में हैं। परिजनों ने सवाल उठाया कि जब बीमारी को गंभीर और जानलेवा बताया जा रहा है, तो मरीज को तुरंत भर्ती क्यों नहीं किया गया। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा कि मरीज के इलाज में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जा रही है। यदि भर्ती को लेकर कोई समस्या सामने आई है, तो उसका समाधान कराया जाएगा।

### एक्स-रे फिल्म खत्म मोबाइल पर फोटो लेकर डॉक्टर को दिखाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के डेंटल विभाग की ओपीडी में सोमवार को एक्स-रे फिल्म खत्म होने पर मरीजों को एक्स-रे मोबाइल से फोटो खींचकर डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी गई। विभाग में प्रतिदिन 100 से अधिक मरीज पहुंचते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में एक्स-रे जांच की जरूरत होती है। सोमवार को एक्स-रे फिल्म खत्म होने के कारण मरीजों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मोबाइल से फोटो दिखाने को कहा गया। डॉक्टरों का कहना है कि मोबाइल पर तस्वीर स्पष्ट नहीं आती, जिससे बीमारी का सटीक निदान करना मुश्किल हो जाता है। दूर-दराज से आए मरीजों को इस स्थिति में अधिक परेशानी उठानी पड़ी। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों से आए कई मरीजों के पास कैमरा युक्त मोबाइल भी नहीं था, जिससे उनकी समस्या और बढ़ गई। मरीजों ने अस्पताल प्रशासन पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध न कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या ने एक्स-रे फिल्म खत्म होने की जानकारी से इंकार किया है।



गोमती नगर स्थित हुसड़िया चौराहे के पास सोमवार को मुख्य सड़क धंस गई। इससे एक पट्टी में आवागमन बाधित हो गया। हादसे की आशंका के चलते ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने धंसे हिस्से में बैरिकेडिंग लगा दी। देर शाम तक सड़क की मरम्मत करने जिम्मेदार विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंचे थे। अमृत विचार

### एलडीए ने ध्वस्त की 14 प्लाटिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को 14 अवैध प्लाटिंग बुलडोजर से ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि काकोरी के ग्राम शिवरी में रोहित कुमार, कपिल, रज्जन, राजू, मोहम्मद रईस, विनीत, सर्वेश व अ न्य द्वारा लगभग 30 बीघा में सात प्लाटिंग की जा रही थी। निर्माण का मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया था। जो टीम ने ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि चिनहट के ग्राम गोईला और इंदिरा नगर के ग्राम रसूलपुर सादात में शिवपाल यादव, संजू कुमार व अन्य की 10 बीघा में की जा रही दो प्लाटिंग ध्वस्त की। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि दुबग्गा के ग्राम मौरा में मोहम्मद शहजाद, राधेश्याम, संजय, अशोक, राम सिंह, रविन्द्र, धर्मेन्द्र व अन्य द्वारा लगभग 20 बीघा में पांच प्लाटिंग ध्वस्त की।

# अप्रैल से गृहकर के ब्याज पर छूट नहीं

## दुरुपयोग होने से बंद की गई योजना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- वर्ष 2015 में सदन में पास हुआ था ब्याज में छूट का प्रस्ताव

**अमृत विचार :** अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 से नगर निगम भवन स्वामियों को गृहकर में ब्याज पर छूट नहीं देगा। छूटे का दुरुपयोग होने के चलते निगम ने ये फैसला लिया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों अब ब्याज पर छूट खत्म करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि भवन स्वामी ब्याज से बचने के लिए अपना बकाया गृहकर 31 मार्च तक जमा कर दें। अन्यथा 12 प्रतिशत ब्याज के साथ गृहकर जमा करना पड़ेगा।

2015 में नगर निगम सदन में भवन स्वामियों को गृहकर पर ब्याज में छूट देने का निर्णय लिया गया था। छूट का दुरुपयोग होने से निगम को नुकसान उठाना पड़ रहा था। अन्य नगर निगमों में भी ब्याज पर छूट नहीं है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष का गृहकर समय से जमा न करने पर अगला वित्तीय वर्ष शुरू होते ही धनराशि पर 12 प्रतिशत ब्याज लग जाता है। ब्याज में छूट मिल जाने से भवन स्वामी समय से गृहकर जमा नहीं करते हैं, जिससे नगर निगम को समय से धनराशि नहीं मिल पाती है। उन्होंने बताया कि समय से गृहकर जमा करने वाले भवन स्वामियों को नगर निगम ऑनलाइन पर 10 और कैश जमा करने पर 8 प्रतिशत छूट देता है।

### 30 तक जमा हुआ 549 करोड़ गृहकर

नगर निगम टैक्स वसूली के लक्ष्य के करीब पहुंच गया है। सोमवार शाम तक 5,28000 भवन स्वामियों ने करीब 549 करोड़ रुपये हाउस टैक्स जमा किया गया। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन सरकारी विभागों और आवासीय व व्यावसायिक भवनों से और 50 करोड़ से अधिक गृहकर जमा होने की उम्मीद है। इस तरह नगर निगम 647 करोड़ रुपये गृहकर वसूली का लक्ष्य हासिल कर सकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश के दिन नगर निगम के सभी कैश काउंटर और जोनल कार्यालय सुबह 10 से रात 11 बजे तक खुले रहेंगे। आज भवन स्वामियों के लिए गृहकर जमा करने का अंतिम मौका है। इसके बाद 12 प्रतिशत ब्याज के साथ गृहकर जमा करना पड़ेगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी भवन स्वामियों से अपना बकाया गृहकर जमा करने की अपील की है।

# आर्मी लैंड से मरी माता मंदिर तक बनेगी चार लेन सड़क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तहत शासन ने दी 32.52 करोड़ की स्वीकृति
- पहले चरण में 11.38 करोड़ जारी, 18 माह में पूरा होगा निर्माण कार्य, जाम से मिलेगी राहत

**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ में यातायात व्यवस्था को सुगम और आधुनिक बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आर्मी लैंड से मरी माता मंदिर तक प्रस्तावित ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को मंजूरी देते हुए 4 लेन सड़क निर्माण के लिए 32.52 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

सोमवार को जारी शासनादेश के अनुसार, परियोजना के लिए प्रथम चरण में 11.38 करोड़ रुपये (1138.20 लाख रुपये) जारी किए गए हैं, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके। सरकार ने इस परियोजना को 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण से शहर के प्रमुख इलाकों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी और ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी। खासकर व्यस्त मार्गों पर जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। परियोजना के तहत सड़क निर्माण भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) और लोक निर्माण विभाग के मानकों के अनुरूप किया जाएगा, जिससे गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

शासन ने निर्माण एजेंसी के रूप में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक को नोडल एजेंसी बनाया गया है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि कार्य शुरू करने से पहले सभी आवश्यक तकनीकी स्वीकृतियां और पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त की जाए।

शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि परियोजना की लागत या डिजाइन में बिना पूर्व अनुमति कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। तय समयसीमा में कार्य पूरा करना संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी होगी।

यह परियोजना लखनऊ के शहरी ढांचे को मजबूत करने के साथ भविष्य की यातायात जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और शहर में सुगम, सुरक्षित व तेज आवागमन सुनिश्चित करेगी।

## रोशन किया नाम

लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों समेत शहर के कई युवाओं ने यूपी पीसीएस में हासिल की सफलता

# पूजा बनीं उपजिलाधिकारी और दिशा व शिवानी नायब तहसीलदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनामिका बाजपेई और अर्पित सिंह का असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर हुआ चयन
- एमएससी प्राणी विज्ञान की छात्रा प्रीति सिंह बनीं वाणिज्य कर अधिकारी

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं समेत शहर के कई युवाओं का उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (पीसीएस-2024) की परीक्षा में चयन हुआ है। सकारात्मक सोच, धैर्य के साथ कठिन परिश्रम से इन युवाओं ने सफलता हासिल की। इन युवाओं ने कहा कि, सूचना तकनीक, एआई के दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पहले से काफी आसान हो गई है।

नेशनल पीजी कॉलेज की छात्रा पूजा तिवारी का चयन उपजिलाधिकारी पद पर हुआ है। जेएनयू से परास्नातक करने वाली पूजा पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शोध कर रही हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की छात्रा अनामिका बाजपेई का चयन असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर हुआ है। भूगोल विभाग के छात्र अर्पित सिंह भी असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी बन गए हैं। एमएससी प्राणी विज्ञान की छात्रा प्रीति सिंह का चयन वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर किया गया है। इसी प्रकार फैजाबाद रोड स्थित इस्माईलगंज निवासी दिशा सिंह अपने प्रथम साक्षात्कार में ही नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुई हैं। आशियाना की रहने वाली शिवली सिंह का भी चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है।

### पहले की अपेक्षा अब तैयारी करना आसान



पीसीएस 2024 में सफलता पाए अभ्यर्थियों का लगभग एक जैसा ही उत्तर है कि कठिन परिश्रम और योजनाबद्ध तैयारी का कोई विकल्प नहीं होता। स्नातक के बाद से ही सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दी। -पूजा तिवारी



अपने प्रयास और परिश्रम के साथ भगवान पर भरोसा रखना चाहिए। आत्मविश्वास तभी आएगा जब अभ्यर्थी जमकर मेहनत करेंगे। सामान्य अध्ययन पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए और समय सीमा के भीतर निबंध लिखने का का प्रयास करना चाहिए। -प्रीति सिंह



तकनीक तेजी से आगे बढ़ रही है और अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जाती है। पहले की तुलना में अब सिविल सेवा की तैयारी करना काफी आसान हो गया है। -अर्पित सिंह



सफलता के मार्ग असफलता भी आए तो घबराना नहीं चाहिए। सतत प्रयास और परिश्रम का विकल्प नहीं होता। मै सभी से यही कहूंगी कि योजनाबद्ध तैयारी करें और धैर्य बनाएं रखें। -अनामिका बाजपेई

# अब ऑनलाइन मिलेगा एलडीए की संपत्तियों का आवंटन पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्राधिकरण अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा आवंटन पत्र
- तीन माह में अपलोड न करने पर निरस्त होगा आवंटन

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने संपत्तियों के आवंटन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए आवंटन पत्र ऑनलाइन अपलोड करने की व्यवस्था लागू की है। यदि तीन माह में आवंटन पत्र डाउनलोड नहीं किया तो बिना किसी नोटिस के आवंटन निरस्त भी कर दिया जाएगा। सोमवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने ये आदेश जारी किया है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर लॉटरी, ई-ऑक्शन एवं पहले आओ-पहले पाओ योजना के अंतर्गत संपत्तियों का आवंटन किया जाता है।

पूर्व प्रचलित व्यवस्था के तहत आवंटन के पश्चात प्राधिकरण द्वारा आवंटी को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवंटन पत्र भेजा जाता था। कई बार आवंटियों को समय से आवंटन पत्र प्राप्त नहीं होते थे। उन्हें कार्यालय के चक्कर भी लगाने पड़ते थे। कुछ ऐसे भी मामले सामने आए, जिसमें जालसाजों द्वारा लोगों को एलडीए का फर्जी आवंटन पत्र देकर धोखाधड़ी का प्रयास किया। इसको देखते हुए नई डिजिटल व्यवस्था लागू की है। इसके अंतर्गत सभी प्रकार की संपत्तियों का आवंटन पत्र प्राधिकरण की वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।

इसकी सूचना आवंटी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज के माध्यम से दी जाएगी। वेबसाइट से ही आवंटन पत्र डाउनलोड करना होगा। तीन महीने के अंदर आवंटन पत्र डाउनलोड न करने पर आवंटन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा।

आवंटी को कोई नोटिस नहीं दी जाएगी। निरस्तीकरण के पश्चात आवंटी द्वारा जमा की गयी पंजीकरण धनराशि से नियमानुसार कटौती करते हुए शेष धनराशि वापस कर दी जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा इलाके में सोमवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि दशहरी गांव रेलवे ट्रैक के पास दोपहर करीब 1 बजे युवक का शव मिला है। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। शव की शिनाख्त करने के लिए पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। युवक की उम्र तकरीबन 35 वर्ष है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### वीडियो वायरल की धमकी दे किया ब्लैकमेल

अमृत विचार, लखनऊ :मड़ियांव क्षेत्र में एक किशोरी को सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजीज नगर निवासी महिला के अनुसार शिवांशु नामक युवक पिछले दो माह से इंस्टाग्राम पर उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। वह फर्जी आईडी बनाकर तस्वीरें अपलोड कर वायरल करने की धमकी देता है। आरोपी घर के आसपास आकर डराने-धमकाने के साथ दोस्तों के जरिए सामग्री फैलाने की बात कहता है, जिससे परिवार मानसिक तनाव में है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### किशोरी को भेज रहा आपत्तिजनक मैसेज

अमृत विचार , लखनऊ : किशोरी के व्हाट्सएप पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा आपत्तिजनक मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। परिजनों की तहरीर पर गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गोमतीनगर विस्तार निवासी अधिवक्ता के अनुसार उनकी भतीजी को कई दिनों से अंजान नंबर से अश्लील व धमकी भरे संदेश मिल रहे थे। 3 मार्च को आए मैसेज में आरोपी ने फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी, जिससे किशोरी मानसिक दबाव में है। पुलिस चैट व साक्ष्यों की जांच कर रही है।

### हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईगंज इलाके में सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। रसूलपुर आशिक अली निवासी आशाराम के अनुसार, उनके बड़े भाई मंशाराम और छोटे भाई कन्धईलाल 29 नवंबर को बाइक से बारात में गए थे। लौटते समय लखनऊ-सुलतानपुर रोड पर मुंशीगंज (अमेठी) के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में मंशाराम को हल्की चोट आई, जबकि कन्धईलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान कोमा में जाने के बाद उन्हें घर लाया गया, जहां सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई।

### महिलाओं से लूट करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई पुलिस ने महिलाओं से मोबाइल लूट करने वाले आरोपी को उतरेठिया स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूटे गए तीन मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के मुताबिक आरोपी सुरेश, निवासी ग्राम खसरवारा (बंथरा), एक होम्योपैथिक स्टोर पर काम करता था और पैसों के लिए महिलाओं को निशाना बनाता था। उसने 17 मार्च को कृतिका श्रीवास्तव, 20 मार्च को पूनम तिवारी और 11 मार्च को श्वेता मिश्रा से मोबाइल लूटे थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच तेज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### फर्जीवाड़ा कर लोन कराने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : फर्जीवाड़ा कर बैंकों से लोन स्वीकृत कराकर ठगी करने वाले आरोपी को हजरतगंज पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले चार वर्षों से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 18 अगस्त 2022 को धोखाधड़ी, जालसाजी और कूटरचना की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने उसे देवरिया से पकड़कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक सहजपुरम निवासी अंकुर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोगों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर उनके नाम पर बैंक से लोन पास कराकर रकम निकाल ली। विवेचना के दौरान पुलिस पहले ही गिरोह से जुड़े फिदा मिर्जा, विकास कुरील और विवेक मिश्रा को गिरफ्तार कर चुकी थी। मुख्य आरोपी आशुतोष तिवारी, निवासी लार थाना देवरिया, फरार था और उसके खिलाफ वारंट जारी था। एसीपी विकास जायसवाल के अनुसार सूचना पर टीम ने उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि वह गोरखपुर में किराये के मकान में रहकर लगातार लोकेशन बदलता था और साथियों संग फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोन लेकर रकम बांटता था।

# 2800 रुपये में सिलेंडर बेच रहा डिलीवरी मैन गिरफ्तार

- विभूतिखंड थाने में दो के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर
- आपूर्ति व पुलिस की टीम ने दबोचा, सिलेंडर, स्कूटी व कई पर्चियां बरामद




कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: विभूतिखंड इलाके में डिलीवरी मैन घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कालाबाजारी का खुलासा हुआ। आपूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक डिलीवरी मैन को दबोचा है। तीन हजार रुपये में सिलिंडर बेच रहा था। उसने एक ग्राहक से सौदा 2800 रुपये में तय किया था। आपूर्ति व पुलिस की टीम ने आरोपी के पास से सिलिंडर, स्कूटी व कई पर्चियों को बरामद किया है। पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार की तहरीर पर दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक विभूतिखंड पुलिस व आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने भरवारा इलाके में छापेमारी कर घरेलू गैस सिलिंडर को ब्लैक करने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के एक सदस्य को डिलीवरी मैन रिंकू कुमार को गिरफ्तार किया है। उसका दूसरा साथी चंदू फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक एक व्यक्ति ने सिलिंडर ब्लैक करने की सूचना दी। जिस पर अपर जिलाधिकारी आपूर्ति के निर्देश पर कार्रवाई की गई। जांच में सामने कि डिलीवरी मैन रिंकू सिलिंडर का तीन हजार रुपये मांग रहा था। उसने 2800 रुपये में सौदा तय किया था। इसकी पुष्टि होने पर पुलिस व आपूर्ति विभाग की टीम ने घेराबंदी कर रिंकू को दबोच लिया।

पूछताछ में सामने आया कि रिंकू कुमार मां दुर्गा इंडेन गैस सर्विस का डिलीवरी मैन है। हालांकि गैस एजेंसी के प्रबंधक नरेंद्र पांडेय ने बरामद सिलिंडर को अपनी एजेंसी का नहीं बताया है। रिंकू से पूछताछ में सामने आया कि उसने चंदू नाम के व्यक्ति से सिलिंडर मंगवाया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर अमर सिंह के मुताबिक आपूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार की तहरीर पर रिंकू और चंदू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी चंदू की तलाश की जा रही है।



स्टेशन रोड स्थित एपीसेन रोड पर भारतीय ज्योति गैस सर्विस पर गैस सिलेंडर लेने को लगी लम्बी लाइन। अमृत विचार

# एक्सिस बैंक के मैनेजर ने गोली मार की खुदकुशी

## गुडंबा के आदिलनगर में हुई घटना, पुलिस कर रही मामले की जांच, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

- कमरे से नहीं मिला कोई सुसाइड नोट



काजी अहमद जैद (फाइल फोटो)

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गुडंबा के आदिलनगर में रहने वाले एक्सिस बैंक भूतनाथ शाखा के डिप्टी मैनेजर काजी अहमद जैद (34) ने कनपटी पर पिस्तौल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पिस्टल बिना लाइसेंस की थी। उनका शव सोमवार सुबह घर के स्टोर रुमें खून से लथपथ पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पिस्तौल को कब्जे में ले लिया है। खुदकुशी की वजह अभी सामने नहीं आई है। परिजन से पूछताछ की जा रही है।

मूलतः गोंडा के रहने वाले काजी अहमद जैद आदिल नगर में पत्नी तैयबा, एक वर्षीय बेटी, मां मुसफिया खातून, बड़े भाई काजी अहमद अजीज, भाभी व भांजे हमजा के साथ रहते थे। वह एक्सिस बैंक की भूतनाथ शाखा इंदिरा नगर में तैनात थे। अजीज के मुताबिक दो दिन पहले जैद पत्नी तैयबा व भांजे के साथ पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने गोंडा गए थे। रविवार रात करीब 12:30 बजे वापस लौटे थे। इसके कुछ देर बाद सभी सो गए थे। सुबह करीब 8:30 बजे जब पत्नी तैयबा की आंख खुली तो उन्हें जैद कमरे नहीं दिखे। इस पर उन्हें लगा कि वह बैंक चले गए। मगर कुछ देर बाद उन्हें जैद के दोनों मोबाइल कमरे में ही रखे मिले। घर के बाहर गाड़ियां भी खड़ी मिलीं। तैयबा ने उन्हें काफी आवाज लगाई मगर, कोई जवाब नहीं मिला। इस खाना बनाने वाली मंजू भी उनके घर आ गई।

**स्टोर रुम के दरवाजे के पास पड़ा था शवः** पत्नी तैयबा जैद की तलाश करती हुई छत पर पहुंचीं। जैद स्टोर रूम के दरवाजे के पास खून से लथपथ पड़े मिले। उनकी चीख निकल गई। शोर सुन घरवाले आनन-फानन छत पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घरवालों ने घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। एडीसीपी पूर्वी अमोल मुरकुट, एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह व इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। घटनास्थल से पुलिस को के पास से पुलिस ने एक 32 बोर का अवैध पिस्टल, एक खोखा मिला है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। हालांकि, पुलिस ने जैद के दोनों मोबाइल कब्जे में ले लिए। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। अगर घरवाले किसी पर कोई आरोप लगाते हुए तहरीर देते हैं तो एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### महिला ने फंदा लगाकर दी जान

अमृत विचार , लखनऊ : इंदिरानगर के फरीदीनगर बस्ती में सोमवार को एक महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने महिला को फंदे से लटका देखा तो उसे फौरान उतारा और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर इंदिरानगर अजय नारायण सिंह के मुताबिक मूलत : सीतापुर निवासी सुमित कश्यप परिवार संग फरीदीनगर बस्ती में रहते है। सोमवार को अर्चना (30) ने कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगा लिया। सुमित जब कमरे में गए तो पत्नी को फंदे से लटका देखा। यह देखकर वह चीख पड़े। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। पति ने पड़ोसियों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। अर्चना को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पैदल जा रहे अधेड़ को बेकाबू कार ने मारी टक्कर, मौत

- सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे हजरतगंज के मेफेयर चौराहे पर हुआ हादसा




कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हजरतगंज के मेफेयर तिराहे के पास सोमवार सुबह बेकाबू कार ने सड़क किनारे चल रहे मुन्ना लाल (45) को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक लीला सिनेमा नवल किशोर रोड निवासी मुन्ना लाल पेशे से धोबी थे। वह सोमवार सुबह निजी काम से पैदल जा रहे थे। इसी बीच बाजपेयी पुड़ी से मेफेयर की तरफ जाने वाले रास्ते पर अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह हवा में उछलकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। स्थानीय लोगों ने किसी तरह मुन्ना लाल को सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी अनीता और दो बच्चे तनीषा और आयुष है। इंस्पेक्टर के मुताबिक देर शाम तक तहरीर नहीं मिली थी। तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज कर लिया जाएगा।

# भैंस चोरी करने वाले दो गिरफ्तार वाहन और 1.17 लाख बरामद

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचारः दुबग्गा पुलिस ने भैंस चोरी के मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की गई भैंसों को बेचने से मिले 1,17,150 नकद और प्रयुक्त डाला बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय के मुताबिक बीते 27 मार्च को जेहटा रोड स्थित रौकन सिटी निवासी किसान रामविलास पाल दुबग्गा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान मामले में अशोक और मोहम्मद अंसार उर्फ गोलू का नाम प्रकाश में आया। सोमवार को सुबह 4 बजे मछली मंडी तिराहा से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बाराबंकी के आलापुर का अख्तर अली उर्फ गोगा और उन्नाव हसनगंज के निंदेमऊ कटरा का मोहम्मद अंसार उर्फ गोलू शामिल है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी की गई भैंसों को स्लॉटर हाउस में काटने के लिए बेच दिया था। जिससे 1,17,150 रुपये मिले थे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में भी जुटी हुई है।

### बंद मकान से 12 लाख के जेवर व नकदी चोरी

अमृत विचार गोसाईगंजः सुशांत गोल्फ सिटी के सेखनापुर बक्कास में रहने वाले शम्भू दयाल कन्नौजिया के घर से 26 मार्च की रात चोरी की घटना हुई। चोरों ने 12 लाख से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और करीब 20 हजार रुपये नकद साफ कर दिए। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। आरोप है कि घटना की सूचना देने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। रविवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव ने मामले का संज्ञान लेते हुए कहा कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कुत्ते ने 12 लोगों को काटा, दहशत

- सूचना पर पहुंची नगर निगम टीम 3 कुत्ते पकड़ ले गई
- दहशत का माहौल, घरों से निकलने में घबरा रहे लोग



कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : पुराने लखनऊ के चौक क्षेत्र में केजीएमयू स्थित पोस्टमार्टम हाउस, बड़ा इमामबाड़ा और हुसैनाबाद इंटर कॉलेज के पास एक आक्रामक कुत्ते ने 12 लोगों को काट लिया। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने में घबरा रहे हैं। सूचना पर पहुंची नगर निगम की कैटल केचिंग टीम के दस्ते ने तीन कुत्ते पकड़कर ले गई लेकिन आक्रामक कुत्ता पकड़ से दूर है।


केजीएमयू स्थित पोस्टमार्टम हाउस में शव लेने पहुंचे परिजनों और बाहर खड़े लोगों पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार कुत्ते ने देखते ही देखते 8 लोगों को काट लिया। लोग दर्द से कराहते हुए इधर-उधर भागने लगे, जिससे परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा। इसके बाद कुत्ते ने हुसैनाबाद इंटर कॉलेज में शिक्षकों पर हमला बोल दिया। हमले में कई शिक्षक जख्मी हो गए। कॉलेज प्रशासन ने कुत्ते को डंडा लेकर बाहर खदेड़ दिया। इसके बाद कुत्ते ने बड़ा इमामबाड़ा के पास घूमने आए पर्यटकों को अपना शिकार बनाया। कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह नोंच लिया। स्थानीय दुकानदारों ने कुत्ते को भगाया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया और एंटी रेबीज इंजेक्शन और प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया गया।

### जीपीओ की सुरक्षा के लिए गार्ड नियुक्ति का टेंडर जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ के मुख्य डाकघर (जीपीओ) की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से चीफ पोस्टमास्टर कार्यालय ने सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति के लिए टेंडर जारी किया है। यह टेंडर गवर्मेंट ई- मार्केट प्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से सोमवार को जारी किया गया है। इस टेंडर का मुख्य उद्देश्य लखनऊ जीपीओ में दैनिक कार्यों के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना, संभावित जोखिमों को कम करना और डाक विभाग के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करना है।

# पड़ोसी झूठे ड्रग्स मामले में फंसाने की दे रहे धमकी, एफआईआर दर्ज

- हसनगंज इलाके में महिला ने पड़ोसियों पर लगाए गंभीर आरोप




कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हसनगंज के डालीगंज स्थित मुकरीम नगर निवासी शशि कश्यप ने पड़ोसियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पड़ोसी लंबे समय से उन्हें परेशान कर रहे हैं और उनके बेटे के साथ उन्हें झूठे ड्रग्स सप्लाई मामले में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहरीर में शशि कश्यप ने बताया कि वह अपने पुत्र और नाती के साथ रहती हैं। उनके अनुसार पड़ोस में रहने वाले वीर बहादुर, बबीता कश्यप और शांति देवी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और लगातार उत्पीड़न कर रहे हैं। आरोप है कि ये लोग गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी देते हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। शशि के मुताबिक वह अक्सर घर में अकेली रहती हैं, जिसका फायदा उठाकर आरोपी उन्हें डराने-धमकाने पहुंच जाते हैं।

उन्होंने बताया कि पूर्व में बिजली चोरी की शिकायत के बाद हुई कार्रवाई से नाराज होकर आरोपी रंजिश मानते हैं। कुछ दिन पहले आरोपियों ने उन पर और उनके बेटे पर हमला भी किया, जिसकी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कमलेश दीक्षित बने डीसीपी पश्चिम

अमृत विचार , लखनऊः पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने सोमवार देर रात को डीसीपी मुख्यालय कमलेश दीक्षित को डीसीपी पश्चिम की जिम्मेदारी सौंपी है। यहां तैनात रहे आईपीएस विश्वजीत श्रीवास्तव का देर शाम स्थानांतरण एसपी बहराइच के पद पर हो गया था। स्थान रिक्त होते ही देर रात को पुलिस कमिश्नर ने आईपीएस कमलेश दीक्षित को तैनात किया है। हालांकि पूर्वी जोन के डीसीपी शशांक सिंह और दक्षिणी के निपुण अग्रवाल का भी स्थानांतरण हुआ है। पर, बुधवार को होने वाले आईपीएल मैच की सुरक्षा और उनके स्थान पर तैनात तीन आईपीएस अधिकारियों के आमद न करने के कारण तैनाती नहीं दी गई है।

# मिट्टी की दीवार गिरने से वृद्धा की मौत

माल, संवाददाता

अमृत विचारः माल के रघुनाथपुर में मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार के नीचे दबने के कारण देवी देई की मौत हो गई। अचानक दीवार गिरने से आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रघुनाथपुर में स्व. जियालाल की पत्नी देवी देई सोमवार शाम 9:30 बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर बने छप्पर में बैठी थी। दीवार मिट्टी की थी। अचानक भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। देवी देई मलबे के नीचे दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर बाहर निकले परिजन व ग्रामीणों ने किसी तरह उनको बाहर निकाला। लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। परिवार में तीन बेटे थे। जिसमें पप्पू ने कुछ साल पहले फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया था। वही, बेटे बबलू की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। बेटा अयोध्या मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मृतका अपनी पोते लल्लन के साथ रह रही थी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

### युवक को दी जान से मारने की धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : हसनगंज थाने के सामने दबंगों ने युवक को रोककर गालियां दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश कर रही है। बलिया के मनियर निवासी रिशु जायसवाल के मुताबिक 25 मार्च को अपने मित्र सत्यम प्रताप के साथ हसनगंज थाने के सामने खड़ा था। इसी दौरान आलोक कुमार मिश्रा, मनमोहन शुक्ला उर्फ जतिन, राघव सिंह उर्फ प्रियांशू और अलख मिश्रा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने मौके पर उसका वीडियो भी बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



शिवा शर्मा के अपहरण की खबर पाकर थाने के सामने हंगामा करते लोग। अमृत विचार

**दबंगई** | एक लाख रुपये की फिरौती लेने के बाद दुबग्गा के जागर्स पार्क के पास छोड़ा

# उधार चुकाने के लिए बुलाकर दो युवकों का किया अपहरण

- सात घंटे कार में बंधक बनाकर पीटा, ऑन लाइन रकम ट्रांसफर कराई
- माल इलाके में हुई घटना, ओयो होटल संचालक पर आरोप



माल, संवाददाता

अमृत विचारः माल इलाके में उधार चुकाने के बहाने से बुलाकर दबंगों ने दो युवकों का अपहरण कर लिया। सात घंटे तक कार में बैठाकर घुमाते रहे। इस दौरान दोनों की पिटाई की। रास्ते में ऑन लाइन रकम ट्रांसफर करा लिया। यही नहीं परिवार से एक लाख रुपये की फिरौती मांगी। रकम प्रेरणा स्थल के पास पहुंचाने के लिए कहा। वहां रकम मिलने के बाद आरोपियों ने दोनों को जागर्स पार्क के पास छोड़ा।

पीरनगर निवासी शिवा शर्मा के अनुसार, रविवार को लगभग साढ़े तीन बजे उन्हें ओयो होटल के संचालक माल निवासी शेरा सिंह ने 55 हजार रुपए चुकाने के लिए बुलाया। वह,माल निवासी साथी रंजीत साहू के साथ ओयो होटल गया। होटल संचालक शेरा सिंह वहां नहीं मिला। शेरा ने पीड़ित के पास पुनः फोन कर नई बस्ती बुलाया शिवा शर्मा अपने साथी के साथ जैसे ही तय स्थान पर पहुंचे। वहां शेरा सिंह ने दोनों को जबरदस्ती अपनी स्कार्पियो में बैठा लिया। शेरा के साथ नारायण पुर निवासी शनि सिंह सत्या, माल के अनुभव तिवारी, गौरैया का करन सिंह और दो अज्ञात लोग मौजूद थे।

**अश्लील वीडियो बनाने का आरोप :** पीड़ित शिवा ने आरोप लगाया है कि लड़की को बुलाकर निर्वस्त्र किया। उसके भी कपड़े उतरवाये। इसके बाद अश्लील वीडियो बना लिया। धमकी दी कि कहीं शिकायत करने पर वायरल की धमकी दी। पुलिस मुताबिक पीडित की तहरीर मिली है। मामले की जांच की गई है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### आंख पर पट्टी बांध शहर में घुमाया

- शिवा के मुताबिक विरोध करने पर दोनों के हाथ पांव बांध दिये। आंख पर पट्टी बांध दी। इसके बाद कार में भरकर उनकी पिटाई की। करीब सात घंटे तक उन्हें शहर की सड़कों पर घुमाया गया। इस दौरान बदमाशों ने उनके तीन मोबाइल लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर उनके यूपीआई खातों का पासवर्ड पूछ और मोटी रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर ली। शिवा का आरोप है कि उसके फोन से शेरा सिंह ने अपने दोस्त को फोन कर पीड़ित के भाई देवा से एक लाख की फिरौती मांगी। जिसके बाद उसके परिजन अन्य ग्रामीणों के साथ फिरौती की रकम लेकर पहुंचे। लगभग साढ़े दस बजे प्रेरणा स्थल के गेट नंबर एक पर फिरौती की रकम लेने के बाद लगभग एक घंटे बाद दुबग्गा के जागर्स पार्क के पीछे छोड़ दिया।

## सिटी ब्रीफ

### फैशन शो और स्टार प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीसीआरसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में आयोजित "उड़ान 7.0 – ड्रीम, डेयर, फ्लाई" का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज गुप्ता ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत हरियाणवी नृत्य कलाकार डॉ. मोनिका सिंह के ऊर्जावान प्रस्तुति से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत थीम आधारित फैशन शो ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें रचनात्मकता और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में हरियाणवी गायक अजय हूडा एवं अभिनेत्री रुबा खान की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### छात्रावास दिवस पर हुए कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 'छात्रावास दिवस' के उपलक्ष्य में विविध शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर परिसर के सभी प्राध्यापक, अधिकारी, छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थी हिस्सा लेंगे। 'छात्रावास दिवस' के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक संध्या, खेलकूद गतिविधियाँ, काव्य-पाठ, नाटक एवं संगीत कार्यक्रम सहित अनेक रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन प्रस्तावित है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास, प्रतिभा संवर्धन तथा आपसी सहयोग एवं समन्वय की भावना को प्रोत्साहित करना है।

### अवधी भाषा बनेगी गूगल की भाषा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाषा प्रौद्योगिकी के उपयोग से भारतीय भाषा संस्थान मैसूर कर्नाटक भारत सरकार, अवधी का स्थाई संरक्षण कर रहा है। अवधी गद्य साहित्य का डिजिटलीकरण करके गूगल पर अपलोड किया जा रहा है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए मुख्यवक्ता डॉ. सत्येन्द्र अवस्थी ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता करते हुए अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राम बहादुर मिश्रा नेकी। प्रदीप सारंग, सर्वेश अस्थाना ने कहा कि अवधी के प्रचार व प्रसार के लिए अवधी को होठों पर बिठाना होगा। कार्यशाला में एड रजत बहादुर वर्मा, प्रदीप तिवारी धवल, कुमार तरल, डॉ ऊषा चौधरी, रमाकान्त तिवारी रामिल, डॉ. संतलाल, डॉ. शिव प्रकाश अग्निहोत्री, सुनील वर्मा, डॉ. प्रदीप शुक्ला, डॉ. ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह सहित अनेक अवधी विद्वान उपस्थित रहे।

### आत्मकथा 'आत्मसम्भवा आंडाल' का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनवादी लेखक संघ लखनऊ की ओर से कैफी आजमी एकेडमी में सुभाष राय की पुस्तक ''आत्मसम्भवा आंडाल'' का सोमवार को जीवन सिंह, देवेन्द्र, नलिन रंजन सिंह, प्रीति चौधरी और ज्ञान प्रकाश चौबे ने विमोचन किया। सुभाष राय ने अपने आत्मकथ्य में बताया कि आंडाल पर काम करते समय उन्हें मानसिक द्वंद्व का अनुभव हुआ। उन्होंने बताया कि आंडाल की दो छवियां उनके मन में उभरती थीं। एक समाज द्वारा गढ़ी गई देवी छवि और दूसरी उनकी स्वयं की दृष्टि में एक अनन्य भक्तिन की छवि। आंडाल अपने प्रेम और भक्ति में इतनी सहज थीं कि उन्होंने लोक-समाज में असामान्य समझे जाने वाले कार्य जैसे वस्त्रों का त्याग भी सहजता से किए। कहानीकार प्रीति सिंह ने कहा कि आंडाल की रचनाओं में स्त्रियों में पुरुषोचित और पुरुषों में स्त्रियोचित गुणों की झलक मिलती है। वरिष्ठ आलोचक नलिन रंजन सिंह ने कहा कि इस पुस्तक से उन्हें आंडाल के व्यक्तित्व और काव्यशैली की गहन समझ मिली। देवेंद्र ने बताया कि आंडाल की स्तनों पर चर्चा उस समय की सामाजिक प्रथा के विरुद्ध एक विद्रोह के रूप में देखी जा सकती है।

# कविताओं से उठाईं समस्याएं, किया व्यवस्था पर व्यंग्य

## डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पद्मश्री विद्या विंदु सिंह की अध्यक्षता में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के हिन्दी और अन्य भारतीय भाषा विभाग में समकालीन समय, समाज और साहित्यः विमर्श, संवेदना, दिव्यांगता पुनर्वास एवं सामाजिक दायित्व विषय पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कवियों ने जहां सामाजिक समस्याएं उठाईं वहीं व्यवस्था पर व्यंग्य भी किया। हास्य कविताओं से गुदगुदाया भी।

संचालन कर रहे पंकज प्रसून ने "पेट्रोल पंप पर मेरी टंकी जो फुल हुई, ऐसा लगा कि जख्म पुराना हो सिल गया..." तिजोरी से भी ज़्यादा, अब हिफ़ाज़त इसकी करनी है, सिलेंडर क्या मिला, जैसे कि ख़ज़ाना ही मिल गया... कविता से हाल की समस्या पर व्यंग्य किया। अध्यक्षता कर रहे कालीचरण स्नेही ने आ उतरे लै लेखनी,लिखने को जगपीर, बदलेंगे हम एक दिन दुनिया की तस्वीर, तप अनुभव की आंच में,पी जगती का ताप, करत उजागर लेखनी ,सदियों का संताप.. पंक्तियां सुनाई।

शिखा श्रीवास्तव ने "न पूछो प्यास मिट्टी की, जो बरसें प्रेम की बूंदें, चटकती भूमि के भीतर मिलन की भोर हो जाए..." सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिश्रेष्ठ तिवारी ने " सब अपने हादसों पे शेर कहना चाहते है, मैं शेर कहता था और हादसा बनाता था..." सुनाया। मानक मुकेश ने "सुबह को रात, रात को कह सांझ



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं पद्मश्री विद्या विंदु सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

रहे हैं, तलवार हवाओं में लिए भांज रहे हैं, प्रेशर में जिनके रहता है पूरा ही महकमा, वो घर की रसोई में कुकर मांज रहे हैं..." कविता से तालियां बटोरी। अशोक झंझटी ने "अजब हालात बनते जा रहे हैं अब सियासत में, गधे मिलजुल पंजीरी खा रहे हैं अब सियासत में, कहीं पर धर्म का छाता, कहीं मज़हब की चादर है, यही ओढ़े बिछाए जा रहे हैं अब सियासत मेंकविता से राजनीति पर प्रहार किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोयद, राज्य दिव्यांगजन आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा, साहित्यकार विद्या विन्दु सिंह, दिव्यांगजन सशक्तिकरण के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार राय, लविवि हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. कालीचरण स्नेही, बीबीएयू हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राम पाल गंगवार मौजूद रहे।

### शोध भी प्रस्तुत किए गए

- सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित विद्वानों ने व्याख्यान व्याख्यान दिए, शोधकर्ताओं ने शोध पत्रों की प्रस्तुतियां दी। न्यू जर्सी अमेरिका से अंतरराष्ट्रीय हिन्दी समिति न्यू जर्सी चैप्टर के अध्यक्ष रामबाबू गौतम, नॉर्वे से आए भारतीय-नॉर्वेजियन सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ल 'शरद आलोक' व थाइलैंड के चार शोधकर्ता शामिल रहे। युवा शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए विशेष अकादमिक सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को सहभागिता, प्रस्तुति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### लखीमपुर से चिड़ियाघर लाया गया तेंदुआ

**अमृत विचार, लखनऊः** लखीमपुर खीरी जिले के ग्राम पंचायत सिंधौना में 28 मार्च की रात करीब 11 बजे एक नर तेंदुआ पकड़ा गया। लगभग सात वर्ष उम्र के इस तेंदुए को रेस्क्यू करने के बाद सोमवार को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ लाया गया। जू प्रशासन के अनुसार, तेंदुए को प्राणि उद्यान के वन्यजीव चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। यह तेंदुआ उत्तर खीरी वन प्रभाग के रेंज उत्तर निघासन क्षेत्र में पकड़ा गया था। चिड़ियाघर के निदेशक संजय कुमार बिश्वाल ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान तेंदुआ घायल अवस्था में था, जिसके चलते उसके उपचार के लिए चिकित्सकों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। फिलहाल तेंदुए का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया है और उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।



राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा की मुख्य परीक्षा देकर केंद्र से निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

# जैन मंदिर से महिलाओं ने निकाली पालकी यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार,लखनऊ :** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती मंगलवार को मनाई जाएगी। श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के मुख्य प्रबंधक वीर कुमार जैन टिकैट नगर ने बताया कि सभापति अरविंद कुमार जैन की अध्यक्षता में 31 मार्च को प्रातः 9 बजे चारबाग जैन मंदिर से शोभायात्रा के साथ जयंत कार्यक्रम की शुरुआत होगी। शाम को महावीर पार्क डालीगंज में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

सोमवार सुबह डालीगंज जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक कर रितेश जैन, सुबोध जैन, मनोज जैन, वीर कुमार जैन, बाई जी, पारस जैन पालकी यात्रा निकाली गई। शाम को महावीर पार्क डालीगंज में भगवान महावीर की प्रतिमा के सामने दीप जलाया गया। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि इस वर्ष परिषद व चंदा रानी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक सराहनीय पहल करते हुए 11 असहाय और विकलांग मरीजों को ट्राई-साइकिल और 7 व्हीलचेयर 2 अप्रैल को वितरित की जाएंगी। शाम 6 बजे विराट कवि सम्मेलन चौक स्थित ''खुन-खुन जी कोठी'' के सामने किया जाएगा। इसमें देश के प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से भगवान महावीर के सिद्धांतों और समसामयिक विषयों पर प्रस्तुति देंगे।



भगवान महावीर की जयंती के उपलक्ष्य में पालकी यात्रा निकालतीं जैन समाज की महिलाएं। अमृत विचार

### आशियाना मंदिर से भी निकाली गई प्रभात फेरी

- **अमृत विचार,लखनऊ :** आशियाना स्थिति श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार को धूमधाम से महावीर जयंती मनाई गई। श्री दिगंबर जैन सेवा समिति आशियाना द्वारा विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। प्रात: काल 'प्रभात फेरी' के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। श्रद्धालु जयकारों के साथ गाते बजाते जैन धर्म की ध्वजा लिए सड़कों पर निकले। मुख्य समारोह में पंडित राजीव जैन शास्त्री के सानिध्य में भगवान महावीर का अभिषेक और शांतिधारा संपन्न हुई। साधर्मी बंधुओं ने सामूहिक आरती एवं श्री महावीर विधान कर विश्व शांति की कामना की। अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि "आज के अशांत युग में भगवान महावीर के सिद्धांत सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर समिति के मंत्री अजय जैन, अखिलेश जैन, शरद कुमार जैन, अंकित जैन, अनूप जैन, आशीष जैन, बृजेश जैन, महिला मंडल की उपाध्यक्ष डॉ. सविता जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# शरणार्थियों और घुसपैठियों में भेद के प्रश्न ने उलझाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शरणार्थियों और घुसपैठियों में भेद कीजिए। शरणार्थियों की सुरक्षा और सहायता के लिए भारत सरकार ने कौन से कदम उठाए हैं। भारत की विदेश नीति में श्रीलंका के भूराजनीतिक महत्व से लेकर सीमा-पार आतंकवाद जैसे प्रश्नों से अभ्यर्थी जूझते रहे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा के दूसरे दिन सामान्य अध्ययन के दो प्रश्नपत्र कराए गए, जिनमें छात्रों को लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर देना था।

अभ्यर्थियों का कहना था कि प्रश्नपत्र अनुमान से अधिक कठिन था, लेकिन गत वर्ष मुख्य परीक्षा दे चुके छात्रों के लिए यह अपेक्षाकृत आसान रहा। दूसरे प्रश्नपत्र में भारत की विदेश नीति के परिप्रेक्ष्य में श्रीलंका के भू-राजनीतिक महत्व का विश्लेषण, सीमा-पार आतंकवाद पर भारत के दीर्घकालिक रुख की पुष्टि करने में 25वें शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 के घोषणा-पत्र के रणनीतिक महत्व का आकलन और भारत की संविधान निर्मात्री सभा को औपनिवेशिक काल की संसदीय गतिविधियों का विधिक परिणाम बताते हुए उसके आलोचनात्मक परीक्षण से जुड़े प्रश्न पूछे गए। इसी तरह जनहित याचिका को सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और हाशिए पर पड़े समुदायों के अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए उदाहरण सहित समझाने को कहा गया, जिससे कई अभ्यर्थियों को गहन विश्लेषण करना पड़ा।



परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्र से बाहर बैठक अभ्यर्थी और अभिभावक।

### अंशुमान, एकलव्य, वंश यादव और ऋषि यादव प्री क्वार्टर फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रथम स्वर्गीय डॉ. केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के अंशुमान सिंह, एकलव्य सिंह, वंश यादव और ऋषि यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इरम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रायोजन में यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन की देखरेख में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित हो रही है।मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में एकलव्य सिंह ने हरियाणा के अर्नत्या ओहल्यान को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। अंशुमान सिंह ने ध्रुव घनघास को 6-3, 6-4 से, वंश यादव ने सौरव यादव को 6-2, 7-5 से और ऋषि यादव ने जॉय दास को 6-1, 6-2 से हराया। हरियाणा के सुनील कुमार ने सातवीं वरीय राजेश्वर रेड्डी को 6-0, 6-3 से और पश्चिम बंगाल के आदित्य कुमार ने अनूप महादेव के रिटायर होने से जीत दर्ज की।अन्य मुकाबलों में शीर्ष वरीय अथर्व शर्मा और दूसरी वरीय सार्थक सूदन ने एकतरफा जीत हासिल की।

### पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के 11 वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों ने संगठन की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाते हुए सामूहिक रूप से अपने पदों एवं सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है।

इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों का कहना है कि वे वर्षों से संगठन के विकास, विस्तार और मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे थे, लेकिन हाल के समय में कुछ व्यक्तियों द्वारा अपनाई जा रही तानाशाहीपूर्ण कार्यप्रणाली और एकतरफा निर्णयों ने संगठन के माहौल को असहज बना दिया है। सामूहिक इस्तीफा देने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री विनोद सिंह, प्रदेश उपमंत्री आरके सिंह, विधि सलाहकार दीपक सिंह सहित किशन सिंह, पवन सिंह तोमर, सुमित महाराज, अनिल सिंह चौहान, दिलीप मौर्या और बबलू मौर्या शामिल हैं।

## सिटी डायरी




कार्यक्रम में पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन व अन्य पदाधिकारी।

### कायस्थ चित्रांश संगठन समन्वयक समिति के अध्यक्ष बने आलोक रंजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कायस्थ चित्रांश संगठन ने पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को समन्वयक समिति का अध्यक्ष चुना। लक्ष्मणपुरी स्थित शांति कुटी में सोमवार को कायस्थ समाज का कार्यक्रम हुआ। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष इंद्रसेन श्रीवास्तव, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के अध्यक्ष संजीव वर्मा, लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव एवं समाजसेवी शेखर श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि आलोक रंजन का अभिनंदन किया। विशेष अतिथि पूर्व आईएएस डीएन लाल रहे। अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमल वर्मा ने की। फाउंडर अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त वीरेंद्र सक्सेना, , स्व. विनोद बिहारी वर्मा, डॉ. रमेश चंद्र श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, संतोष निगम भी रहे।



तिरंगा यात्रा निकालते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### दूसरे दिन निकाली तिरंगा यात्रा

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ में तिरंगा यात्रा अभियान के दूसरे दिन शहर कांग्रेस कमेटी (उत्तरी) के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी के देखरेख में याहियागंज नेताजी सुभाष चंद्र बोस और राजा बाजार वार्ड में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस मौके पर शहर कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और कांग्रेस कार्यकर्ता देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।




पुलिस की पाठशाला में प्रो. सर्वनारायण झा व अन्य ।

### पुलिस की पाठशाला में दी जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में छात्रों को कानून व्यवस्था की जानकारी देने के लिए 'पुलिस की पाठशाला' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बृज नारायण सिंह के विचार रखे। मुख्य अतिथि ए.सी.पी. गोमती नगर बृज नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को पुलिस व्यवस्था, कानून और नागरिक कर्तव्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र, प्रो. देवीप्रसाद द्विवेदी, प्रो. गणेश शंकर मौजूद रहे।




वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### वार्षिकोत्सव मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूरोकिड्स प्रभू एन्क्लेव, जानकीपुरम एक्सटेंशन में वार्षिक उत्सव एवं ग्रेजुएशन डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि लोक एवं शास्त्रीय गायिका मानसी रघुवंशी रहीं। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। निदेशक सौरभ शर्मा एवं सेंटर हेड स्वस्तिका श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया।अंत में बच्चों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, जिससे कार्यक्रम यादगार बन गया।

बैठक

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पदाधिकारियों के साथ तैयारियों पर की चर्चा

# पार्टी के स्थापना दिवस पर सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर महानगर इकाई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे। सोमवार को महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में हलवासिया कोर्ट स्थित कार्यालय पर बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

अवध क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने बताया कि स्थापना दिवस पर 6 से 12 अप्रैल तक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 5 से 7 अप्रैल को महानगर एवं मंडल कार्यालयों पर सजावट की जाएगी और 6 अप्रैल को पार्टी का ध्वज



बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

फहराया जाएगा। इस दौरान पार्टी की विकास यात्रा पर उद्बोधन, मिष्ठान वितरण तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 8 और 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें संगठनात्मक विस्तार, चुनावी सफलता में जनसमर्थन, भाजपा द्वारा भारतीय राजनीति में लाए गए बदलाव, अंत्योदय की अवधारणा तथा विकासोन्मुख राजनीति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी प्रमुखता से रखा जाएगा। 7 से 12 अप्रैल के बीच वार्ड स्तर पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, समाज के बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभार्थियों से जनसंपर्क जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि बैठक में महानगर के कई पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, अभियान संयोजक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### कॉपी मूल्यांकन कार्य 97.09 प्रतिशत पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य मंडल में 97 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। सोमवार को मंडल के नौ मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन शत प्रतिशत पूर्ण हो गया जबकि 14 मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य जारी है। लखनऊ में जीजीआईसी गोमतीनगर, रायबरेली के आरआर वैदिक इंटर कॉलेज, सीतापुर के राजकीय इंटर कॉलेज और राजा रघुवर दयाल इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य सौ प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। लखनऊ मंडल ने सोमवार के दिन 1,12,350 व अबतक कुल 22,36,564 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया पूर्ण कर लिया है। मंडलीय कंट्रोल रूम के नोडल डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मंडल ने आज तक अपने कुल प्राप्त 23,03,493 उत्तर पुस्तिकाओं में से 22,36,564 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समाप्त कर लिया है।

### भाषा विवि और श्रम सेवायोजन के बीच एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा, कौशल विकास तथा भाषा आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाना है। इस साझेदारी के अंतर्गत विश्वविद्यालय और विभाग मिलकर भाषा दक्षता को व्यावसायिक कौशल से जोड़ते हुए युवाओं की रोजगार क्षमता को सुदृढ़ करेंगे। कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की ओर से वित्त अधिकारी संजीव गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

### दो दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम संपन्न हो गया। यह कार्यक्रम डाक विभाग, उत्तर प्रदेश सर्किल के सिस्टम मैनेजर एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव्स के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान कुलपति द्वारा कंसल्टेंसी पॉलिसी में सुधार कर शिक्षकों को शिक्षण एवं शोध के साथ परामर्श परियोजनाओं में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। निदेशक (परामर्श) डॉ. रीतू नारंग ने कहा कि यह प्रशिक्षण लविवि और इंडिया पोस्ट के बीच सहयोग की नई शुरुआत है। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 164 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### प्रवासियों की आंतरिक विविधताओं पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा भारतीय प्रवासी समुदाय का अध्ययन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इसकी प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अर्चना तिवारी ने प्रवासी समुदाय के विभिन्न प्रकारों एवं उनकी आंतरिक विविधताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मल्लिका सक्सेना के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में डॉ. आलोक कुमार, डॉ. सुरभि श्रीवास्तव, डॉ. अमिता शुक्ला और सांकेतिक भाषा अनुवादक रिया सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. रूपेश कुमार सिंह और डॉ. अवधेश कुमार, तथा अन्य शिक्षक, शोधार्थियों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।

### 'अग्रीया फ्यूजन 3.0' का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में फार्मेसी संकाय द्वारा 'अग्रीया फ्यूजन 3.0' फ्रेशर्स पार्टी 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा उन्हें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सरोज पाण्डे, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नागरिया, फार्मेसी संकाय प्रमुख प्रो. आकाश वेद तथा सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। संकाय प्रमुख प्रोफेसर आकाश वेद ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों ने फार्मेसी पाठ्यक्रम को अपनाकर स्वयं को राष्ट्र सेवा के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र से जोड़ लिया है।

# एलएसजी के धुरंधर तैयार, पंत-पूरन के प्रदर्शन पर निगाहें

## अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आईपीएल में कल आमने-सामने होंगी एलएसजी और दिल्ली की टीमें, टीम प्रबंधन को धुरंधरों से उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अभ्यास करते हुए एलएसजी के खिलाड़ी। अमृत विचार



अभ्यास करते हुए दिल्ली के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बल्लेबाज एक बार फिर आक्रामक अंदाज में मैदान पर उतरने को तैयार हैं। टीम प्रबंधन को अपने स्टार बल्लेबाजों से इस बार बेहतर और निर्णायक प्रदर्शन की उम्मीद है। टीम की कमान संभाल रहे ऋषभ पंत पिछले सीजन में उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके थे। उन्होंने 14 मैचों में 269 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 118 रहा। हालांकि, इस बार पंत बेहतर फॉर्म में लौटकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने के इरादे से उतरेंगे।

वहीं, निकोलस पूरन एलएसजी की बल्लेबाजी के सबसे बड़े हथियार साबित हो सकते हैं। पिछले सीजन में उन्होंने 14 मैचों में 524 रन बनाए थे। उनका 196.25 का स्ट्राइक रेट और 40 छक्के दर्शाते हैं कि वे डेथ ओवरों में कितना बड़ा असर डाल सकते हैं। पंत और पूरन की जोड़ी विपक्षी गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती बनने वाली है।

मध्यक्रम में एडन मार्करम और मिचेल मार्श टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। मार्करम ने 13 मैचों में 445 रन बनाकर स्थिरता दिखाई थी, जबकि मार्श ने 627 रन ठोककर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी का परिचय दिया। 163.71 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करने वाले मार्श पावरप्ले में ही मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

इसके अलावा युवा बल्लेबाज आयुष बदोनी भी टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 329 रन बनाकर खुद को एक भरोसेमंद फिनिशर के रूप में स्थापित किया था। एलएसजी की बल्लेबाजी लाइनअप अनुभव और आक्रामकता का मजबूत मिश्रण है। यदि ये सभी खिलाड़ी फॉर्म में रहे, तो टीम किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने का दम रखती है। अब देखना होगा कि यह दमदार बल्लेबाजी इकाई मैदान पर किस हद तक अपना जलवा बिखेर पाती है।

### मुकाबले से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर किया अभ्यास

- आईपीएल के नए सत्र का रोमांच चरम पर पहुंचने वाला है। एक अप्रैल को इकाना स्टेडियम में होने वाले मुकाबले से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को जमकर अभ्यास किया। अभ्यास सत्र में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और लय का प्रदर्शन किया। खास बात यह है कि दोनों टीमों में उत्तर प्रदेश के कई खिलाड़ी शामिल हैं, जिससे मुकाबला और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। लखनऊ की ओर से स्थानीय तेज गेंदबाज नमन तिवारी अपनी गति से प्रभावित करने को तैयार हैं, वहीं दिल्ली के खेमे में कुलदीप यादव, विप्रज निगम और समीर रिजवी जैसे खिलाड़ी घरेलू मैदान पर चमक बिखेरने को बेताब हैं। एलएसजी के अभ्यास सत्र में एडन मार्करम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने नेट्स पर लंबी बल्लेबाजी की। कप्तान ऋषभ पंत भी शानदार लय में नजर आए और उन्होंने चारों दिशाओं में आकर्षक शॉट्स लगाए। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी ने युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के साथ मिलकर रणनीति पर काम किया। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की कमान संभाल रहे अक्षर पटेल की रणनीति पर सबकी निगाहें टिकी हैं। मुकाबले का एक बड़ा आकर्षण केएल राहुल रहेंगे, जो लखनऊ का साथ छोड़ अब दिल्ली की जर्सी में नजर आएंगे। उनके अलावा डेविड मिलर ने भी नेट्स पर लंबा अभ्यास किया। गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी और मिचेल मार्श ने प्रभावशाली प्रदर्शन कर टीम प्रबंधन को संतुष्ट किया। घरेलू मैदान पर दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कड़ा होने की पूरी संभावना है, जहां स्थानीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन मैच का रुख तय कर सकता है।

# इकाना इलाके में कल बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईपीएल में एलएसजी और दिल्ली के बीच मैच होने के चलते किया गया बदलाव
- निजी व छोटी टैक्सी को शहीदपथ पर रहेगी आने-जाने की अनुमति

**अमृत विचार:** अटल बिहारी वजपेयी इकाना स्टेडियम में बुधवार को आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली के बीच मैच खेला जाएगा। इसे देखते हुए इकाना स्टेडियम व आसपास के इलाके में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। डीसीपी यातायात रवीना त्यागी ने बताया कि बुधवार को भारी, बड़े वाहन का डायवर्जन व नो-इंट्री का समय रात 11 बजे से न होकर मैच की समाप्ति के बाद यातायात सामान होने पर शुरू होगा। मैच के दौरान शहीद पथ पर सिर्फ निजी वाहन और छोटी टैक्सी को आने-जाने की अनुमति रहेगी। वैकल्पिक मार्ग के अभाव में प्रतिबंधित मार्ग पर भी एंबुलेंस स्कूली वाहन, फायर सर्विस, शव वाहन आदि को ट्रैफिक पुलिस/स्थानीय पुलिस द्वारा वीआईपी कार्यक्रम के दौरान अनुमन्य रहेगा। इसके लिए ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर-9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

**रोडवेज बसें/निजी बसें व्यवसायिक वाहन:** शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज व अन्य सभी बसें व व्यवसायिक वाहन (छोटे बड़े) प्रतिबन्धित रहेगी। अन्य वैकल्पिक मार्ग खुले होंगे, जिनका प्रयोग कर सकेंगे। निजी वाहनो एवं किराये की टैक्सी/कार आदि पर रोक नहीं होगी। सुल्तानपुर रोड पर उपरोक्त वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे एवं अर्जुनगंज कैण्ट की तरफ से आ रहे वाहन कटाई पुल से। रोडवेज की तरफ से निर्गत डायवर्जन प्लान प्राईवेट बसें भी सख्ती से पालन करेंगे।

**सिटी बसें:** मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया एवं सुशान्त गोल्फ सिटी के मध्य नही रूकेंगी एवं सड़क की दाईं ओर चलेंगी।

**आटो/ई-रिक्शा:** ई-रिक्शा शहीद पथ पर प्रतिबन्धित है। ई-रिक्शा सर्विस रोड पर भी मैच के दिन प्रतिबन्धित रहेगा। इसी प्रकार आटो भी शहीद पथ पर प्रतिबन्धित रहेंगे।

अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली ई-रिक्शा/ऑटों अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुये जी-20 तिराहें से गोमतीनगर की तरफ जायेंगे। इसी प्रकार सुल्तानपुर रोड़ से आने वाले आटो/ई-रिक्शा बायें मुड़कर लूलू मॉल की तरफ जाकर सवारी उतारेंगे। किसी भी दशा में अहिमामऊ से 500 मी0 की परिधि में सवारी न उतारेंगे न बैठायेंगे।

**ओला/ऊबर व अन्य किरायें के वाहन:** सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर सवारी न बैठायेंगे और न ही सवारी उतारेंगे।

एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली वाहन अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुए जी-20 तिराहे से गोमतीनगर के तरफ जायेंगे।

**निजी वाहन की पार्किंग:** जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास होगा वह अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियों होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।

### मैच के दौरान रात 12:30 बजे तक चलेगी मेट्रो

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों के दौरान दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) ने विशेष कदम उठाए हैं। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने बताया कि आईपीएल मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होते हैं, इसलिए मैच खत्म होने के बाद भी मेट्रो रात 12:30 बजे तक चलेगी, ताकि दर्शकों को देर रात घर लौटने में असुविधा न हो। यात्रियों की सुविधा के लिए इंदिरा नगर मेट्रो स्टेशन और ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से इकाना स्टेडियम तक फीडर बस सेवाएं भी चलाई जाएंगी। इन बसों का संचालन दोपहर 3 बजे से शुरू होगा और हर 15 मिनट में इकाना स्टेडियम के लिए बस उपलब्ध होगी। मैच समाप्त होने के बाद भी इकाना स्टेडियम से मेट्रो स्टेशनों तक बस सेवा जारी रहेगी।

### बस सेवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम (इकाना) में आयोजित आईपीएल मैचों के दौरान सुविधा के लिए विभिन्न मार्गों पर बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

**अवध बस स्टेशन** – स्कूटर इंडिया वाया ट्रांसपोर्ट नगर, उतरेठिया अहिमामऊ, कमता, किसान पथ, ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन, कमता, किसान पथ, ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन– प्रत्येक 15 मिनट के अंतराल पर

**राजाजीपुर बस स्टेशन** – चकहार, इंदिरा नगर मेट्रो स्टेशन–प्रत्येक 30 मिनट के अंतराल पर, दुबग्गा से पुरसेनी वाया अवध चौराहा आलमबाग, बंगला बाजार, आलमबाग नहर चौराहा निकट सिंगार नगर मेट्रो स्टेश–प्रत्येक 30 मिनट के अंतराल पर

जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास उपलब्ध नही है वह भी अहिमामऊ से एचसीएल होकर जायेंगे। उनमें से पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियों मॉल में पार्किंग दिया जायेगा। प्लासियों मॉल की पार्किंग भर जाने के पश्चात वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग होगी।

**दो पहिया वाहन:** समस्त दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुये प्लासियों माल के पीछे वाहन पार्क करेंगें।

**पार्किंग के इंतजाम :** वीवीआईपी/वीआईपी के साथ आने वाले स्कोर्ट स्टेडियम से वापस होकर मॉल अथवा पीएचक्यू के पीछे वाली सड़कों पर वाहन पार्क करेंगे। स्टेडियम के पास किसी भी दशा में वाहन पार्क न किया जाय।

वाहनों का प्लासियों मॉल के सामने या स्टेडियम के सामने ईधर-ऊधर अवैध पार्किंग करने पर टोईंग एवं क्लैम्प लगाने की कार्यवाही की जायेगी। टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप सहित प्रदर्शित होगा।

सुरक्षाकर्मी जो विशिष्ट अथवा अतिविशिष्ट दर्शकों के साथ आयेंगे, उन्हें अन्दर जाने की अनुमति नही होगी। पार्किंग क्षेत्र स्थापित रहेंगें। मात्र टिकट धारक ही विभिन्न प्रकार के स्टैण्ड में प्रवेश करेंगे।

मैच प्रारम्भ होने के 3 घण्टे पूर्व प्रवेश दिया जायेगा। अंतिम प्रवेश दूसरी पारी के मध्य तक दिया जायेगा, फिर प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा। स्टेडियम में दुबारा प्रवेश अनुमन्य नहीं है अर्थात मैच छोड़कर बाहर निकल जाने पर दोबार स्टेडियम में प्रवेश नही मिलेगा।

पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एण्ड ड्राप स्टैण्ड होगा, जहाँ निजी वाहन, ऑटो रिक्शा सवारी उतार सकेंगे, बैठा सकेंगे।

कोई भी व्यक्ति बिना ड्यूटी कार्ड या टिकट के स्टेडियम के अन्दर प्रवेश नही करेगा, पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी एवं अनाधिकृत प्रवेश दण्डनीय अपराध होगा।

सिक्का, ईयरफोन, ज्वलनशील पदार्थ आदि आईसीसी/वीसीसीआई के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबन्धित है।

स्टेडियम के आस पास रहने वाले लोगों से अपील है कि मैच देखने के लिये स्टेडियम की तरफ जायें अन्यथा अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। दर्शकों से अपील है कि 19:30 बजे से प्रारम्भ हो रहे मैच के लिये 18:00 बजे से 20:00 बजे तक का पीक आवर से बचते हुये उसके पूर्व अथवा बाद में आने का प्रयास करें।

### शहीद पथ का प्रयोग करने से बचें

- डीसीपी यातायात रवीना त्यागी ने बताया कि मैच के कारण शहीदपथ पर 14:00 से 21:00 के मध्य वाहनों का दवाब रहनें की सम्भावना है अतः दर्शकों के अतिरिक्त कानपुर नगर, एक्सप्रेस–वे, बाराबिरवा, अमौसी की ओर जानें वाले समस्त वाहन चालक असुविधा से बचनें के लिये कृपया शहीदपथ का प्रयोग करनें से बचें तथा वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। साथ ही इकाना स्टेडियम के पार्किंग में जानें वाले बड़े वाहन/बस/ कामर्शियल वाहन को अहिमामऊ चौराहा से होकर जाना पड़ेगा तथा इकाना स्टेडियम के आवागमन के लिये यातायात दवाब से बचनें के लिये शहीदपथ के स्थान पर अर्जुनगंज/कैंट मार्ग का भी प्रयोग कर सकते है।

### यहां रहेगी रोक

- कमता शहीद पथ तिराहा अयोध्या रोड से कमता तिराहे से शहीद पथ होकर सुल्तानपुर रोड/रायबरेली रोड/कानपुर रोड की तरफ रोक रहेगी।
- शहीद पथ कानपुर रोड तिराहा से शहीद पथ होकर सुल्तानपुर रोड/रायबरेली रोड/अयोध्या रोड की तरफ रोक रहेगी।
- गोसाईगंज कस्बा तिराहा सुल्तानपुर रोड से बड़े वाहन/बस/कामर्शियल वाहन गोसाईगंज कस्बा तिराहा अथवा अमूल डेरी कटिंग से अहिमामऊ की तरफ रोक।
- उतरेठिया अण्डरपास चौराहा रायबरेली रोड/कैण्ट रोड से बड़े वाहन/बस/कामर्शियल वाहन उतरेठिया अण्डरपास चौराहा से शहीद पथ पर चढ़कर अहिमामऊ चौराहा/कमता तिराहा अयोध्या रोड की तरफ रोक रहेगी।
- हुसड़िया अण्डरपास चौराहा की तरफ से अहिमामऊ चौराहा/शहीद पथ कानपुर रोड तिराहा की तरफ रोक रहेगी।
- लालबत्ती चौराहा की तरफ से बड़े वाहन/बस /कामर्शियल वाहन अहिमामऊ चौराहा/सुल्तानपुर रोड/रायबरेली रोड /कानपुर रोड की तरफ रोक रहेगी।
- सुल्तानपुर रोड की तरफ से अमूल तिराहा से अहिमामऊ चौराहा की तरफ रोक रहेगी।
- सुल्तापुर रोड से पुलिस मुख्यालय की तरफ से एचसीएल तिराहे से प्लासियो तिराहे से पुलिस मुख्यालय की तरफ रोक रहेगी।
- कमता शहीद पथ तिराहा से कानपुर की तरफ जाने वाले अहिमामऊ रैम्प से नही उतर सकेगा।
- कमता शहीद पथ तिराहा से अहिमामऊ चौराहे पर यू–टर्न लेकर कैण्ट/पुलिस मुख्यालय/गोमतीनगर की तरफ जाने पर रोक रहेगी।
- अहिमामऊ चौराहे से प्लासियो की तरफ यातायात पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।
- सुल्तानपुर मार्ग से आने व जाने वाले बड़े वाहन/बस/कामर्शियल वाहन सुल्तानपुर रोड से अहिमामऊ अथवा अहिमामऊ चौराहे से सुल्तानपुर रोड की तरफ रोक रहेगा।

### यहां से जा सकेंगे

- वाहन कमता तिराहा/इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहा/समतामूलक चौराहा/लालबत्ती चौराहा/करियप्पा चौराहा/तेलीबाग चौराहा/बाराबिरवा चौराहा अथवा इन्दिरा नहर चौराहा से होते हुये किसान पथ होकर जा सकेगें।
- वाहन बाराबिरवा चौराहा/बंगलाबाजार चौराहा/तेलीबाग चौराहा/करियप्पा चौराहा/लालबत्ती चौराहा/1090 चौराहा अथवा दरोगाखेड़ा किसान पथ होकर जा सकेगें।
- वाहन अमूल डेरी कटिंग से बांये वृन्दावन योजना अथवा कबीरपुर किसान पथ होकर जा सकेगें।
- वाहन तेलीबाग चौराहा/बाराबिरवा चौराहा/करियप्पा चौराहा अथवा हरीकंशगढ़ी किसान पथ होकर जा सकेंगे।
- वाहन शहर क्षेत्र से होकर 1090 चौराहा होते हुये जा सकेंगे।
- वाहन लालबत्ती चौराहा से करियप्पा चौराहा, तेलीबाग अथवा बंगलाबाजार चौराहा, बाराबिरवा चौराहा होकर जा सकेंगे।
- वाहन अमूल तिराहे से ही डायवर्ट किया जायेगा जो लूलू मॉल कटिंग से शहीद पथ पर होकर जा सकेंगे।
- वाहन अहिमामऊ चौराहे से दाहिनी तरफ टर्न लेकर जा सकेंगे।
- वाहन शहीद पथ पर सीधा जा सकेंगे।
- वाहन शहीद पथ पर सीधा जाकर मेदान्ता हास्पिटल से यू–टर्न लेकर जायेगा। साथ ही शहीद पथ पर अहिमामऊ चौराहे पर समय 14:00 बजे से रात्रि में मैच समाप्ति तक यू–टर्न प्रतिबन्धित रहेगा एवं अहिमामऊ रैम्प से उतरकर मात्र बांयी ओर जाना ही अनुमन्य होगा।
- वाहन अहिमामऊ चौराहा से एचसीएल तिराहा से संस्कृत तिराहा से ओवरहेड गोल चक्कर चौराहा होते जा सकेंगे।



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी।

## व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा सीएमएस : नंदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में बोलते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री, औद्योगिक विकास नंद गोपाल नंदी ने कहा कि सीएमएस व्यक्तिनिर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है। डॉ. जगदीश गांधी को श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए नंदी ने कहा कि गांधी के दूरदर्शी विचारों के कारण ही छात्र आज विश्व भर में उच्च पदों पर आसीन होकर समाज की सराहनीय सेवा कर रहे हैं। प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि शिक्षा पद्धति में नवीनता व रचनात्मकता को अपनाया गया है, जिससे भावी पीढ़ी आधुनिक विश्व समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। इस अवसर पर छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों इन्द्रधनुषी छटा बिखेर कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्रों को खासतौर पर पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया।

## चुनाव प्रबंधन व लोकतंत्र पर तीन अकादमिक पहल की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय चुनाव आयोग और इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट ने लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में तीन शैक्षणिक पहलों की शुरुआत की है। इस संबंध में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और संबद्ध संस्थानों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन पहलों का उद्देश्य लोकतंत्र को सर्वसमावेशी, शांतिपूर्ण और धारणीय बनाना है, जिसमें छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। पहली पहल के तहत 18 व 19 जून को नई दिल्ली स्थित संस्थान परिसर में अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कॉन्फ्रेंस आयोजित होगी, जिसके लिए फैकल्टी और शोधार्थियों से शोध सिनॉप्सिस आमंत्रित किए गए हैं। यह सम्मेलन लोकतांत्रिक शासन और चुनाव प्रबंधन से जुड़े समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श का मंच देगा।

आयोजन — राजस्थान स्थापना दिवस पर संस्कृति की दिखी झलक

## एरा यूनिवर्सिटी में पधारो म्हारे देश की गूंज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्र-छात्राओं ने राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा

**अमृत विचार :** पधारो म्हारे देश की आत्मीय पुकार सोमवार को एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के मिनी ऑडीटोरियम में सजीव हो उठी, जब राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों के मन में राजस्थान की सुनहरी रेत, रंग-बिरंगे परिधान, भव्य महल और लोक संस्कृति की मधुर छवियां तैरने लगीं।

राज्यपाल के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में मेडिकल छात्र-छात्राओं ने राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उनकी प्रस्तुतियों पर पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध व्यंजन जैसे दाल-बाटी चूरमा और गट्टे की सब्जी का स्वाद भी लोगों ने चखा, जिससे सांस्कृतिक अनुभव और भी समृद्ध हो गया।

पोस्टर प्रदर्शनी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही, जिसमें राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत, किले और महलों को दर्शाया गया। यह प्रदर्शनी राज्य के गौरवशाली इतिहास की झलक प्रस्तुत कर रही थी। साथ ही, पारंपरिक व्यंजनों की विशेषता को दर्शाता एक नाट्य मंचन भी किया गया, जिसने दर्शकों को खूब प्रभावित किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डीन नर्सिंग डॉ. अशोक कुमार विश्नोई और एरा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अब्बास अली महदी ने किया। इस अवसर पर डॉ. महदी ने कहा कि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के साथ-साथ शौर्य, समृद्ध संस्कृति और पर्यटन के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है तथा देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

### इन्हें मिला पुरस्कार

- स्किट कंपटीशन में प्रथम पुरस्कार पाने वाली टीम में फरहा अहमद, कशिश अंसारी, असरा इकबाल, कुलसुम रिजवी, फलक, आदर्श चौरसिया, आर्या गुप्ता, प्रतीक्षा कौशल, राहिला और तहसीन जेहरा का नाम शामिल रहा। दूसरा पुरस्कार पाने वाली टीम में नबील अहमद, अदलीब फातिमा, याशमीन, सैय्यद सामीन जेहरा, शिवांसी सोनी और मोहम्मद उस्मान खान और तीसरा पुरस्कार जिस टीम को दिया गया।

## एलसीए ने अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर लखीमपुर को हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय स्वदेशी खेल एसोसिएशन की देखरेख में बंधा रोड स्थित चौक ग्राउंड पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में लखनऊ क्रिकेट अकादमी (एलसीए) ने लखीमपुर को अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखीमपुर की टीम 16.4 ओवर में 120 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अर्पित गौड़ ने 39 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। मैच का रोमांच आखिरी ओवर तक बना रहा। अंत में लबीब रजा ने 13 गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए और अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर टीम को यादगार जीत दिला दी। लखीमपुर की ओर से अक्षत और अविरल ने दो-दो विकेट लिए। मैच के बाद पुरस्कार वितरण पूर्व आईएएस अजय दीप सिंह ने किया। नूरुल को मैन ऑफ द मैच, लबीब रजा को बेस्ट ऑलराउंडर, अर्पित गौड़ को बेस्ट बॉलर और हर्षित गौड़ को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार दिया गया।